संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 08 जनवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 08 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात




"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

# दिल्ली में चुनावी शंखनाद, 05 फरवरी को वोटिंग

● 5 फरवरी को मतदान, 8 को मतगणना, उप्र की मिल्कीपुर, तमिलनाडु की इरोड सीट पर उपचुनाव की भी घोषणा




### बज गया बिगुल

▶▶ दिल्ली विधानसभा चुनाव- सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग, डेढ़ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए

**टीम एक्शव इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। दिल्ली में चुनाव एक ही चरण में होगा, जिसके तहत 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही दिल्ली में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर और तमिलनाडु के इरोड विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। इन दोनों सीटों पर मतदान और मतगणना दिल्ली चुनाव के साथ ही होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में बर्फीले मौसम के कारण उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों के साथ मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनावों का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना 10 जनवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 17 जनवरी होगी। नामांकन की जांच की तिथि 18 जनवरी रहेगी। 20 जनवरी तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकेगी। 05 फरवरी को मतदान होगा और मतगणना 8 फरवरी को होगी। उन्होंने तकनीकी पक्ष की चर्चा करते हुए कहा कि 10 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो जानी चाहिए। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1261 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इनमें 18-19 आयु वर्ग 52,554 मतदाता जोड़े गए हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। 70 मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित होंगे। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से 58 सामान्य और 12 आरक्षित हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा में बर्फीले मौसम के कारण उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे।

## दिल्ली में 2.08 लाख मतदाता पहली बार वोट करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में 70 विधानसभा सीटें पर चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। दिल्ली में एक चरण में विधानसभा चुनाव होंगे। पांच फरवरी को मतदान होगा। जबकि आठ फरवरी को मतगणना होगी। विपक्ष द्वारा लगातार विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में हेरफेर करने के आरोपों और ईवीएम पर उठाए गए सवालों पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सभी आरोप निराधार हैं। हमेशा सूची में कुछ नामों को जोड़ा जाता है और कुछ को हटाया जाता है। वोटर हटाने पर पूरी प्रक्रिया का पालन होता है। राजनीतिक दलों की सहमति से ही वोटर लिस्ट अपडेट होती है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, "हर गांव में हर पोलिंग स्टेशन पर जो भी ड्राफ्ट रोल है उसकी कॉपी पब्लिश की जाती है। बिना पर्सनल हेयरिंग के नाम नहीं कट सकता है। दो फीसदी से अधिक के नाम कटने से एआरओ और आरओ जाकर खुद चेक करते हैं।" मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईवीएम पर बोलते हुए कहा, "ईवीएम पर सब जवाब होने के बाद भी कहा गया कि इसे मैनिपुलेट किया जा सकता है। वोटर टर्नआउट 5 बजे के बाद बढ़ जाता है। कई इलाकों में वोटर बढ़ गए। राजीव कुमार ने कहा कि काउंटिंक में मिसमैच हो गया, कहीं कम गिन लिए, कहीं ज्यादा गिन लिए गए। सभी सवालों का जवाब आज देंगे।" चुनाव आयुक्त ने कहा, "चुनाव से पहले नई बैटरी डाली जाती है। उसी दिन उसे सील की जाती है। जिस दिन पोलिंग डे होता है उस दिन सील पोलिंग एजेंट के सामने तोड़ी जाती है। मॉक पोल किया जाता है। पोलिंग एजेंट रिकॉर्ड रखते हैं, कौन आया कौन गया।

## यहां करें एमसीसी उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज

**चुनाव** आयोग ने बताया कि इस बार का चुनाव टेकपावर्ड होगा। शिकायत के लिए सीविजिल होगा। इसके जरिए एमसीसी उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज करें। वहीं सुविधा पोर्टल पर राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को अभियान संबंधी अनुमति के लिए सुविधा प्रदान की गई है।

**बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधा:** चुनाव में 85 साल से ज्यादा आयु वाले और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान की सुविधा होगी। मतदान केंद्रों पर स्वयंसेवक, व्हीलचेयर और रैंप होगी। वोटर हेल्पाइन एप से चुनावी जानकारी की खोज को आसान होगा।

**गर्भवती महिलाओं के लिए लगेगी कतारों में बेंच:** बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए कतारों में बेंच लगी होगी। इस बार 13,000 से ज्यादा मतदान केंद्र होंगे और 100 फीसदी वेबकास्टिंग होगी।

**दिल्ली में 1.55 करोड़ से ज्यादा मतदाता** पंजीकृत हैं। कोई भी पात्र नागरिक जो अभी तक पंजीकृत नहीं है, वह नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक पंजीकरण करा सकता है।

**दिल्ली में इस तरह है चुनाव कार्यक्रम**
चुनाव की अधिसूचना- 10 जनवरी
नामांकन की आखिरी तारीख- 17 जनवरी
नामांकन पत्रों की जांच- 18 जनवरी
नाम वापसी का अंतिम दिन- 20 जनवरी
मतदान की तारीख- 5 फरवरी
मतगणना की तारीख- 8 फरवरी

## मजदूरों को बचाने के लिए कोयला खदान में उतरेंगे नौसेना के गोताखोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी:** असम के पास दीमा हसाओ जिले में हुई एक कोयला खदान दुर्घटना के बाद भारतीय सेना ने तत्परता दिखाते हुए मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान शुरू किया है।

**300 फीट गहरे खदान में पानी भरा**
बता दें, घटना जिले के उमरंगसो के तीन किलो क्षेत्र में मौजूद असम कोयला खदान में हुई है। सोमवार को 300 फीट गहरे खदान में अचानक पानी भर गया। इससे यहां करीब 15 से 20 मजदूर फंस गए।

**सेना ने किया बचाव अभियान शुरूआत**
भारतीय सेना और स्थानीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने त्वरित और प्रभावी तरीके से बचाव कामों की शुरूआत की है, जिससे प्रभावित परिवारों में उम्मीद की किरण जगी है। सेना के राहत दल लगातार काम कर रहे हैं और जल्द ही खनिकों को सुरक्षित बाहर निकालने की उम्मीद जताई जा रही है।

## 2024 में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी



### सड़क सुरक्षा

▶▶ वर्ष 2023 की तुलना में हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 6.48 प्रतिशत की कमी आई है

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के प्रति राज्य सरकार के ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 के दौरान राज्य में सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2023 की तुलना में हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 6.48 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2024 में 2107 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि वर्ष 2023 में 2253 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु की दर में भी कमी हुई गई। विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2024 में 806 लोगों, जबकि वर्ष 2023 में 892 लोगों की मृत्यु हुई। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की संख्या भी वर्ष 2023 में 3449 से घटकर वर्ष 2024 में 3290 हो गई। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और इनसे होने वाली आकस्मिक मृत्य दर में कमी सरकार, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने बहुमूल्य जीवन बचाने के लिए अनेक पहल की हैं। राज्य सरकार ने जिम्मेदार ड्राइविंग, सड़क के बुनियादी ढांचे में सुधार और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किए हैं।

## आमरण अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर की अचानक बिगड़ी तबीयत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में दो जनवरी से आमरण अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर की मंगलवार सुबह तबीयत अचानक बिगड़ गई है। पटना के मेदांता अस्पताल के डाक्टरों की टीम पीके के स्वास्थ्य का जांच करने शेखपुरा हाउस पहुंची। हालत देखकर डॉक्टरों की टीम ने अस्पताल ले जाने का सुझाव दिया। इसके बाद उनके समर्थकों ने उन्हें एंबुलेंस में लेकर मेदांता अस्पताल गई। यहां उनका इलाज जारी है। प्रशांत किशोर के समर्थकों का कहना है कि मंगलवार सुबह 10 बजे तक लोगों से बातचीत कर रहे थे। कुछ देर बाद



मुख्यमंत्री ने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी से की भेंट।

## सपा ने संभल हिंसा की रिपोर्ट रखी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई और मासूम लोगों पर अत्याचार किया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा दरार वादी पार्टी है। इन



लोगों का इंसानों के जीवन से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा हृदयहीन पार्टी है।

इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया।

## संस्थान का क्या फायदा, काम करने वाले लोग ही नहीं: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों में रिक्तियों पर नकारात्मक रुख अपनाया और केंद्र को तत्काल पदों को भरने का निर्देश दिया। सीआईसी में सूचना आयुक्तों के शीघ्र चयन के लिए कहते हुए जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र से कहा, 'इन पदों को जल्द से जल्द भरने की जरूरत है, अन्यथा संस्थान होने का क्या फायदा, अगर हमारे पास काम करने वाले



लोग ही नहीं हैं'

**पीठ ने की उम्मीदवारों की नियुक्तियों की आलोचना**
पीठ ने सीआईसी और एसआईसी में केवल एक विशेष श्रेणी के उम्मीदवारों की नियुक्तियों की आलोचना की और इन आयोगों में नौकरशाहों की मौजूदगी पर न्यायिक टिप्पणी करने पर विचार किया, न कि सभी क्षेत्रों के लोगों की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, 'हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान ले सकते हैं कि पूरे आयोग में केवल एक ही श्रेणी के लोग काम करते हैं। केवल नौकरशाहों की ही नियुक्ति क्यों की जाए और कई क्षेत्रों के लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जाए।

### टिप्पणी

▶▶ केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों में रिक्तियों पर नकारात्मक रुख अपनाया

## अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर सरकार ने जताया अनुमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मंगलवार को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर से जुड़ा अपना पहला अग्रिम अनुमान जारी किया। एएसओ के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास दर 6.4 प्रतिशत रह सकती है। एनएसओ की ओर से वृद्धि दर का जताया गया अनुमान पिछले वित्त वर्ष की वृद्धि दर की तुलना में काफी कम है। पिछले वित्तीय वर्ष में देश की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी। यह अनुमान मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के हालिया अनुमान 6.6 प्रतिशत से कम है। 2024-25 के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए, एनएसओ ने कहा, "वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी के अनंतिम अनुमान (पीई) में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर रहने की बात कही है।

### साधा निशाना

व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्था की सेहत खराब है। लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है

## क्यों खराब है प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्था की सेहत: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला/चमन शर्मा**
शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्था की सेहत खराब है। लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। लोगों को स्टंट नहीं डल रहे हैं, सर्जरी के समान और बाकी जरूरी चीजें अस्पताल नहीं दे पा रहा है। जो सुविधाएं पूर्व सरकार में तत्काल और निःशुल्क मिल रहे रही थी , आज उसके लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है। लोग बिना इलाज के घर जा रहे हैं या मजबूरी में अपनी गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं। यह सिर्फ सरकार की लापरवाही की वजह से हो रहा है।



बाकी अस्पतालों को छोड़िए आईजीएमसी जैसे अस्पताल खुद बीमार हैं। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर इस तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं हैं। राजधानी में स्थित इंदिरा गाँधी मेडिकल कॉलेज में भी सरकार छोटी से छोटी दवाइयां भी उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। इसके बाद प्रदेश के मुखिया बड़े-बड़े मंचों से खड़े होकर कहते हैं की हमने तो स्वास्थ्य व्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कर दी है। ऐसी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था प्रदेश को नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री इस बात को समझें की बड़ी-बड़ी बातों से बीमारियों के इलाज नहीं होते हैं उसके लिए दवा, डॉक्टर, टेक्नीशियन, और इक्विपमेंट की जरूरत होती है। सरकार को लोगों के जीवन से खिलवाड़ करना बंद करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि छोटे-मोटे ऑपरेशन के लिए आए मरीज बिना ऑपरेशन के ही घर भेज दिए जाते हैं। सामान्य से सामान्य जांचों की किट और रूटीन में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां भी आईजीएमसी में उपलब्ध नहीं रहती है। प्रदेश में लोगो के इलाज के लिए पूर्व सरकार द्वारा जो भी विश्वस्तरीय प्रयास किए गए थे उसे मुख्यमंत्री ने एक झटके में ही तबाह कर दिया है। आज आईजीएमसी जैसे संस्थानों में अगर बेहद संवेदनशील माने जाने वाले अस्पतालों के ऐसे हाल हैं तो प्रदेश का क्या हाल होगा।

### उठाए सवाल

▶▶ आईजीएमसी में क्यों नहीं पड़ रहे स्टंट, क्यों नहीं मिल रहा सर्जरी का सामान: जयराम ठाकुर

**हिमाचल में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार**
जयराम ठाकुर ने कहा कि रेलवे के जम्मू डिवीजन बनने से हिमाचल प्रदेश की रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इससे पठानकोट से जोगिन्दर नगर ब्लॉक को फायदा मिलेगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री समेत समस्त केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया।

हिमाचल प्रदेश में भी रेलवे के विस्तारीकरण को केंद्र सरकार द्वारा प्राथमिकता से किया जा रहा है। हर साल के बजट में हिमाचल के रेलवे के विस्तारीकरण के पर्याप्त धन उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में गौ सेवा सम्मान समारोह में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़:**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में गोवंश के संरक्षण की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए यह निर्णय लिया है कि प्रदेशभर में गौ-चरान की जितनी भूमि है, उसे चिह्नित किया जाएगा और इस भूमि को जो पंचायतें ठेके पर देती हैं, अब उस पैसे का उपयोग गौशालाओं की गतिविधियों के लिए प्रयोग किया जाएगा। इसके अलावा, अधिकारियों को भी एक रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत गौ-चरान की भूमि को गौशालाओं की इच्छा




अनुसार चारा उगाने के लिए भूमि आवंटित की जा सकेगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को जिला पंचकूला में आयोजित गौ सेवा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह के दौरान, मुख्यमंत्री ने गौशालाओं के लिए 216.25 करोड़ रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर बनने वाली गौशाला संचालकों को भी सम्मानित किया।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जावेद उर्फ गब्बर**, पुत्र : वाहिद अली, पता: मकान नं. ई–2890, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 00166/2019 U/S 379 / 411 / 34 IPC, थाना: बवाना, बाहरी उत्तर दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ गब्बर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ गब्बर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 00166/2019 U/S 379 / 411 / 34 IPC, थाना: बवाना, बाहरी उत्तर दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ गब्बर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
महानगर दंडाधिकारी–05 (उत्तर)
कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/241/ON/2025
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

### सूचना
### बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (BDU)

उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल, गर्व के साथ **बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (BDU)** की स्थापना की घोषणा करता है, जो माल परिवहन समाधान को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**हमें क्यों चुनें?**

- **किफायती परिवहन:** सड़क परिवहन की तुलना में सस्ते और प्रतिस्पर्धात्मक माल भाड़ा दरों का लाभ उठाएं।
- **आकर्षक योजनाएं:** आपके व्यवसाय की जरूरतों के अनुसार लचीले माल भाड़ा समाधान और छूट प्राप्त करें।
- **सुव्यवस्थित माल प्रबंधन:** विभिनन प्रकार के माल का सुगम और कुशल प्रबंधन।

उत्तर रेलवे के साथ सहयोग करें और अपने व्यवसाय के लिए तेज़, सुरक्षित और अधिक किफायती परिवहन समाधान प्राप्त करें।

अधिक जानकारी के लिए या बैठक निर्धारित करने हेतु संपर्क करें:

**वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (Sr. DOM); वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट सेवाएं (Sr. DCM/FS); मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल; वेबसाइट https://www.fois.indianrail.gov.in/RailSAHAY/ मो.: 9729539980; ई–मेल: freightsumbnr@gmail.com**

**भारतीय रेलवे फ्रेट सेवा–तकनीकी और नवाचार के साथ सप्लाई चेन का रूपांतरण...**

76/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया प्रकाश पर्व



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

पानीपत जिले के समालखा में शहर के मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा साहिब मंगलवार को जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कीर्तन भाई गुरमुख सिंह ने संगत को निहाल किया। सुबह से ही संगत का तांता लगा रहा। साथ ही लंगर प्रसाद भी संगत ने छका। गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष संगत ने मत्था टेका और अरदास की। वही मॉडल टाउन गुरुद्वारा प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु गोबिंद सिंह के 359वें प्रकाश पर्व मंगलवार को बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। प्रकाश पर्व की खुशी में रखे गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का भोग डाला गया। इसके बाद गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया। जिसमें रागी जत्थों और कथा वाचकों ने शब्द गुरबाणी व गुरु गोबिंद सिंह की जीवनी से जुड़ी घटनाओं द्वारा संगत को निहाल किया। इस दौरान हजारों की संख्या में संगत ने गुरुद्वारा पहुंचकर अरदास की और गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका, साथ ही लंगर आदि में सेवा दी। उन्होंने बताया कि गुरू ने अपनी वाणी में कहा कि दुखी व्यक्ति, विकलांग व जरूरतमंद इंसान की सदैव हृदय से मदद करें। अपने द्वारा किए सारे वादों पर हमेशा खरा उतरने की कोशिश करें।

वही जीटी रोड स्थित गुरुद्वारा प्रधान गोपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों गुरुद्वारों साहिब में भी बड़ी ही श्रद्धा और उल्लास के साथ गुरु गोबिंद सिंह जयंती मनाई। सिखों के 10वें गुरू गोबिंद सिंह का 359वां प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। गुरू वाणी कीर्तन के माध्यम से भाई गुरमुख सिंह और प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने गुरु के जीवन के बारे में संगतों को विस्तार से गुरमत ज्ञान दिया और गुरू द्वारा दिखाई राह पर चलने का संदेश दिया।

## उत्तर रेलवे

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस संख्या: **61246785**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002, द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 61246785 | कम्पोजिट पैट्री फॉर एल.एच.बी. कोच | 20 नग | 30 जनवरी 2025 |

**निविदा शर्तें**–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

71/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **फतेह अली, पुत्र अकरम अली, पता: मकान नं. सी–103, गली नंबर 10, मुल्तानी डांडा पहाड़ गंज, दिल्ली और वार्ड नंबर 18, संजय नगर, मदरसा मोहल्ला, रायसेन भोपाल, मध्य प्रदेश** ने **FIR No. 162/2019, U/s 420/419/34 IPC, पुलिस थाना प्रसाद नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फतेह अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फतेह अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 162/2019, U/s 420/419/34 IPC, पुलिस थाना प्रसाद नगर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **फतेह अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17154/CD/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी / 84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **वारिश उर्फ गुड्डू**, पुत्र साबिर, निवासी-नाला रोड मंगल बाजार, राजीव गार्डन, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **एफ आई आर नंबर 36425/2019 धारा 379/411 भा.द.स थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वारिश उर्फ गुड्डू** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वारिश उर्फ गुड्डू** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **वारिश उर्फ गुड्डू, एफ आई आर नंबर 36425/2019 धारा 379/411 भा.द.स थाना नंद नगरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 20.02.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/195/NE/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सुभाष कुमार शर्मा** पुत्रः श्री वेद प्रकाश शर्मा, पताः 203, ग्राउंड फ्लोर, बैंक एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, **दिल्ली–110092 CC No. 532578/16, U/S: 138 NI Act पुलिस थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष कुमार शर्मा**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष कुमार शर्मा**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष कुमार शर्मा, CC No. 532578/16, U/S: 138 NI Act पुलिस थानाः दरिया गंज, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.02.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रेया सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–
(एनआई एक्ट) 05, (केंद्रीय) कमरा
नंबर 02 भूतल (केन्द्रीय जिला)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/177/CD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चंदन कुमार**, पुत्र : श्री राम कृपाल महतो, पताः म. नं. 87ए, बिंदापुर, छोटी चौपाल के पास, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 142/2020 U/S 380/411 IPC, थानाः मायापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंदन कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंदन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 142/2020 U/S 380/411 IPC, थानाः मायापुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **चंदन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/18/WD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अल्ताफ़** पुत्र निसार **निवासीः** बड़ी मस्जिद के पास, बुराका हथीन, पलवल, हरियाणा, ने **FIR No. 391/2024, U/S 137/65(1)/351 BNS & 06 POCSO Act, पुलिस स्टेशन सरिता विहार, दक्षिण पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अल्ताफ़** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अल्ताफ़** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 391/2024, U/S 137/65(1)/351 BNS & 06 POCSO Act, पुलिस स्टेशन सरिता विहार, दक्षिण पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अल्ताफ़** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिवानी चौहान
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.) पोक्सो एक्ट,
दक्षिण–पूर्व जिला, कमरा नं0–308
साकेत कोर्ट कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली

DP/309/SE/2024
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

### TENDER NOTICE
### ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| एन आई टी | 41, & 43-2024-25-डब्ल्यू–5 | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. काम का नाम (स्थान के साथ) | क्रमांक 1 | स्क्यू बीआर के पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन। नंबर 7 यूपी और डीएन (3x9.15 मीटर), तिरछा बी आर नंबर 8 यूपी और डीएन (2x 8.73 मीटर) डीएएल अनुभाग पर और तिरछा बीआर नंबर। एडीईएन/एचएनजेडएम और डीईई के तहत डीईई पर 4 लाइन नंबर 9 (1x5.90m+1x4.80m) (पीएससी स्लैब की ढलाई के बिना) का कार्य। समान कार्य की प्रकृति: किसी पुल का निर्माण कार्य। | | |
| | 2 | दिल्ली जं.–दिल्ली कैंट (यूपी, डीएन, उत्तर और दक्षिण)–टीआरआर (पी)–एडीईएन/डीईई के तहत एसएसई/पी.वे/डीईई के खंड में 5.181 किलोमीटर का कार्य। समान कार्य की प्रकृति: सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग करना, ट्रैक को तनावमुक्त करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैंपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी–28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल है। | | |
| 2. काम की अनुमानित लागत (रूपये) | 1 | Rs. 23150040.67 | 2 | Rs. 11238569.39 |
| 3. अग्रिम राशि (रूपये) | | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) नोटः– रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा.।) | | |
| | 1 | Rs. 265800.00 | 2 | Rs. 206200.00 |
| 4. काम की समाप्ति अवधि | 1 | 06 Months | 2 | 06 Months |
| 5. निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | | 27.01.2025 को 15.00 बजे तक तथा 27.01.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। | | |
| 6. वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का | | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | |

No. 128-W/280/OET/2024-25/W-V/NIT-41 & 43-2024-25-डब्ल्यू-5 Date 06.01.2025 66/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी नोटिस

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी। जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | Area (Sq. ft.) | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर हरियाणा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 400 | UMB-Advt-01-25 | 13.01.2025 को 11:00 बजे |
| 2 | कालका स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर नॉन–डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 852 | UMB-Advt-01-25 | 13.01.2025 को 11:00 बजे |
| 3 | अम्बाला मंडल के कालका स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन हेतु ठेका। | – | UMB-Mix-01-2025 | 20.01.2025 को 11:00 बजे |
| 4 | अंबाला कैंट व सहारनपुर स्टेशनों पर बीओसी की आपूर्ति, संचालन व रख–रखाव करते हुए, भुगतान राशि प्राप्त कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाना एवं उन्हीं बीओसी के ऊपर वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका। | – | UMB-Mix-01-2025 | 20.01.2025 को 11:00 बजे |
| 5 | शिमला स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1028 | UMB-Advt-02-25 | 21.01.2025 को 15:00 बजे |
| 6 | सरहिन्द स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1152 | UMB-Advt-02-25 | 21.01.2025 को 15:00 बजे |
| 7 | अम्बाला शहर स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1600 | UMB-Advt-02-25 | 21.01.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | सहारनपुर स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग /यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 3480 | UMB-Advt-02-25 | 21.01.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | बठिंडा स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2528 | UMB-Advt-02-25 | 21.01.2025 को 15:00 बजे |
| 10 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर UTS हाल के ऊपर डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु। | 150 | UMB-Mix-02-2025 | 22.01.2025 को 12:00 बजे |
| 11 | खरड़ रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु। | 225 | UMB-Mix-02-2025 | 22.01.2025 को 12:00 बजे |
| 12 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु। | 360 | UMB-Mix-02-2025 | 22.01.2025 को 12:00 बजे |
| 13 | घगगर, दप्पर व लालरू रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु। | घगगर-225 दप्पर-225 लालरू-225 | UMB-Mix-02-2025 | 22.01.2025 को 12:00 बजे |
| 14 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग (दो पहिया एवं अन्य पार्सल) की सुविधा हेतु ठेका। | 100 | UMB-Mix-02-2025 | 22.01.2025 को 12:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

65/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मेयर व नपा चुनाव के लिए मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन

**सोनीपत** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपयुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि नगर निगम सोनीपत तथा नगर पालिका खरखौदा की मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 6 जनवरी को कर दिया गया है। नगर निगम सोनीपत व नगर पालिका, खरखौदा की मतदाता सूचियों को जिला प्रशासन, सोनीपत की वैबसाईट एचटीटीपीएसः/ सोनीपत. जीओवी.इन पर अपलोड किया जा चुका है। जिस व्यक्ति द्वारा नगर निगम सोनीपत के मेयर पद तथा नगर पालिका खरखौदा के चेयरमैन व पार्षद का चुनाव लडना है, वो अपलोड की गई सूची में अपना नाम अवश्य देख लें तथा यह निश्चित करें कि सम्बन्धित व्यक्ति का अपलोड की गई सूची में नाम है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मै जो कि सुरेंद्र सिंह पुत्र तारा चंद निवासी ग्राम फरमान. जिला सोनीपत का हूँ और अपने हलफ से ब्यान करता हु कि मेरा लड़का विनय मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है, इसलिये मैं अपने लड़के विनय को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हूँ । भविष्य में विनय से कोई भी अगर लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

मैं, बेघराज गिरी पुत्र रामगिरी निवासी ग्राम बादशाही रोड वर्ड न० 5. गन्नौर तह० गन्नौर जिला सोनीपत का हूँ और अपने हलफ से ब्यान करता हु कि मेरा लड़का रवि गिरी मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है , इसलिये मैं अपने लड़के रवि गिरी को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हूँ । भविष्य में रवि गिरी से कोई भी अगर लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार की किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं, सुचिता चौधरी पत्नी संतोष चौधरी निवासी 91बी/381, कोट मोहल्ला, राम बाजार, सोनीपत बयान करती हूं कि मेरी मूल विक्रय विलेख रजिस्ट्री नं 12452 दिनांक 17.02.2022 कहीं खो गई है।अगर किसी को मिले तो कृपया चैंबर नं 223 व 224 ब्लॉक एच. न्यू कोर्ट सोनीपत जितेंद्र सिंह एडवोकेट मो- 9416293937 सम्पर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# विस चुनाव: दिल्ली में त्रिकोणीय मुकाबला

## पहले तीन चुनावों में आप ने दिल्ली का कार्यभार बेदाग छवि के साथ संभाला



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया। इस बार यह मुकाबला तीन बड़े दलों- सत्तासीन आम आदमी पार्टी, विपक्षी भाजपा और पिछले चुनाव में एक भी सीट न जीत पाने वाली कांग्रेस के बीच हो रहा है। तीनों ही दल अपने पिछले प्रदर्शन से कहीं बेहतर सीटें लाने का दावा कर रहे हैं।

दिल्ली में बीते 12 वर्षों से आम आदमी पार्टी की सरकार है। इस सरकार ने 2013, 2015 और फिर 2020 के चुनाव में जबरदस्त जीत हासिल की, लेकिन इस बार का चुनाव दिलचस्प होने की एक बड़ी वजह है आप पर लगे आरोप।

दरअसल, पहले तीन चुनावों में आप ने दिल्ली का कार्यभार बेदाग छवि के साथ संभाला। हालांकि, इस बार पहले शराब घोटाला उसके बाद मुख्यमंत्री बंगले के रेनोवेशन से जुड़े आरोप सामने आने के चलते केजरीवाल एंड कंपनी की राह उतनी आसान नजर नहीं आ रही। इतना ही नहीं भाजपा और कांग्रेस ने भी अपनी उम्मीदवारों की लिस्ट में कद्दावर नेताओं का नाम देकर यह साबित कर दिया है कि वह इस चुनाव में किसी के लिए कोई मौका नहीं छोड़ना चाहतीं। इस बीच यह जानना अहम है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कौन से मुद्दों का असर सबसे ज्यादा रहेगा। इसके अलावा वे कौन से चेहरे हैंगे, जिनके दम पर राजनीतिक दल दिल्ली के चुनाव को जीतने की तैयारी रहे हैं ।

**ताल ठोकेंगे**

▶ लेकिन इस बार का चुनाव दिलचस्प होने की एक बड़ी वजह है आप पर लगे आरोप

**मनी लॉन्ड्रिंग-शराब घोटाला केस**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी उसके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, जिसके चलते बीते तीन से चार वर्षों में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन जैसे शीर्ष नेताओं को जेल तक जाना पड़ा है। इनमें सबसे बड़े आरोप रहे हैं मनी लॉन्ड्रिंग और शराब घोटाला केस से जुड़े आरोप, जिन्हें लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही आप पर हमलावर रहे हैं।

**यमुना की सफाई**

दिल्ली विधानसभा चुनावों में दूसरा बड़ा मुद्दा यमुना नदी की सफाई से जुड़ा है। दरअसल, आप सरकार ने ही वादा किया था कि उसके सरकार में आने के बाद यमुना नदी को इतना साफ कर दिया जाएगा कि लोग उसमें डुबकी लगा सकेंगे। हालांकि, 12 वर्ष बाद भी इस पवित्र नदी में प्रदूषण पहले से बदतर स्थिति में है। बताया जाता है कि आप ने इसे लेकर बड़ी धनराशि भी खर्च की है। लेकिन उसकी इन कोशिशों का कोई खास असर देखने को नहीं मिला है। इसके उलट दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली हाईकोर्ट तक ने आप सरकार की खिंचाई की है और उससे जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए कहा है। इस पर विपक्ष ने आप को घेरते हुए कहा कि दिल्ली सरकार को यमुना की सफाई के लिए हजारों करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है, लेकिन अरविंद केजरीवाल सरकार ने यह पैसा अपने झूठे प्रचार पर खर्च किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के भ्रष्ट शासन के कारण दिल्ली से पैदा होने वाले गन्दे जल को एसटीपी में साफ नहीं किया जा रहा है और इसकी कीमत यमुना और दिल्ली वालों को भुगतनी पड़ रही है।

**शीशमहल मुद्दा**

दिल्ली के विधानसभा चुनाव से पहले जो एक और मुद्दा आप के लिए सिरदर्द बनकर उभरा है, वह है अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री आवास में रहने के दौरान इसके रेनोवेशन कराने का मुद्दा। हाल ही में सीएजी ऑडिटर रिपोर्ट के हवाले से एक अखबार ने दावा किया है कि शुरू में सीएम के आवास के रेनोवेशन की लागत 7.91 करोड़ रुपये बताई गई थी। लेकिन बाद में 2020 में करीब 8.62 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया। लेकिन 2022 में जब इसे पूरा किया गया तो इसकी कुल लागत 33.66 करोड़ रुपये थी। पिछले एक साल से इस मुद्दे को उठा रही भाजपा को इस रिपोर्ट के खुलासे के बाद आप पर वार करने का और मौका मिल गया। सचदेवा ने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री बंगले पर 75 से 80 करोड़ रुपये खर्च किए थे। विपक्ष का कहना है कि 2020 में जब दिल्ली की जनता अपने लोगों को खो रही थी।

## वोटर लिस्ट में घोटाले के आरोप



दिल्ली में एक और मुद्दा, जिस पर बीते कई महीनों से राजनीति हो रही है, वह है वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और काटने को लेकर। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी लगातार चुनाव आयोग से सवाल पूछ रही है और भाजपा पर नई दिल्ली सीट में बड़ा खेल करने का आरोप लगा रही है। इस मुद्दे पर दिल्ली की मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी मर्लेना ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी है। आप का आरोप है कि नई दिल्ली में 10 फीसदी वोटर्स को जोड़ा गया है, जबकि पांच फीसदी वोट काटे गए हैं। यह एक षड्यंत्र चल रहा है। इससे पहले केजरीवाल ने भी कुछ ऐसे ही आरोप लगाते हुए भाजपा को घेरा था और कहा था कि वह दिल्ली विधानसभा में वोट कटवाने के साथ फर्जी नाम जुड़वाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बाहर से लोगों को लाकर उनके फर्जी वोट बनवा रही है और आप समर्थकों का वोट कटवाने, फर्जी वोट बनवाने के साथ वोट के लिए पैसे दे रही है। आप के इन आरोपों को चुनाव आयोग ने खारिज किया है और वोटर लिस्ट के सत्यापन तक की बात कही है। हालांकि, आप ने चुनाव में इसे मुद्दा बना दिया है। देश में पिछले विधानसभा चुनाव- झारखंड और महाराष्ट्र में हुए थे। इन दोनों ही राज्यों में राजनीतिक दलों के चुनाव जीतने की एक बड़ी वजह महिलाओं पर केंद्रित आर्थिक मदद की योजनाओं को माना गया था। आम आदमी पार्टी ने इसी फॉर्मूले को अपनाते हुए हाल ही में एलान किया था कि उनकी पार्टी महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना लागू कर रही है।

## दिल्ली चुनाव में चुनाव प्रचार के चेहरे

**अरविंद केजरीवाल**

इस बार नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल फिर मैदान में हैं। वे 2013 से ही आम आदमी पार्टी का नेतृत्व करते हुए पार्टी को जीत दिला रहे हैं। 2013 में दिल्ली विधानसभा के लिए जब चुनाव कराए गए। तब अरविंद केजरीवाल ने शीला दीक्षित को चुनौती देने की ठानी। वे इस चुनौती में सफल भी रहे और उन्होंने शीला दीक्षित और कांग्रेस के 15 साल के शासन को खत्म कर सरकार बनाने में सफलता हासिल की। 2013 के बाद 2015 और 2020 में भी अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव जीता और लगातार राजधानी के मुख्यमंत्री पद पर काबिज हुए।

**संदीप दीक्षित**

नई दिल्ली सीट से कांग्रेस पार्टी ने पूर्व सांसद एवं शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को मैदान में उतारा है। पार्टी को भरोसा है कि संदीप यहां से अरविंद केजरीवाल को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। उनकी ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे 2004 और 2009 में पार्टी के टिकट पर जीतकर लोकसभा सांसद रहे हैं। हालांकि, 2014 में मोदी लहर के दौरान उन्हें अपनी यह सीट गंवानी पड़ी। बाद में पार्टी ने उन्हें संगठन में ही पद सौंपे। हालांकि, शीला दीक्षित के दिल्ली सीएम पद से हटने के बाद कांग्रेस में संदीप दीक्षित धीरे-धीरे हाशिए पर चले गए।

**प्रवेश वर्मा**

भाजपा ने अपनी पहली सूची में ही प्रवेश वर्मा को नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाने का एलान कर दिया। उनके नाम की घोषणा भाजपा के लिए कितना बड़ा कदम थी, यह इसी बात से पता चलता है कि यहां से उनके लड़ने की चर्चा पिछले महीने से ही चल रही थी। इस सीट से पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव और आम आदमी पार्टी से भाजपा में शामिल हुए विनोद बिन्नी दावेदारी ठोक रहे थे। प्रवेश वर्मा ने दिल्ली में पहली बार 2013 में महरौली सीट से खड़े हुए और उन्होंने योगानंद शास्त्री को हराया था।

## जनता का विश्वास हमारे साथ, हम जरूर जीतेंगे: अरविंद केजरीवाल



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान का आम आदमी पार्टी (आआपा) ने स्वागत किया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं को अब कमर कस कर चुनावी मैदान में पूरी ताकत के साथ उतरने का आह्वान किया है। अरविंद केजरीवाल ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान हो चुका है। सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएं। आपके जुनून के आगे इनके बड़े-बड़े तंत्र फेल हो जाते हैं। आप ही हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं।

**आह्वान**

▶ दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान का आम आदमी पार्टी (आआपा) ने स्वागत किया है

उन्होंने कहा कि यह चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ ही होगा। हम जरूर जीतेंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोग एक बार फिर से अपने परिवार के लोगों को अच्छा स्वास्थ्य देने वाले मुख्यमंत्री को चुनेंगे। दिल्ली की जनता एक बार फिर से उन्हें 24 घंटे और जीरो बिजली बिल देने वाले नेता को चुनेंगे। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोग एक बार फिर से 5 फरवरी को उनके परिवारों को मुफ्त तीर्थयात्रा कराने वाले, महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा कराने वाले और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी से लागू करने वाले केजरीवाल को ही चुनेंगे। दिल्ली के लोग एक बार फिर से अपने बच्चों का भविष्य और दिल्ली को साफ-सुथरा, सुंदर शहर बनाने के सपने को चुनेंगे।

### दिल्ली के बीकानेर हाउस को अटैच करने के आदेश पर लगी रोक 1 फरवरी तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस को अटैच करने के आदेश पर लगी रोक को 1 फरवरी तक बढ़ा दिया है। पटियाला हाउस कोर्ट के कमर्शियल कोर्ट के स्पेशल जज विद्या प्रकाश ने अटैच करने पर रोक को बढ़ाने का आदेश दिया। कोर्ट ने बीकानेर हाउस की बिक्री की घोषणा की शर्तों को तय करने के लिए नोखा नगरपालिका के संबंधित अधिकारी को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया था, जिसके बाद आज नोखा नगरपालिका की ओर से बीकानेर हाउस को अटैच करने के आदेश पर रोक की मांग की। आज सुनवाई के दौरान राजस्थान के नोखा नगरपालिका ने कहा कि उसने इस कोर्ट के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। 29 नवंबर, 2024 को पटियाला हाउस कोर्ट ने अपने आदेश पर रोक लगाते हुए नोखा नगरपालिका को एक हफ्ते के अंदर 50,31,512 रुपये की रकम जमा करने का निर्देश दिया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड और राजस्थान के नोखा नगरपालिका के बीच के विवाद में हुए समझौते का पालन नहीं करने पर बीकानेर हाउस को अटैच करने का आदेश जारी किया था।

## तीन महीने में मुझे दूसरी बार बेघर किया गया: सीएम




टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज यहां केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने पत्रकार वार्ता में दावा किया कि उन्हें जो मुख्यमंत्री आवास (6 फ्लैग स्टाफ रोड) मिला है, उसका अलॉटमेंट केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली सरकार ने रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा, "हमारा घर छीना जा रहा है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से ऐन एक रात पहले ऐसा हुआ। तीन महीने में ये दूसरी बार है, जब मुझे आधिकारिक आवास से बाहर कर दिया गया है।" आज एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा किया कि पिछली रात ही केंद्र सरकार ने मुझे सरकारी आवास (सीएम आवास) से तीन महीने में दूसरी बार बेदखल कर दिया। चिट्ठी भेजकर सीएम आवास का अलाटमेंट कैंसल कर दिया। तीन महीने पहले भी यही किया गया था। जब मैं सीएम बनी तो उस समय भी मेरे परिवार का सामान घर से निकाल कर सड़क पर फेंक दिया था।

**सफाई पेश की**

▶ दिल्ली लोक निर्माण विभाग ने आरोपों का किया खंडन, बताई तकनीकी अड़चन

उन्होंने कहा कि अगर वो (भाजपा) लोग यह सोचते हैं कि मुझसे घर छीनने, मेरा सामान सड़क पर फेंक देने और मेरे परिवार के लोगों को गालियां देने से दिल्ली वालों का काम करने से मुझे रोक देंगे तो वो ऐसा करके मेरा जज्बा कम नहीं कर सकते हैं। जरूरत पड़ेगी तो मैं दिल्ली के किसी भी नागरिक के घर में जाकर रह लूंगी और वहीं से दिल्ली वासियों के हितों के लिए काम करूंगी। आतिशी ने कहा कि तीन महीने पहले मेरा सामान सड़क पर फेंका गया। उसके बाद मैंने दिल्ली में सड़कें, अस्पताल और स्कूल आदि बनवाए और महिलाओं को सम्मान योजना दिलवाई।

## आम आदमी पार्टी के प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली में चुनावों की तारीखों का एलान मंगलवार को हो गया। 5 फरवरी को दिल्ली में वोट डाले जाएंगे साथ ही 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। तारीखों के एलान से पहले ही सभी प्रमुख पार्टियों ने चुनाव प्रचार और जोर पकड़ेगा। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले ही राजधानी की सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है। इसी तरह भाजपा अब तक 29 और कांग्रेस



47 उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है। इस बार कई ऐसी सीटें हैं जिसमें मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है।

**आप के प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा केजरीवाल**

आप के लिए इस चुनाव में प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा खुद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल हैं। 2013, 2015 और 2020 में आप की जीत के बाद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। इस चुनाव से पहले उन्हें शराब घोटाले में जेल जाना पड़ा।

## यह मेरी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस: मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यह मेरी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यकाल खत्म होने का संकेत दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार इसी साल फरवरी में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अपनी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ने ईवीएम से लेकर अतिरिक्त वोटों को लेकर चुनाव आयोगों पर लगे आरोपों का जवाब दिया। 15 मई को 2024 को राजीव कुमार ने 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जिम्मेदारी संभाली थी। वह

**सेवानिवृत्त**

▶ मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यकाल खत्म होने का संकेत दिया। इसी साल फरवरी में सेवानिवृत्त हो रहे

एक सितंबर 2020 से बतौर निर्वाचन आयुक्त चुनाव आयोग से जुड़े थे। चुनाव आयुक्त के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान 2020 में बिहार की राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव हुए। मार्च में कोविड संक्रमण के बीच असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में चुनाव हुए। वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में उन्होंने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव, लोकसभा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए।

**कौन हैं राजीव कुमार?**

राजीव कुमार का जन्म 19 फरवरी, 1960 को हुआ था। वे 1984 बैच के आईएएस अफसर हैं। उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में 36 साल तक काम किया।

केंद्र के कई मंत्रालयों के अलावा उन्होंने अपने बिहार-झारखंड कैडर में भी लंबे समय तक सेवाएं दीं। राजीव कुमार बीएससी के साथ वकालत में एलएलबी, पीजीडीएम और लोक नीति से एमए भी किया है।

## हाई कोर्ट ने खारिज की कैट के रिजल्ट को चुनौती देने वाली याचिका

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय प्रबंध संस्थानों और दूसरे बिजनेस स्कूलों में दाखिले के लिए कैट के रिजल्ट को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दिया है। जस्टिस तारा वितास्ता गंजू ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने 3 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा था कि कोई विशेष विवाद या कोई बाध्यकारी परिस्थिति उत्पन्न न होने तक इस मामले में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। यह याचिका कैट की परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी आदित्य कुमार मलिकने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि कैट की परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों में से एक में गंभीर त्रुटि थी।

**रद्द**

▶ जस्टिस तारा वितास्ता गंजू ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। 3 को फैसला सुरक्षित रख लिया था

याचिका में कैट की परीक्षा की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों की फीडबैक का हवाला दिया गया था। याचिका में कहा गया था कि एक प्रश्न को लेकर 227 छात्रों ने आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन कैट की परीक्षा आयोजित करने वाले संस्थान आईआईएम कलकत्ता ने उस प्रश्न से संबंधित आपत्तियों का कोई जवाब नहीं दिया।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुली, ऑटो-टैक्सी ड्राइवर को देना होगा चार्ज

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार सुबह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ऑटो रिक्शा चालकों और कुलियों से बातचीत की, उनकी शिकायतें सुनीं और उनके काम की स्थिति में सुधार के लिए समाधान का वादा किया। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कुलियों और ऑटो रिक्शा चालकों को माला पहनाई। रेल मंत्री ने ऑटो रिक्शा चालकों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं का समाधान किया जाएगा। वैष्णव ने पार्किंग शुल्क को आधा करने और कठोर सर्दियों और मानसून के दौरान आश्रय प्रदान करने के लिए



स्टेशन पर एक आराम घर बनाने का वादा किया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद ऑटो ड्राइवरों से चर्चा करते हुए घोषणा भी की। रेल मंत्री ने कहा, यदि ऑटो ड्राइवरों को किसी तरह की समस्या का सामना करना पड़े तो वे 9717633061 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इस नंबर पर उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा रेल मंत्री ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग शुल्क में भी बड़ी राहत देने की घोषणा की है। टैक्सी वालों के लिए पहले 1200 रुपये शुल्क था, लेकिन अब 400 रुपये देना होगा, वहीं ऑटो ड्राइवरों को पहले 700 रुपये देने पड़ते थे, लेकिन अब सिर्फ 200 रुपये देना होगा। रेल मंत्री ने यात्रियों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए कुछ और महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने बताया कि सर्दी और बारिश से बचने के लिए आराम घर बनाए जाएंगे।

## दिल्ली का चुनाव विकास बनाम विनाश की लड़ाई : भाजपा

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने कहा कि दिल्ली का चुनाव विकास बनाम विनाश की लड़ाई है। भाजपा दिल्ली को विकास की दिशा में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि आम आदमी पार्टी (आआपा) ने पिछले 11 वर्षों में दिल्ली को बर्बाद करने का काम किया है। देश के लोकतंत्र में पहली बार ऐसा हुआ है कि मुख्यमंत्री और मंत्री जेल से सरकार चला रहे हैं। आप का एजेंडा सिर्फ झूठे वादे करना और भ्रष्टाचार में लिप्त रहना है। केजरीवाल ने दिल्ली में शराब घोटाला किया, जिससे परिवार तबाह हुए और छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया। भाजपा

**साधा निशाना**

▶ आम आदमी पार्टी (आआपा) ने पिछले 11 वर्षों में दिल्ली को बर्बाद करने का काम किया है: तरुण

के राष्ट्रीय महामंत्री चुघ मंगलवार को दिल्ली में आयोजित दलित स्वाभिमान सम्मेलन में को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुघ ने आआपा की नीतियों और उसके भ्रष्टाचार पर तीखा प्रहार किया। चुघ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में अपराधी माना।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'अफजल गुरू' की हुई एंट्री

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** कालकाजी सीट से भाजपा के प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी की ओर से मुख्यमंत्री आतिशी के पिता के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी से राजनीतिक पारा चढ़ गया है। भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री आतिशी को घेरा है। उन्होंने कहा कि आप विक्टिम कार्ड खेलना बंद करें। अफजल गुरु को लेकर अपना रूख पहले साफ करें। इस मामले पर पहले ही आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा को महिला विरोधी करार दिया है। दिल्ली चुनाव की तारीखों से पहले आज कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने कहा कि जल्द ही दिल्ली की जनता





आप-दा को सत्ता से बाहर भेजने वाली है। आप विक्टिम कार्ड का इस्तेमाल कर रही है। जबकि वह जानते हैं कि उनका पदार्फाश होने वाला है। मुख्यमंत्री मगरमच्छ के आंसू बहा रही है। लेकिन उन्हें पहले साफ करना चाहिए कि क्या वह अपने पिता के अफजल गुरु पर दिए गए बयान का समर्थन करती है।

कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने कहा कि "रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी और आतिशी के बारे में जो कहा, वह पूरी तरह अस्वीकार्य और निंदनीय है। वह पहले ही

**चुनावी बिसात**

▶ आप विक्टिम कार्ड खेलना बंद करें। अफजल गुरू को लेकर अपना रूख पहले साफ करें

कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। अब मैं सीएम आतिशी के साथ सीधे टकराव में हूं। जब मैं विधायक थी, तब एक भाजपा विधायक ने मेरे खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, लेकिन मैं रोई नहीं। मुझे अपनी शक्तियों का पता था और मैंने उसका इस्तेमाल करके उनसे बदला लिया और सुनिश्चित किया कि वह पूरे एक साल के लिए निलंबित रहें। वह एक निर्वाचित विधायक हैं और जब अरविंद केजरीवाल ने उन्हें टीसीएम (अस्थायी सीएम) कहा, तो वह अपमानित महसूस करने लगीं और रो पड़ीं। अरविंद केजरीवाल ने भी रमेश बिधूड़ी की तरह उनका अपमान किया है।

रमेश बिधूड़ी की अभद्र टिप्पणी से भावुक हुईं थी सीएम आतिशी आप का आरोप है कि भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं करती है। भाजपा नेता के इस टिप्पणी विवाद के बाद सोमवार को आतिशी भावुक हो गई। मुख्यमंत्री के भावुक होने के बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें ढांढस बंधाया। एनएसयूआई ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के खिलाफ भाजपा के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सोमवार को प्रदर्शन किया।

**बिधूड़ी का बयान आपत्तिजनक, महिलाएं देंगी जवाब: आतिशी**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को लेकर भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी के बयान को मुख्यमंत्री आतिशी ने आपत्तिजनक बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला विरोधी पार्टी है। दिल्ली के चुनाव में महिलाएं उसे करारा जवाब देंगी।

# गौ चरान भूमि से होने वाली आय गोशाला संचालन में लगाई जाएगी

## अधिकारियों को रोडमैप तैयार करने के दिए निर्देश, गौ-चरान की भूमि को गौशालाओं की इच्छा अनुसार चारा उगाने के लिए दी जा सकेगी भूमि





**गौसेवा**

▶▶ इस समय राज्य में 683 पंजीकृत गौशालाएं हैं, जिनमें लगभग 4 लाख 50 हजार बेसहारा गौवंश का पालन-पोषण हो रहा है : सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में गोवंश के संरक्षण की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए यह निर्णय लिया है कि प्रदेशभर में गौ-चरान की जितनी भूमि है, उसे चिह्नित किया जाएगा और इस भूमि को जो पंचायतें ठेके पर देती हैं, अब उस पैसे का उपयोग गौशालाओं की गतिविधियों के लिए प्रयोग किया जाएगा। इसके अलावा, अधिकारियों को भी एक रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत गौ-चरान की भूमि को गौशालाओं की इच्छा अनुसार चारा उगाने के लिए भूमि आवंटित की जा सकेगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को जिला पंचकूला में आयोजित गौ सेवा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह के दौरान, मुख्यमंत्री ने गौशालाओं के लिए 216.25 करोड़ रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर बनने वाली गौशाला संचालकों को भी सम्मानित किया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी दिशा में गौशालाओं को बायोगैस प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और बायोगैस बनाने के लिए तकनीकी सहायता सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। गाय के गोबर से तैयार होने वाले प्रोमो खाद की विधि भी गौशालाओं के साथ साझा की जाएगी, ताकि प्रोमो खाद डीएपी के विकल्प के रूप में उपयोग हो सके। इतना ही नहीं, गाय के गोबर से पेंट, गौमूत्र से फिनायल, साबुन, शैंपू आदि उत्पाद बनाने के लिए भी गौशालाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। इन उत्पादों की बिक्री के लिए सरकार की ओर से मार्केटिंग में सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 330 गौशालाओं में सोलर ऊर्जा प्लांट लगाये गये हैं। शेष बची गौशालाओं में भी सोलर पावर प्लांट लगाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि सरकार गौशालाओं में 2 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गौ संवर्धन एवं गौ संरक्षण योजना के अंतर्गत देसी नस्ल की गायों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे ए-टु दूध के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और इसके लाभकारी मूल्य मिलें, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी गौवंश, चाहे नन्दी हो, गौमाता हो, बछड़ा या बछड़ी, सभी की टैगिंग की जाएगी और यह डेटा ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा, जिसकी रिपोर्ट वे स्वयं देखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारा समाज फिर से एक बार पुरानी संस्कृति की तरफ बढ़ रहा है। आज घर में जब बच्चे या माता पिता का जन्मदिन होता है तो परिवारजन गौशालाओं में जाकर गौ सेवा करते हैं। यही हमारी संस्कृति है।

**प्रदेश सरकार ने गौशालाओं के विकास, गौवंश संरक्षण और प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए उठाये महत्वपूर्ण कदम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गौशालाओं के विकास, गोवंश संरक्षण और प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। वर्ष 2014-15 में हरियाणा गौ सेवा आयोग के लिए केवल 2 करोड़ रुपये का बजट था। हमने जनसेवा का दायित्व संभालते ही बजट को बढ़ाना शुरू किया। इस साल कुल बजट 510 करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक हरियाणा में 215 पंजीकृत गौशालाओं में केवल 1 लाख 74 हजार गोवंश थे। लेकिन इस समय राज्य में 683 पंजीकृत गौशालाएं हैं, जिनमें लगभग 4 लाख 50 हजार बेसहारा गौवंश का पालन-पोषण हो रहा है।

**गोवंश संरक्षण के लिए गौशालाओं को दी सहायता**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पंजीकृत गौशालाओं को पिछले 10 वर्षों में चारे के लिए लगभग 270 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। इसके अलावा, लगभग 350 शेड निर्माण व चारा गोदाम के लिए 30 करोड रुपये की अनुदान राशि दी गई है। इस वित्त वर्ष में 608 गौशालाओं को लगभग 66 करोड़ रुपये चारा खरीद हेतु जारी किए जा चुके हैं। इतना ही नहीं, पहले गौशालाओं से जमीन की रजिस्ट्री पर 1 प्रतिशत शुल्क लिया जाता था, लेकिन अब नई गौशालाओं को जमीन की रजिस्ट्री पर कोई भी स्टाम्प ड्यूटी नहीं देनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशालाओं में गौवंश के स्वास्थ्य की जांच के लिए पशु चिकित्सकों की सुव्यवस्था न होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उनकी इस समस्या का भी निदान किया है।

## प्रदेश सरकार पशुधन के विकास के लिए प्रतिबद्ध: श्याम सिंह

**कृषि** एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गाय का दूध अमृत के समान माना जाता है। वैज्ञानिक शोधों से भी यह प्रमाणित हो चुका है कि देसी गाय का दूध हृदय रोग से बचाव में अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पशुधन के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज हरियाणा राज्य में वार्षिक दूध उत्पादन 122 लाख टन पर पहुँच गया है और प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दूध उपलब्धता के मामले में राज्य का देश में तीसरा स्थान है। उन्होंने कहा कि पशुओं को मुंह खुर व गलघोटू रोगों से मुक्त करने के लिये संयुक्त वैक्सीन का प्रयोग करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। पशुपालकों के लिए पशुधन बीमा योजना चलाई जा रही है। राज्य सरकार ने देसी नस्ल की साहीवाल व बेलाही गायों के संवर्धन पर विशेष बल दिया हुआ है। उन्होंने कहा कि गौ माता की सुरक्षा के लिए एक सख्त कानून हरियाणा गौ-वंश संरक्षण व संवर्धन अधिनियम-2015 लागू किया है। इस कानून में गौ हत्या करने वाले व्यक्ति को 10 वर्ष तक का कारावास तथा अवैध गौ तस्करी करने वाले व्यक्ति को सात वर्ष तक की कैद का प्रावधान किया गया है।

**हरियाणा देश का प्रथम राज्य होगा, जहाँ गौवंश बेसहारा सड़कों पर दिखाइ नहीं देगा- स्वामी ज्ञानानंद महाराज**

इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा सरकार के लिए गाय केवल राजनीति नहीं है, केवल चुनावी विषय नहीं, गाय के नाम पर घोषणाएं करके वोट लेने का साधन नहीं, बल्कि आस्था का विषय है। इसलिए आज के कार्यक्रम का नाम भी गौ सेवा सम्मान समारोह दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों ने अनादिकाल से यह उद्घोष किया हुआ है कि गौ माता पूरे विश्व की माता है। चाहे पर्यावरण शुद्धि की बात हो या राष्ट्रीय गौरव की बात हो या आर्थिक समृद्धि की भी बात हो, हर दृष्टि से गौमाता एक समाधान है। उन्होंने कहा कि अनेक गौभक्त बेसहारा गोवंश को उचित सम्मान दे रहे हैं और साथ ही पंचगव्य के माध्यम से अनेक

# सरकारी संस्थानों को दो साल तक मुफ्त एफ.टी.टी.एच. कनेक्शन

**कनेक्शन**

▶▶ 31 दिसंबर, 2024 तक 31,741 कनेक्शन सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने डिजिटल भारत की की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बी.एस.एन.एल. के साथ मिलकर ग्राम पंचायतों में सरकारी संस्थानों को निःशुल्क फाइबर-टू-द-होम (एफ.टी.टी.एच.) इंटरनेट कनेक्शन प्रदान करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की है। बी.एस.एन.एल. द्वारा 31 दिसंबर, 2024 तक 31,741 कनेक्शन सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में आज यहां हुई स्टेट ब्रॉडबैंड कमेटी की दूसरी बैठक में बताया गया कि 130 करोड़ की इस परियोजना को केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाना और ग्रामीण समुदायों को हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाओं तक पहुँच प्रदान करके सशक्त बनाना है। प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्थापना तिथि से दो वर्षों के लिए 10 एफ.टी.टी.एच. कनेक्शन निःशुल्क दिए जा रहे हैं, जिससे सरकारी कार्यों के लिए डिजिटल पहुँच में उल्लेखनीय सुधार होगा। बैठक में आज जिन मुद्दों पर चर्चा की गई, उनमें मौजूदा इनवेस्ट हरियाणा पोर्टल में आर.ओ.डब्ल्यू. नियम 2024 के अनुसार आर.ओ.डब्ल्यू. शुल्क और कार्यात्मकता संरेखण के साथ आर.ओ.डब्ल्यू. नियम 2024 का कार्यान्वयन, आर.ओ.डब्ल्यू. एप्लीकेशन की स्थिति और डीम्ड अनुमोदन का कार्यान्वयन, कॉल बिफोर यू डिग (सी.बी.यू.डी.), डिजिटल संचार तत्परता सूचकांक (डी.सी.आर.आई.) का कार्यान्वयन, ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस और समग्र बिलिंग, 5जी रोलआउट के लिए स्टेट मास्टर प्लान के गति शक्ति पोर्टल पर स्ट्रीट फर्नीचर डेटा अपलोड करना, सेवा प्रदाताओं द्वारा स्ट्रीट फर्नीचर आर.ओ.डब्ल्यू. आवेदनों के लिए 5जी फॉर्म का कार्यान्वयन, एफ.टी.टी.एच. प्रदान करने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बी.एस.एन.एल.) के माध्यम से भारत-नेट की सेवाओं का विस्तार करना शामिल है। बैठक में बताया गया कि डी.सी.आर.आई. पहल के अनुरूप, हारट्रोन की टीम ने हरियाणा उद्यम संवर्धन केंद्र (एच.ई.पी.सी.) के सहयोग से स्ट्रीट फर्नीचर राइट ऑफ वे (आर.ओ.डब्ल्यू.) एप्लीकेशन के लिए 5जी डिप्लॉयमेंट फार्म का विकास और परीक्षण किया है। इन फार्म्स का स्टेजिंग सर्वर पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है और दूरसंचार विभाग की तकनीकी टीम के सहयोग से केंद्रीय आर.ओ.डब्ल्यू. पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है।

# स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को पूरा करेगा हरियाणा: कृष्ण लाल पंवार

**लक्ष्य**

▶▶ हरियाणा स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्यों को दिए गए निर्धारित लक्ष्यों को देश में सबसे पहले हासिल करेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में हुई बैठक में हिस्सा लिया। पंचायत मंत्री श्री पंवार ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को आश्वस्त किया कि हरियाणा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राज्यों को दिए गए निर्धारित लक्ष्यों को देश में सबसे पहले हासिल करेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शत- प्रतिशत घरों में शौचालयों की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है और हर घर को नल से जल जोड़कर पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहली जुलाई से 15 अगस्त, 2024 तक राज्य में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसका लक्ष्य सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना था और इस अभियान में तीन लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया । उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि हरियाणा में कुल 6619 गांव हैं, जिसमें से 6419 गांव को ओडीएफ प्लस गांव घोषित किया गया है। जिसमें से 2500 गांव ओडीएफ प्लस मॉडल गांव घोषित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़, हिसार, अंबाला, फतेहाबाद, झज्जर, नूंह, यमुनानगर, पलवल और गुरुग्राम जिलों में 80 प्रतिशत से ज्यादा गांव ओडीएफ प्लस मॉडल गांव है। श्री पंवार ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 193 गांवों को ओडीएफ प्लस, 1272 गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव घोषित किया गया है।

# राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे हरियाणा के 75 युवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भागीदारी करने वाले प्रतिभागियों के समूह को चंडीगढ़ से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आगामी 10 जनवरी से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा महोत्सव होगा, जिसमें हरियाणा के कुल 75 प्रतिभागियों का एक प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने गत नवंबर 2024 में हरियाणा के सभी 22 जिलों में जिला युवा महोत्सवो का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताओं में लगभग छह हजार युवाओं ने भाग लिया और अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद 3 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक राज्य युवा महोत्सव का आयोजन पलवल में किया गया। इसमें जिला स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लगभग 1000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# वीरेंद्र सिंह बढ़खालसा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी नियुक्त

**जिम्मेदारी**

▶▶ हरियाणा सीएमओ में तरुण भंडारी राजनीति सचिव और प्रवीण अत्रे मीडिया सचिव नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यालय में तीन नई नियुक्तियां हो गई हैं। मंगलवार को सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। नए साल में यह पहली नियुक्ति सूची है। इन नियुक्तियों के लिए राज्य के कई पूर्व मंत्री और भाजपा के नेता भी लॉबिंग कर रहे थे। जिन तीन प्रतिनिधियों की मुख्यमंत्री कार्यालय में एंट्री हुई है वे पहले भी यहां काम कर चुके हैं। मंगलवार को सरकार ने वीरेंद्र सिंह बढखालसा को मुख्यमंत्री का ओएसडी नियुक्त किया है। इसके अलावा पंचकूला के रहने वाले तरुण भंडारी को राजनीतिक सचिव की जिम्मेदारी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के मीडिया सचिव रहे प्रवीण अत्रे को फिर से वही जिम्मेदारी दी गई है। इन नियुक्तियों का काफी लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था और इसके लिए कई बड़े चेहरे लॉबिंग कर रहे थे। मुख्यमंत्री सैनी के राजनीतिक सचिव नियुक्त हुए तरुण भंडारी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में भी प्रचार सलाहकार रह चुके हैं। प्रवीण अत्रे भी पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी हैं और वे भी मुख्यमंत्री कार्यकाल में मीडिया सचिव रहे चुके हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री के ओएसडी बने वीरेंद्र सिंह बढखालसा भी पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल में सीएमओ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार का पद अभी खाली है।


# अग्नि सुरक्षा, बिजली बचत उपायों पर एडवाइजरी

**आदेश**

▶▶ प्रिंटर, ऑयल हीटर, हीट पिलर, रूम हीटर और इलेक्ट्रिक केटल जैसे कई विद्युत उपकरण चालू अवस्था में पाए गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव कार्यालय ने हरियाणा सिविल सचिवालय में अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा आज यहां जारी एक आदेश में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान ट्यूब लाइट, कंप्यूटर/यूपीएस, प्रिंटर, ऑयल हीटर, हीट पिलर, रूम हीटर और इलेक्ट्रिक केटल जैसे कई विद्युत उपकरण चालू अवस्था में पाए गए। इस तरह की लापरवाही से बिजली की बर्बादी हो रही है, जिससे न केवल बिजली का बिल बढ़ रहा है बल्कि विद्युत उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ आग लगने की आशंका भी बनी रहती है। हरियाणा सिविल सचिवालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा गया है कि उपयोग में न होने पर और कार्यालय से बाहर निकलते समय वे सभी इलेक्ट्रिक

# प्रदेश के लोगों को वायरस से चिंता करने की जरुरत नहीं : कुमारी आरती सिंह




**दिशा-निर्देश**

▶▶ स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक की ओर से भी सिविल सर्जन को एडवाइजरी जारी की गई है : स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा में एच.एम.पी.वी से संक्रमण का कोई केस नहीं है , फिर भी स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होंने प्रदेश के सभी सिविल सर्जन को इन्फ्लूएंजा, एचएमपीवी, आरएसवी एवं सांस से संबंधी अन्य बीमारियों के इलाज के लिए उचित प्रबंध करने के निर्देश दे दिए हैं ।स्वास्थ्य मंत्री ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि उनके दिशा -निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक की ओर से भी सिविल सर्जन को एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि वे एचएमपीवी समेत उक्त बीमारियों के प्रति अपने -अपने क्षेत्र में सतर्क रहें और प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करें। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में फ्लू कॉर्नर बनाए जाएं। यह भी कहा गया है कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फ्लू कॉर्नर के लिए नामित स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संख्या में दवा , उपकरण , ऑक्सीजन तथा वेंटिलेटर हों एवं प्रशिक्षित कर्मचारियों की ड्यूटी लगातार रोटेशन में लगाएं। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि इन केंद्रों के प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ओस्टेलमाविर 75, 45 , 30 मिलीग्राम और सिरप के साथ-साथ पीपीई, एन-95 मास्क, अभिकर्मक किट वीटीएम आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिला स्वास्थ्य अधिकारी इन स्पेशल केंद्रों में मौसमी इन्फ्लूएंजा और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों के लिए समर्पित बिस्तर सुनिश्चित करें। सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी ड्यूटी के दौरान बार -बार हाथ धोएं तथा जिनको खांसी ,जुकाम के लक्षण हों , वे मास्क पहनें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिला निगरानी इकाई को अपने क्षेत्र में इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षणों से मेल करती बीमारियां तथा सांस के गंभीर लक्षणों के रुझान पर निगरानी रखें और जरुरत पड़ने पर गंभीर मामलों में सैंपल की जांच करवाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के लोगों में सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता की गतिविधियों को बढ़ाना, साँस लेने तथा हाथों की स्वच्छता के पालन के बारे में सचेत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सिविल सर्जन यह निर्देश भी दिए हैं बुजुर्गों , बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखा जाए और स्थानीय इंडियन मेडिकल एसोसिएशन क्टअ के पदाधिकारियों से मीटिंग कर उनसे नियमित जानकारी प्राप्त कर विभाग को प्रतिदिन रिपोर्ट करें।

**क्या है ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस**

हरियाणा के स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल ने बताया कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एक ऐसा वायरस है जो सभी उम्र के लोगों में श्वसन संक्रमण पैदा कर सकता है। उन्होंने इस संक्रमण के चिकित्सकीय रूप के लक्षणों के बारे में जानकारी दी कि इसमें खांसी, बुखार, नाक बंद होना, सांस लेने में तकलीफ और ब्रोंकाइटिस, गंभीर मामलों में निमोनिया भी हो सकता है।

# नव चयनित पटवारियों की प्रशिक्षण अवधि डेढ़ वर्ष की बजाय होगी एक वर्ष, प्रशिक्षण अवधि भी सेवा में होगी शामिल

**अधिकार**

▶▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी का अधिकार देने वाला राज्य बना



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नव चयनित पटवारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की अवधि डेढ़ वर्ष से कम कर एक वर्ष करने की घोषणा की। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा की अब से प्रशिक्षण की अवधि भी पटवारी की सेवा में शामिल होगी। विभाग में ज्वाइनिंग के दिन से ही पटवारी की सेवाएं शुरू हो जाएँगी। मुख्यमंत्री पंचकूला में आयोजित 2605 नव चयनित पटवारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने नव चयनित पटवारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहला अवसर है जब प्रदेश में पहली बार एक साथ 2605 नए पटवारियों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री ने सभी पटवारियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे सभी ईमानदारी और पारदर्शिता के पथ पर चलते हुए जनता के साथ संवाद स्थापित कर आम लोगों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करने की दिशा में कार्य करें। साथ ही, विभाग की सभी प्रक्रियाओं को सरल और प्रभावी बनाते हुए तकनीकी और प्रशासनिक नवाचारों को भी अपनाये।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी का अधिकार देने वाला राज्य बना**

हरियाणा पूर्ववर्ती सरकारों में हरियाणा प्रदेश में नौकरियों में भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान सरकारी नौकरियों की लिस्ट जारी होने से पहले ही अखबारों की हैडलाइन बन जाती थी। ऐसी व्यवस्था से पात्र युवा नौकरी से वंचित रह जाता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस व्यवस्था को बदलने का काम वर्तमान राज्य सरकार ने किया है। आज प्रदेश में बिना खर्ची-पर्ची के गरीब परिवार का युवा मेरिट के आधार पर एचसीएस भर्ती हो रहा है। अब किसी भी युवा को नौकरी के लिए किसी एमएलए या मंत्री के दरबार में हाजिरी नहीं लगानी पड़ती। वर्तमान सरकार ने नौकरियों में पारदर्शी भर्ती सिस्टम खड़ा करके युवाओं की मेहनत को सम्मान दिया है। मेरिट के आधार पर खर्ची-पर्ची के बिना नौकरी का यह अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने उपलब्ध करवाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान वायदा किया था की दोबारा शपथ लेने से पहले 24,000 युवाओं को सरकारी नौकरी ज्वाइन करवाएंगे और इस वचन को उन्होंने निभाया। उन्होंने कहा कि आज युवाओं में भी विश्वास जगा है कि नौकरी किसी के चक्कर काटने से नहीं बल्कि पढ़ने से मिलेगी।

**किसानों को मुआवजा दिलवाने में पटवारी का दायित्व अहम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा जैसे अत्यधिक बारिश, ओलावृष्टि, सूखा आदि में किसानों को राहत प्रदान करने में पटवारी की बड़ी अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब पात्र किसान को फसल नुकसान का मुआवजा नहीं मिलता था, जबकि अपात्र लोग मुआवजा ले जाते थे। आज के डिजिटलीकरण के युग में ड्रोन और सैटेलाइट आदि की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि फसल नुकसान की स्थिति में पटवारी का दायित्व है कि सही आंकड़े सरकार को दें ताकि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा समय पर मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटवारियों को मिली यह जिम्मेदारी एक नौकरी नहीं है बल्कि एक सेवा है। उन्होंने पटवारियों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा का भूमि का रिकॉर्ड देश में वन ऑफ द बेस्ट लैंड रिकॉर्ड है, लेकिन उसके अंदर रेगुलर चेंज करने का काम हरियाणा सरकार कर रही है। इस कार्य में पटवारी की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जिस तरीके से हरियाणा सरकार ने पात्रता और काबिलियत पर आपको चुनने का काम किया है उसी तरीके से आप जब जनता के बीच में जाएं तो इसी ईमानदारी, मेहनत से और निष्पक्षता से जनता को फायदा पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि योजना के तहत गांव के अंदर जितने भी लाल डोरा की भूमि और अन्य भूमि थी उसका मालिकाना हक देने का काम भी सरकार कर रही है। इसमें भी एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पटवारियों की होगी ताकि पात्र लोगों तक सही तरीके से लाभ पहुंच सके। मंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 1.71 लाख नौकरियां पारदर्शिता के आधार पर युवाओं को दी गई है। उन्होंने

# आगामी नगर निगम चुनावों में सभी 20 सीटों पर जीत हासिल करेगी भाजपा : जगमोहन

## भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में नवनियुक्त बूथ अध्यक्षों का फूल-मालाओं से हुआ स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा के नवनियुक्त बूथ अध्यक्षों व अन्य कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने अपने कर कमलों से नवनियुक्त बूथ अध्यक्षों को फूलों की मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा का संगठन पर्व चल रहा है ओर पार्टी में सदस्यता अभियान के अतिरिक्त नियुक्तियां भी की जा रही है ।

उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के अंतर्गत करनाल विधानसभा पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है, जिसका श्रेय निष्ठावान कार्यकताओं को जाता है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनावों में भाजपा को करनाल विधानसभा में करीब 90 हजार मत प्राप्त हुए थे और अब सदस्यता अभियान में भी करनाल विधानसभा में भाजपा के 90 हजार प्राथमिक सदस्य बने हैं, जो कि स्वेच्छा से बने हैं।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा एक कैडरबेस पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ता ही सर्वप्रथम होता है। भाजपा का कार्यकर्ता कभी बैरकों में नहीं बैठता अपितु लोगों के बीच में जाकर काम करता है। उन्होंने बताया कि करनाल में 234 बूथ हैं, जिसमें 180 बूथों पर बूथ अध्यक्ष बनाने का काम पूरा कर लिया गया है। आगामी नगर निगम चुनावों में भाजपा करनाल की सभी बीस सीटों पर जीत हासिल करेगी और करनाल नगर निगम में मेयर चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी हरियाणा में सर्वाधिक मतों से जीत हासिल करेगा। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि गत चुनावों में पार्टी चुनाव छोडकर जाने वाले और पार्टी के विरोध में काम करने वालों का पार्टी में कोई स्थान नहीं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के चुनावों में कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता को ही पार्टी टिकट देगी और इसका निर्णय कार्य समिति की बैठक में होगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से दिल्ली विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रत्याशियों के हित में कार्यकर्ताओं को प्रचार करने का आह्वान किया।

मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक भंडारी, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार, शहरी मंडल अध्यक्ष बिशन सिंह शेखावत, रामनगर मंडल अध्यक्ष अमर ठक्कर, कर्ण मंडल महामंत्री अजय कश्यप, अलका चौधरी सहित अन्य पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवक ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल में रेलवे स्टेशन के नजदीक एक युवक ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 22 वर्षीय गुरप्रीत के रूप में हुई है। सीएचडी सिटी के नजदीक मृतक का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। वंदे भारत ट्रेन के लोको पायलट ने घटना की सूचना जीआरपी को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जीआरपी थाने के जांच अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि मृतक गुरप्रीत कैथल के बलराज नगर का रहने वाला था। वह कैथल में एक चिकन शॉप चलाता था। वह सोमवार को दोपहर साढ़े 12 बजे घर से अपनी बाइक निकला था और अपने पिता तरसेम सिंह को यह कहा था कि वह यहीं लोकल में है और कुछ देर में आ जाएगा। परिजनों और पुलिस को अभी सुसाइड के कारणों का पता नहीं चला पाया है।

जीआरपी करनाल में पुलिस जांच अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि सीएचडी सिटी उचाना की बैक साइड में एक डेड बॉडी मिली थी। रेलवे ट्रैक पर चालू हालत में एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ था और मृतक की बाइक भी बरामद हुई है। मोबाइल फोन से उसके पिता का नंबर निकाला गया और बात की गई।

पिता तरसेम सिंह को सारे हालात बताए गए। शव को रात को ही शिनाख्त के लिए मॉच्युरी हाउस करनाल में रखवा दिया था। परिजन मौके पर पहुंचे और शिनाख्त की। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मृतक के मोबाइल को भी चेक कर रही है, ताकि सुसाइड के कारणों का पता लग सके।

# कंपनी पर दूषित पानी अवैध रूप से जमीन में छोड़ने का आरोप

**शिकायत**

**▶▶ शिकायत में गांव के दीपक ने बताया कि मेटल कंपनी उनके गांव की आबादी के पास स्थित है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** पांची गुजरान (गढ़ी गुलामा) के एक व्यक्ति ने मंगलवार को एसडीएम मनीष कुमार फौगाट को एक मेटल कंपनी द्वारा गांव में दूषित पानी अवैध रूप से छोड़ने की शिकायत दी है। शिकायत में गांव के दीपक ने बताया कि मेटल कंपनी उनके गांव की आबादी के पास स्थित है।

उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा दूषित पानी और कचरे को बिना शोधित कर कंपनी के बाहर व सीधे जमीन के बोर में छोड़ दिया जाता है, जिससे भूजल प्रदूषित हो रहा है। इससे पीने के पानी की गुणवत्ता खराब हो गई है और बीमारियां फैल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन उनकी बात को नजरअंदाज किया जाता है। यह पानी पर्यावरण के लिए हानिकारक होने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है।

# धान की बोरियों से भरा ट्रक ट्राला पलटा



**नशे में था**

**▶▶ मशीन पर बैठे व्यक्ति ने कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि ट्रक-ट्राला धान लेकर तरावडी जा रहा था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में** शामगढ़ के नजदीक धान की बोरियों से लदा ट्रक-ट्राला गन्ने का रस निकालने वाली मशीन पर पलट गया। मशीन पर बैठे व्यक्ति ने कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि ट्रक-ट्राला धान लेकर तरावडी जा रहा था और सर्विस रोड पर उतरते वक्त ट्राले का एक्स्ल टूटने की वजह से हादसा हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को एक ट्रक.ट्राला धान की बोरियां लाद कर कोटा से तरावड़ी जा रहा था। शामगढ़ के पास ट्रक-ट्राला में सवार चालक बंटी ने तरावडी जाने के लिए सर्विस लेन पर गाड़ी को उतारना शुरू किया। ट्राला की साइड में गन्ने का रस निकालने वाली मशीन का ड्राइवर तेजपाल अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान उसे ट्राला अपनी तरफ बढ़ते दिखा और ट्रक-ट्राला कैबिन से अलग हो गया और सर्विस रोड पर पलट गया।

गन्ना मशीन मालिक तेजपाल ने बताया कि वह शामगढ़ का है और अपना काम खत्म करके घर लौट रहा था। मेरी साइड में ट्राला और वह पलटने लगा। मैने तुरंत मशीन से नीचे छलांग लगा दी। तब तक ट्राला पलट चुका था और मशीन बोरियों में दबी हुई थी।

एक बोरी मुझ तक पहुंची। मशीन के साथ मैं भी दब सकता था। आरोपी ट्रक-ट्राला ड्राइवर ने नशा किया हुआ है।

मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक-ट्राला गन्ना मशीन पर पलटा है। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### पेड़-पौधों से सुसज्जित वातावरण में सहज रूप से मिलती है शिक्षा: गुरनाम मंढ़ाण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला इंद्री में खंड शिक्षा अधिकारी गुरनाम सिंह मंढाण के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान चलाया गया। उन्होंने हींग और हारसिंगार के रोप कर अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाठशाला के शिक्षक पर्यावरण मित्र महिंन्द्र खेड़ा ने की। अभियान में धर्मवीर लठवाल, हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा, एबीआरसी डॉण बारूराम मंढान, बीआरपी धर्मेन्द्र सिंह, कविता काम्बोज, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी रमेश काम्बोज, लिपिक अशोक कुमार, मुकेश कुमार, नरेन्द्र बंटी, सतबीर गिल व महिंन्द्र काम्बोज गढ़ी बीरबल ने योगदान किया। बीइओ डॉ. गुरनाम मंढान ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्कूलों के परिसर सीखने सिखाने के लिए आदर्श बनाने में पेड़ पौधों की अहम भूमिका होती है। पेड़ पौधे पर्यावरण के संरक्षक हैं। पेड़ पौधों से सुसज्जित वातावरण में विद्यार्थियों को सहज ही सीखने को मिलता है। उनमें प्रकृति और पर्यावरण के संस्कार भी पैदा होते हैं। उन्होंने छुट्टियों में भी स्कूल सौन्दर्यीकरण और पर्यावरण के लिए काम करने वाले अध्यापकों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मूल्यों को समाज में प्रसारित करने में अध्यापकों को आगे ही रहना होगा।

### वेलफेयर फाउंडेशन ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** बाबा भगवान दास जन जागरण वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरित किए गए। फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि हमारी जन जागरण वेलफेयर फाउंडेशन समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की सहायता करती रहती हैं। जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता मुहैया करवाती है। इसके अलावा कौशल रोजगार, दहेज उन्मूलन, नशा मुक्त, गरीब सहायता, पौधारोपण, गौ-सेवा, शुद्ध जल की व्यवस्था जैसी अनेक परोपकारी कार्य करती रहती है। इस कार्यक्रम में स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज के लिए प्रेरणादाई हैं। बाबा भगवान दास वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्य अति सराहनीय है। इसी कड़ी में संस्था संरक्षक डॉ. सुकेश दीवान ने कहा कि हमारी संस्था के उद्देश्यों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। संस्था समाज में व्याप्त अनेक कुरूतियों को दूर करने का प्रयास करते रहती है। आवारा गोवंश को कड़ाके की ठंड से बचाव के बारे में उन्होंने कहा कि नगर पालिका या ग्राम पंचायत नजदीकी गोशाला में आवारा गोवंश को पहुंचाने का सहयोग करें, ताकि किसानों की फसल भी बच सके और आवारा गोवंश भी सर्दी से बच सके। इस अवसर पर धौलपोश गोशाला प्रधान रविंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, सूरजभान बोहरा, कानूनी सलाहकार एडवोकेट राहुल कौशिक, एडवोकेट राजेंद्र शेखावत, एडवोकेट सुजाता शेखावत, एडवोकेट शशीबाला समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

### हकेंवि में उन्मुखी एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मदन मोहन मालवीय टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर केंद्रित 17वें उन्मुखीकरण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# व्यापारी के घर डकैती, बुजुर्ग दंपति को बंधक बनाकर की मारपीट



**खंगाला**

**▶▶ बदमाशों ने दंपति के हाथ और मुंह बांधा, और करीब डेढ़ बजे से चार बजे तक पूरे घर को खंगाल दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में बीती आधी रात बदमाशों ने व्यापारी बुजुर्ग दंपति को चाकू की नोक पर बंधक बनाकर लाखों की डकैती को अंजाम दिया है। बदमाशों ने दंपति के हाथ और मुंह बांधा, और करीब डेढ़ बजे से चार बजे तक पूरे घर को खंगाल दिया। सोने-चांदी के जेवर, नकदी और डायमंड पर हाथ साफ कर दिया। बदमाशों के जाने के बाद बुजुर्ग ने किसी तरह से खुद को खोला और पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाया।

करनाल की गीता कालोनी में 52 वर्षीय व्यापारी संदीप गोयल अपनी पत्नी और बेटी के साथ रहते है। इनके बेटे दूसरे शहरों में रहते है। पीड़ित संदीप का डेयरी प्रोडक्ट का काम है और पत्नी किसी प्राइवेट स्कूल में अध्यापक है। 6-7 जनवरी की आधी रात करीब डेढ़ बजे 10-12 बदमाश घर के अंदर घुसे। हालांकि दरवाजों में हरकत की आवाज से संदीप की आंखे खुल गई थी। इससे पहले वे कुछ कर पाते। करीब पांच बदमाश अंदर घुसे और उसे और उसकी पत्नी को चाकू की नोंक पर बंधक बना लिया। उनसे साथ मारपीट की गई। इसके बाद पीड़ित के दोनों हाथ बांध दिए गए और मुंह पर भी पट्टी बांध दी। सुबह 4 बजे तक बदमाशों ने घर का एक-एक कोना छान मारा। घर में जो लाखों की नकदी थी और सोने चांदी के आभूषण थे, वह सब अपने साथ लेकर चले गए। बदमाशों ने उन्हें ढाई घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। पीड़ित संदीप ने बताया कि एक मुख्य बदमाश उसके पास ही बैठा हुआ था, जो बदमाशों को डायरेक्शन दे रहा था। साथ ही मेरे साथ मारपीट करके लॉकर और अन्य जगहों के बारे में पूछ रहा था। जहां पर कैश और गहने रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि घर में तीन कमरे हैं और तीनों कमरों में बदमाशों ने एक-एक चीज को खंगाला, जिसके अंदर से लाखों की नकदी और गहने ले गए। कुछ अंदर थे। इनकी भाषा लोकल थी और एक मैन बदमाश बार-बार मुझे लाला जी कहकर बोल रहा था और गहनों व नकदी के बारे में पूछ रहा था।

# दोस्त के लव अफेयर में गई युवक की जान



**जांच जारी**

**▶▶ गांव के एक परिवार ने युवक को ब्लैकमेल किया था, जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में एक 20 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी मौत गई है। तबीयत बिगडने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टर उसे बचा न सके। इसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई। पुलिस ने बॉडी का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दी है। इधर परिजनों ने युवक की आत्महत्या का आरोप गांव के कुछ लोगों पर लगाया है। उनका कहना है कि गांव के एक परिवार ने युवक को ब्लैकमेल किया था, जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली।

मृतक की पहचान शिवदयाल उर्फ शुभम कुमार के रूप में हुई है। वह करनाल के उचानी गांव का रहने वाला था। उसके परिजन बिल्लू ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया है कि शुभम एक मिस्त्री था। वह गांव में ट्यूबवेल की मोटरों की मरम्मत करता था।

बिल्लू का कहना है कि गांव में जो आरोपी परिवार है, उनकी लडकी का गांव के ही एक लडके के साथ अफेयर था। लडका उनकी लडकी को लेकर भाग गया था। बाद में उन्हें पकड़ लिया गया। जब इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस ने उस लडके को जेल में डाल दिया। इस समय वह लडका जेल में ही है।

मृतक के परिजन ने बताया कि उस लडके से शुभम की दोस्ती थी। लडकी के घरवालों को लगता है कि लडकी को भगाने में शुभम का भी हाथ था। इसलिए वे शुभम को भी परेशान कर रहे थे। बिल्लू ने बताया है कि 4 जनवरी की शाम को जब शुभम आरोपियों के घर के सामने से गुजर रहा था तो उन्होंने उसका रास्ता रोका। उससे कह रहे थे कि तेरा दोस्त तो जेल चला गया है। अब तुझे भी जेल में डलवाया जाएगा। आरोपियों ने उससे पैसे की डिमांड की। उनसे बचकर जब शुभम घर आ गया तो वह परेशान था। हालांकि उसने इस घटना के बारे में घर में किसी को नहीं बताया। 2 दिन तक वह काफी परेशान रहा।

# नपा उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास बैठक अब 10 को

**बैठक**

**▶▶ जब एसडीएम बैठक में नहीं आए तो उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की थी।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** नगरपालिका उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास बैठक 10 जनवरी को निर्धारित कर दी गई है। इससे पहले यह बैठक 3 जनवरी को निर्धारित की गई थी, लेकिन एसडीएम मनीष कुमार फौगाट के बैठक में न पहुंच पाने के कारण बैठक नहीं हो पाई। बैठक में 17 में से 14 पार्षद पहुंचे थे, लेकिन जब एसडीएम बैठक में नहीं आए तो उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की थी। इस बारे में एसडीएम मनीष कुमार फौगाट ने बताया कि वह अचानक बीमार हो गए थे, जिस वजह से बैठक में नहीं पहुंचे पाए थे।

उन्होंने कहा कि अब बैठक 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे नगरपालिका के सभागार में होगी। इस संबंध में सभी पार्षदों को पत्र भेज कर सूचित भी कर दिया गया है।

# क्रिकेटर सुमित नरवाल बने लीजेंड 90 टूर्नामेंट में दिल्ली रायल्स टीम का हिस्सा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के चिढाव गांव के रहने वाले सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी सुमित नरवाल फरवरी 2025 में आयोजित होने वाली लीजेंड 90 लीग क्रिकेट टीम का हिस्सा बने हैं और इसके साथ इनके साथी खिलाड़ी लखविंदर उर्फ लक्खा को भी इस लीग में खेलने का मौका मिला है।

क्रिकेटर सुमित नरवाल ने बताया कि उनको लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रायल्स की टीम के लिए चुना गया है क्रिकेट के इस टूर्नामेंट में शिखर धवन, सुरेश रैना, हरभजन सिंह, मार्टिन गुप्टिल, ड्वेन ब्रावो और क्रिस गेल जैसे कुछ पूर्व क्रिकेट सितारे शामिल होने वाले हैं।

सुमित नरवाल ने बताया कि इस टूर्नामेंट में सात टीमें जिनमें छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लेडियेटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज और राजस्थान किंग्स की टीमें भाग ले रही है। इस टूर्नामेंट में दिल्ली रायल्स की कमान शिखर धवन और न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर रॉस टेलर संभालेंगे जबकि क्रिस गेल बिग बॉयज की कमान संभालेंगे। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के पास मार्की खिलाड़ी मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायुडू हैं, वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स के लिए कमान संभालेंगे, हरभजन सिंह हरियाणा ग्लेडियेटर्स के लिए कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि शिखर धवन और रॉस टेलर जैसे खिलाड़ियों के नेतृत्व में, हमें विश्वास है कि दिल्ली रॉयल्स लीजेंड 90 लीग, जिसमें हमें खेलने का मौका मिलेगा में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# महेंद्रा स्पोर्ट्स स्टेडियम खेवड़ा के दो खिलाड़ियों ने जीते पदक



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** महेंद्रा स्पोर्ट्स स्टेडियम खेवड़ा के दो खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए रोहतक के जाट भवन में हरियाणा राज्य आर्म बाक्सिंग स्पोर्ट्स में खेलते हुए 2 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। कोच सुधीर ने बताया कि गढी असदपुर के कार्तिक ने 14 आयु वर्ग में 40 से 44 भार वर्ग में स्वर्ण पदक, कृष आंतिल नांदनौर ने 17 आयु वर्ग भार वर्ग में 94 किलो में स्वर्ण पदक प्राप्त किए।

इसके अलावा कार्तिक गढी असदपुर ने कुरूक्षेत्र में हुई वेस्ट इंडिया कराटे प्रतियोगिता में 14 आयु वर्ग में 40 से 42 भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

# नशे में धुत्त युवक की नाले में गिरने से मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एक युवक की नाले में गिरने से मौत हो गई। युवक नशे की हालत में था, वो नाले में गिरने के बाद खुद से ही बाहर निकला और फिर वो लडखड़ाते हुए आगे बढ़ा तो दूसरे नाले में जा गिरा। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, जब तक पुलिस मौके पर पहुंची और उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस मामले में जानकारी देते हुए जवाहर कॉलोनी निवासी रामवीर ने बताया कि सोमवार देर रात को कुछ शोर सुनाई देने पर वह और उनके पड़ोसी घर से बाहर निकले थे। तब एक युवक उन्हें नाले में गिरा हुआ नजर आया लेकिन उसे नाले से वह खुद खड़ा हुआ।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कलाम उर्फ कलमा पुत्रः** सलीम हुसैन **पताः** मकान नं. ए-122 डीडीए पार्क सहयोग विहार के पास, मटियाला नई दिल्ली, ने **FIR No. 035322/16 U/s 411/34 IPC थानाः द्वारका उत्तर नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कलाम उर्फ कलमा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कलाम उर्फ कलमा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 035322/16 U/s 411/34 IPC थानाः द्वारका उत्तर नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कलाम उर्फ कलमा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नीतिका कपूर
जेएमएफसी-06, दक्षिण-पश्चिम जिला,
कोर्ट नंबर 514
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/255/DW/2025
(Court Matter)

## संपादकीय

# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरसः फिर से चिंता में डूबी दुनिया

**ह्यूमन** मेटान्यूमोवायरस, न्यूमोविरिडे परिवार का हिस्सा है, यह एक श्वसन वायरस है जो हल्की सर्दी से लेकर निमोनिया और ब्रोंकियोलाइटिस जैसे गंभीर फेफड़ों के संक्रमण तक की बीमारियों का कारण बनता है। हालाँकि फ्लू या रेस्पिरेटरी सिन्सिटियल वायरस की तुलना में कम पहचाना जाने वाला, ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में श्वसन सम्बंधी बीमारियों का एक महत्त्वपूर्ण कारण है, खासकर सर्दियों और वसंत के दौरान। यह वायरस विशेष रूप से कमजोर आबादी जैसे कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा करता है। यह वायरस उनके लिए बड़ी मुश्किलें पैदा कर सकता है, इसलिए जागरूकता बढ़ाना और निवारक कदम उठाना महत्त्वपूर्ण है। शिशु और छोटे बच्चे विशेष रूप से ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी गंभीर श्वसन स्थितियों के प्रति संवेदनशील होते हैं। बड़े वयस्क 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति, साथ ही अस्थमा या सीओपीडी जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों में जटिलताएँ होने की संभावना अधिक होती है। गर्भावस्था के दौरान एचएमपीवी के कारण श्वसन सम्बंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जो माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकती हैं। जिन लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है, चाहे वे किसी चिकित्सा स्थिति या कीमोथेरेपी जैसे उपचार के कारण हों, उनमें गंभीर लक्षण होने का जोखिम अधिक होता है। चीन में एचएमपीवी के हाल ही में हुए प्रकोप ने इस वायरस की संभावित गंभीरता को उजागर किया है, खासकर कमजोर समूहों में। ज्यादातर संक्रमण 14 साल से कम उम्र के बच्चों में हुआ, जिनमें से कई मामलों में उनकी गंभीरता के कारण अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता पड़ी। लक्षणों में लगातार खांसी और बुखार से लेकर ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी अधिक गंभीर स्थितियाँ शामिल हैं। अन्य श्वसन सम्बंधी बीमारियों से इसकी समानता निदान और उपचार को जटिल बनाती है। इसके प्रसार को रोकने के लिए, चीन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने हाथ धोने, मास्क पहनने और समय पर जाँच जैसे निवारक उपायों पर जोर दिया हैं। वयस्कों में एचएमपीवी के लक्षण अक्सर सामान्य सर्दी या फ्लू जैसे होते हैं। इनमें,लगातार खांसी, अक्सर बलगम उत्पादन शामिल हैं। नाक बंद होना या नाक बहना, बुखार, आमतौर पर हल्का से मध्यम थकान और शरीर में सामान्य दर्द, गले में खराश, गंभीर मामलों में सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं। बच्चों में गंभीर लक्षण होने की संभावना अधिक होती है. ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस अत्यधिक संक्रामक है और विभिन्न माध्यमों से फैलता है।

वायरस तब फैल सकता है जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, जिससे श्वसन की बूंदें हवा में फैलती हैं। वायरस संक्रमित व्यक्ति के साथ शारीरिक संपर्क के माध्यम से फैल सकता है, खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंखों या मुंह को छूता है। वायरस सतहों पर बना रह सकता है और दूषित वस्तुओं जैसे कि दरवाजे की कुंडी या मोबाइल डिवाइस को छूने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। छोटे श्वसन कण हवा में निलंबित रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाली या खराब हवादार जगहों पर।

# क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और दर्जनों एम्स



**डॉ. आर.के. सिन्हा**

> डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरूआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है

**अभी** बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियों बहुत वायरल हो रहा था , जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद अपने साथियों और रोगियों के साथ घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम है। दरअसल प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से अपने मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है। देखिए , किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से ड़ॉ तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए। डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमा पूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक ) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं। वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दशार्ते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरूआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (डउळ) और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करके ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है। उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है। डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं। उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है। डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरूआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है, और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। **डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर** एमबीबीएस, एमएस,एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए। एम्स अपने यहां पढ़े विद्यार्थियों को लगातार शोध करने और मानवीय बने रहने के लिए प्रशिक्षित करता है। यहां के डॉक्टरों में मानव सेवा का गजब का जज्बा देखने को मिलता है। विश्व विख्यात लेखक और मोटिवेशन गुरु डॉ.दीपक चोपड़ा,शिकागो यूनिवर्सिटी के पैथोलिजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार, गंगा राम अस्पताल के मशहूर लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोईन, एम्स के मौजूदा डायरेक्टर डॉ.रणदीप गुलेरिया,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.रमेश डेका, डॉ. पी.वेणुगोपाल,डॉ. सिद्धार्थ तानचुंग, यूरोलोजिस्ट डॉ. राजीव सूद जैसे सैकड़ों चोटी के डॉक्टरों ने एम्स में ही शिक्षा ग्रहण की और फिर इधर सेवाएं भी दीं। डॉ. राजीव सूद ने कुछ सालों तक एम्स में सेवा देने के बाद राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) को ज्वाइन किया और फिर इसके डीन भी रहे। वे कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा है। जो एक बार एम्स रह लिया वह फिर मानव सेवा के प्रति समर्पित रहेगा। इधर डॉ. जीवन सिंह तितियाल के अलावा प्रोफेसर प्रदीप वेंकटेश, प्रोफेसर तरुण दादा, प्रोफेसर विनोद अग्रवाल जैसे बेहतरीन नेत्र चिकित्सक हैं। इन्हें आप संसार के सबसे कुशल डॉक्टरों की श्रेणी में रख सकते हैं। इन सब डॉक्टरों की देखरेख में देश के नए डाक्टर तैयार होते हैं। आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है। एम्स भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और गांधी जी की सहयोगी राजकुमारी अमृत कौर के विजन का नतीजा है। जिस निष्ठा और निस्वार्थ भाव से एम्स के डॉक्टर रोगियों को देखते हैं, उससे समझ आ जाता है कि ये सामान्य अस्पताल तो नहीं है। भारत को अभी बहुत सारे एम्स और डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टर चाहिए।



**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

### तुम मत आना बस्तर

मुकेश ! तुम लौटकर मत आना बस्तर
बस्तर तुम्हारे लिए रो रहा है
तुम्हें खोने के बाद जंगल सो रहा है
झरने, नदिया, पहाड़ और गुफाएं
तुम्हें भूला नहीं पाएंगे

मुकेश ! तुम लौटकर मत आना बस्तर
तुम अब बस्तर की पीड़ा मत लिखना
आदिवासियों की भूख मत लिखना
जंगल की लुट मत लिखना
भ्ष्टार्चार पर तुम चुप रहना

मुकेश ! तुम लौटकर मत आना बस्तर
पत्रकार बनकर मत आना
सच लिखने की हिम्मत मत लाना
नक्सल की पीड़ा पर चुप रहना
लेकिन, बिकना हो तो बस्तर आना

मुकेश ! तुम लौटकर मत आना बस्तर
सच लिखोगे तो मारे जाओगे
सेप्टीटैंक में चुन दिए जाओगे
जिंदगी के सपने यूँ लुटा जाओगे
दोस्त ! अपनों को बिलखता छोड़ जाओगे

मुकेश ! तुम लौटकर मत आना बस्तर
मरकर भी इतिहास नहीं बन पाओगे
पत्रकार हो तो कोई सम्मान नहीं पाओगे
मौत देने वालों को क्या मौत दे पाओगे
खबर लिखने वालों खबर बन जाओगे

मुकेश ! तुम लौटकर मत आना बस्तर
तुम शहीद नहीं कहलाओगे
शौर्य और परमवीर चक्र नहीं पाओगे
तुम्हारे नाम पर बस्तर की वह सड़क न होगी
चौराहे पर खडी तुम्हारी कोई मूरत न होगी

प्रभुनाथ शुक्ल

## दलित-आदिवासी उत्पीड़न की प्रयोगशाला बनता मध्य प्रदेश

**कमलनाथ**

"**अगर देश के** किसी गाँव में किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया जाता है तो समझ लीजिए वहाँ आजादी नहीं पहुँची। वह गाँव आजाद नहीं है।" आजादी के कुछ वर्ष बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले की प्राचीर से यह बात कही थी। और आज भी देश या प्रदेश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि किसी प्रदेश में दलितों और आदिवासियों की स्थिति कैसी है कहीं उनके ऊपर अत्याचार तो नहीं हो रहे हैं दुर्भाग्य से हम देखते हैं तो मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है और जहाँ दलितों और आदिवासियों का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है। इन अत्याचारों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ही दलित, आदिवासी और संविधान विरोधी है। एक तरफ संसद में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं और दूसरी तरफ बीजेपी राज में दलितों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। पुलिस कस्टडी में दलित आदिवासियों की मौत हो रही हैं।

दलितों, आदिवासियों की कब्रगाह बना मध्यप्रदेश दलितों पर अत्याचार के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले दिनों शिवपुरी जिले के इंदरगढ़ गांव का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया, जहाँ दबंगों ने दलित नारद जाटव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित बेटे की हत्या कर दी गई। इछावर में दलितों को मंदिर जाने से रोका गया। दलितों को आतंकित करने वाली ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं लेकिन सरकार चुप्पी साधे है। सतवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है।

पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्याचार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई नितिन अहिरवार की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा राजेंद्र अहिरवार की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। इन घटनाओं के बाद एक बार फिर साबित हो गया था कि प्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घट रही हैं।

## विचार

## सर्द ऋतु में त्वचा की देखभाल

**शहनाज हुसैन**

**ऊंची हिमालयी** पर्वत श्रख्लाओं पर सीजन की जबरदस्त बर्फवारी के बाद पहाड़ों के साथ-साथ मैदानी ईलाकों में भी तीखी ठण्ड का आगाज हो गया है। हिमालयी पर्वतीय क्षेत्रों की ठण्डी हवाओं से तापमान में गिरावट के साथ ही मौसम में नमी में कमी आ जाती है तथा ठण्डी हवाओं के झोंको से त्वचा में रूखापन तथा लालगी झलकनी शुरू हो जाती है। वातावरण में अचानक बदलाव से त्वचा खोपड़ी, होठों तथा नाखून बूरी तरह प्रभावित होते हैं। सर्द ऋतु की तेज हवाओं से त्वचा शुष्क तथा पपड़ीदार होने के साथ ही होठों का फटना भी शुरू हो जाता है।

सर्द मौसम के शुरूआती दिनों में त्वचा को क्रीम, माइस्चराईजर, फलों, पेय पदार्थो तथा उचित पोषाहार के माध्यम से नमी तथा आर्द्रता प्रदान की जानी चाहिए। सर्दियों के माह के आरम्भ में मौसम में आर्द्रता की कमी से त्वचा में खिंचाव आना शुरू हो जाता है। जैसे ही वातावरण में आर्द्रता कम होना शुरू होती है वैसे ही शुष्क तथा फोड़े, फुन्सी से ग्रसित त्वचा के लिए परेशानियों का सबब शुरू हो जाता है।

अगर आप अपनी रसोई तथा किचन गार्डन से कुछ पदार्थो का सही उपयोग करे तो त्वचा से सम्बन्धित सभी परेशानियों को प्राकृतिक तरीके से आसानी से उपचार किया जा सकता है। सर्दियों में सामान्य तथा शुष्क त्वचा को सुबह तथा रात्रि में क्लींजिंग क्रीम तथा जैल से ताजे सामान्य पानी से धोना चाहिए। इस मौसम में त्वचा की आर्द्रता वातावरण में मिल जाती है तथा त्वचा को खोई हुई आर्द्रता को प्रदान करना अत्याधिक आवश्यक होता है।

त्वचा में आर्द्रता तथा नमी की लगातार कमी से त्वचा में रूखापन, पपड़ी, खुरदरापन तथा लालगी आनी शुरू हो जाती है। रात्रि में त्वचा से मेकअप तथा प्रदूषण की वजह से नमी गन्दगी को हटाने के लिए त्वचा की क्लींजिंग अत्याधिक जरूरी हो जाती है। त्वचा पर क्लींजर की मदद से हल्के से मालिश कीजिए तथा गीली काटन वूल से साफ कर दीजिए। गीली काटन वूल त्वचा से किसी भी प्रकार की नमी को नहीं सोखती जिसकी वजह से त्वचा में शुष्कता को रोकने में मदद मिलती है। सुबह सवेरे त्वचा की क्लींजिंग के बाद त्वचा को गुलाबजल आधारित स्किन टॉनिक या गुलाब जल से काटनवूल की मदद से टोन कीजिए। टोनिंग की बवजह से त्वचा में रक्त संचार बढ़ता है। सर्दियों के मौसम में दिन के समय त्वचा को धूप की किरणों से बचाने के लिए सनस्क्रीन का उपयोग कीजिए। सूर्य की तपिश की वजह से त्वचा में नमी में कमी आ जाती है। अधिकतर सनस्क्रीन में मॉइस्चराइजर विद्यमान होते है। माइस्चराईजर क्रीम तरल पदार्थ के रूप में उपलब्ध होते है। तरल माइस्चराईजर को फाउंडेशन लगाने से पहले प्रयोग करना चाहिए। जब भी त्वचा में रूखापन बढ़ना शुरू होता है तभी त्वचा पर द्रव्य माईस्चराईजर का प्रयोग कीजिए। रात्रि को त्वचा को नाइट क्रीम से घोषित करना चाहिए। त्वचा पर नाइट क्रीम लगाने से त्वचा चिकनी तथा मुलायम हो जाती है। जिससे त्वचा में नमी बनी रहती है। त्वचा की क्लींजिंग के बाद त्वचा पर पोषक क्रीम लगाकर त्वचा के उपरी तथा नीचले हिस्सों में अच्छी तरह मालिश करनी चाहिए तथा इसके बाद क्रीम को गीली काटन वूल से साफ करना चाहिए। आंखों की बाहरी त्वचा के इर्द-गिर्द क्रीम लगाकर 10 मिनट बाद इसे गीले काटन वूल से धो डालना चाहिए। अक्सर तैलीय त्वचा को सतही तौर पर रूखेपन की समस्या से रूबरू होना पड़ता है। तैलीय त्वचा साफ करने के तुरन्त बाद रूखी बन जाती है। लेकिन अगर इस त्वचा पर क्रीम या माइस्चराईजर की मालिश की जाए तो फोड़े, फुन्सियों आदि उभर आती है।

इस त्वचा में रूखेपन की समस्या के निदान के लिए क्लीजिंग मिल्क, फेशवाश या हल्के माइस्चाराईजर लोशन का उपयोग किया जा सकता है। इस त्वचा पर तेल रहित क्रीम लगाने से भी राहत मिलती है। तैलीय त्वचा के बाहरी रूखेपन से निपटने के लिए चेहरे पर प्रतिदिन दस मिनट तक शहद लगाकर उसे साफ ताजे पानी से धो डालिए।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## कश्मीर में अब होगा अमन चैन का खुशनुमा माहौल

**संजीव**

**जम्मू कश्मीर** की वादीयों में अब अमन चैन लहराने लगा है ।कई देश और प्रदेश यहां पर्यटन के विकास के लिए और इसके अर्थ तंत्र को मजबूत करने में भारत सरकार का साथ दे रहे हैं। कश्मीर में पर्यटन फिर से फलने फूलने लगा है शांति स्थापित होने के साथ साथ ही राष्ट्रीय त्यौहार बड़े जोर-शोर से मनाया जाने लगा है। भारत सरकार काश्मीर की शांति, सद्भावना और विकास के लिए कटिबंध है। अब जम्मू काश्मीर में शांति और सद्भावना धीरे-धीरे बहाल हो रही है और प्रदेश खुशहाली की तरफ बढ़ रहा है ।इतिहासकार जम्मू कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहते आए हैं' और यह

अत्यंत सही भी है की जम्मू कश्मीर की लुभावनी फिजाएं सुरम्य झील, नदियां, पहाड़ पर्यटकों को लुभाती आ रही हैं' पाक समर्थित आतंकवादी यह नहीं चाहते कि जम्मू कश्मीर में फिर शांति सद्भावना स्थापित हो और काश्मीरी ब्राह्मण वापस आकर रहने लगें। ये आतंकवादी इस मंतव्य से जाति विशेष के लोगों की हत्या कर रहे हैं कि वहां पर जातिगत वैमनस्यता भड़का कर घाटी में ज्यादा से ज्यादा अशांति का संचार हो और वह अपने मकसद पर कामयाब हो जाए। इधर एलएसी में नापाक चीन द्वारा तवांग घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश की गई जिसका भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब देकर उन्हें वापस खदेड़ा गया। एलओसी और एलएसी पर माहौल काफी चिंतनीय है और सीमा पर स्थाई समाधान खोजने की परम आवश्यकता है। जम्मू कश्मीर में 370 धारा हटाने के बाद पाकिस्तान लगातार तिलमिलाया हुआ है, और वहां शांति,अमन फैलने से काफी बेचैन भी है। कश्मीर में चरमपंथी, कश्मीरी पंडितों की वापसी के बीच अल्पसंख्यकों का भरोसा तोड़ना चाहते हैं। कश्मीर में विगत 30 वर्षो से आतंकवादी हिंसा से 35 से 40 हजार लोगों की हत्या हो चुकी है। चरमपंथी जम्मू कश्मीर की शांति स्थापना के प्रयास को तोड़ना चाह कर, वहां अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अत्यंत उल्लेखनीय है कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार का वहां पर विकास की योजनाएं लागू करने पर पूरा जोर लगा रही है।

## मुर्गा लड़ाई और टीवी सेठ

**रामविलास जांगिड़**

**चार** अलग-अलग व्यापारियों के मुर्गों की लड़ाई एक बड़े टीवी न्यूज चैनल पर हो रही थी। फालतू लोग उत्सुकता और उत्तेजना से इस चुनावी मुर्गा लड़ाई को देखने के लिए रोज न्यूज चैनल देखते थे। चैनल-चैनल ये मुर्गा लड़ाई जारी रहती। यह सिर्फ मुर्गों की लड़ाई नहीं थी बल्कि, चुनावी व्यापारियों के बीच झूठ, मक्कारी, बेईमानी और अहंकार का ही खेल था। ये लड़ाई निश्चित समय पर रोज शाम 4 से 7 के बजे हुआ करती। हमेशा की तरह आज भी चार अलग-अलग व्यापारियों ने अपने-अपने मुर्गों की ताकत का दावा ठोक डाला। हर व्यापारी अपने मुर्गे को सबसे झूठा, मक्कार और चालाक बताता। ये व्यापारी थे- गठबंधानी, जो अपने काले और चमकीले मुर्गे कालू को लेकर आया था। पलटूराम, जिसका सफेद और लंबी चोंच वाला मुर्गा चांद था। दलदली, जिसके पास हल्के भूरे रंग का सूरज नाम का मुर्गा था; और रबड़दली, जो लाल पंखों वाले खूबसूरत मुर्गे लालू को लेकर आया था।

न्यूज चैनल पर चारों मुर्गों को गोल घेरे के भीतर लाया गया। लोग रजाई में दुबककर लड़ाई की शुरूआत से ही मजे लेने शुरू कर देते थे। टीवी माता की हसीन एंकरी बाई अपनी रंगीन मुस्कुराहट के साथ ही मुर्गों को टीवी स्क्रीन पर खुला छोड़ देती। अक्सर मुर्गे टीवी की स्क्रीन फाड़कर बाहर निकल जाया करते थे। बाहर निकल कर वहीं दर्शकों के सामने ही अंडे दे दिया करते। इससे देश में भुखमरी की समस्या का समाधान हो जाता। प्रायः कालू और चांद एक-दूसरे के सामने खड़े हो जाते। कालू अपनी चोंच में झूठ की तोप लेकर हमला किया करता, लेकिन चांद बेईमानी की फुर्ती से बचते हुए पोस्टर दिखाकर वार करता। वहीं दूसरी ओर सूरज और लालू की लड़ाई लैपटॉप और मोबाइल दिखाकर होती। लालू अपनी जालसाजी के लिए जाना जाता, लेकिन सूरज की मक्कारी उसे चौंका डालती। लड़ाई जैसे-जैसे आगे बढ़ती, टीवी दर्शकों का उत्साह बढ़ता जाता। दर्शक चीखते चिल्लाते। वे अपने-अपने पसंदीदा मुर्गे-मुर्गियों का हौसला बढ़ाते। चुनावी व्यापारी अपना जोश दिखाते।

## न्यूज फ्लैश

### केन्द्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों का बहुत फायदा : नेहरा



**गन्नौर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने गन्नौर विधानसभा के गांव भूर्री में मण्डल महामंत्री श्रवण कौशिक के आवास पर राजपुर मण्डल के कार्यकताओं को भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूक किया। नेहरा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए जनहित की अनके योजनाएं बनाई है। जिनका आज प्रदेश की जनता को फायदा मिल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने योजनाओं का सरलीकरण भी किया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इनका लाभ उठा सके। इसलिए कार्यकताओं को भी इनका प्रचार प्रसार करना चाहिए। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, आशु त्यागी सरपंच धतुरी, हरीओम वर्मा,विरेन्द्र लाकड़ा,नविन वशिष्ठ विरेन्द्र लाकड़ा, राजेन्द्र शिशवाल, सतबीर प्रजापति, जगदीश शर्मा,आंनद शर्मा एडवोकेट जगबीर राठी, दीपक नैन, शमशेर तुफान, रवी कश्यप, इकबाल राठी दिलबाग राठी आदि मौजूद थे।

### सात दिवसीय शिविर के समापन पर स्वयं सेवकों को राष्ट्र सेवा के बारे में जागरूक किया




**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी झंझारा में सात दिवसीय एन एस एस शिविर का समापन प्रधानाचार्य सतपाल राठी की अध्यक्षता में हुआ। राठी ने छात्रों को राष्ट्र सेवा,सामाजिक कार्यों, राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को समझाया। एन.एस. एस. प्रोग्राम अधिकारी विनय भारकाज ने भी स्वयं सेवकों से सात दिन चले शिविर के अनुभवों पर चर्चा करते हुए इन सभी उद्देश्यों को जीवन में भी सार्थक करने के लिए अभिप्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में बताया। स्वयंसेवकों में ललित, शुभम, फरदीन, तुषार, आयुष, फैसल, आर्यन, आयुष नीरज, नरगिश, तन्नू, अन्नू, भशिका, प्रियका, काजल, खुशी, अमजद, फरिमाना, शाहिद आदि ने सेवा योजना के दौरान किए कार्य बताए। इस अवसर पर सत्यनारायण, रामकुमार, सरोज, सुनीता कमलेश आदि शिक्षक मौजूद थे।

### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत** जिले के थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जगमिन्द्र उर्फ मोंटी  निवासी फरमाना जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभाग से  मिली जानकारी के अनुसार 9 दिसम्बर को जिला सोनीपत निवासी एक नाबालिग लडकी नें थाना खरखौदा में शिकायत दी कि आरोपी जगमिन्द्र उर्फ मोंटी उपरोक्त नें मेरे साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना का भारतीय न्याय सहिंता की धाराओं व पोक्सो अधिनियम के तहत थाना खरखौदा में केस दर्ज किया गया था। इसी मामले में थाना खरखौदा की जाँचकर्ता टीम में नियुक्त चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रविदास ने अपनी पुलिस टीम के साथ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नाबालिग लडकी के न्यायालय के आदेशानुसार मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई गई थी।

# समाधान शिविर जैसी की अनूठी पहल का जनता को मिल रहा लाभ: भारती

**-एसडीएम संजीव कुमार ने समाधान शिविर में सुनी जन समस्याएं**

**उद्देश्य**

**समाधान शिविर में एसडीएम संजीव कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं, समाधान के निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार की ओर से आमजन की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से नित्य रोज लगाए जा रहे समाधान शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को लघु सचिवालय एसडीएम कार्यालय में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में एसडीएम संजीव कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य के लोगों की समस्या को प्राथमिकता देकर उनका निदान करने के लिए प्रयासरत है। यही कारण है कि सरकार ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए समाधान शिविर लगाने का फैसला किया, जोकि आज पूरी तरह फलीभूत होता नजर आ रहा है। यह समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर संबंधित विभागों से

## मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजीः रणबीर



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बबैल में चल रहे एन एस एस के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि रहे पूर्व प्राचार्य  रणबीर जागलान ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया की सफलता पाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता अगर वे वास्तव में सफल होना चाहते हैं। तो जीवन में अनुशासन और मेहनत को धारण करे। जीवन मे मौके बार बार नहीं मिलते, इसलिए जब भी, जहाँ से भी और जिस से भी ज्ञान मिल जाये उसको स्वीकार करें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रहे  प्रमोद धीमान पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य बबैल ने बच्चों को अपने गुरुओं व माता पिता का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी अजेन्द्र कुण्डू में बताया कि कैम्प में 55 बच्चों ने 7 दिन अनेक महत्वपूर्ण शख्शियतों से ज्ञानार्जन किया है। बच्चों ने कैम्प का बहुत आनंद लिया।

सभी ने बहुत ही धैर्य न अनुशासन का परिचय दिया। सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस कैम्प में  बलिंद्र अहलावत,  सत्यवान, हरीश व अजय ने बहुत योगदान दिया।

### रूपेश देशमुख महाराष्ट्र विज्ञान अकादमी के फेलो चयनित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष  प्रो. रूपेश देशमुख को महाराष्ट्र विज्ञान अकादमी (एमएएस) का फेलो चुना गया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रो. रूपेश देशमुख को इस उपलब्धि पर बधाई दी और शैक्षणिक मोर्चे पर ऐसे सम्मानों की भूमिका को रेखांकित किया। कुलपति ने विश्व की चुनौतियों का समाधान करने और शोध प्रयासों को स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित करने में वैज्ञानिक अकादमियों के महत्त्व पर जोर दिया।

## खण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

**सोनीपत** भारत ,नेहरु युवा केन्द्र सोनीपत (युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार ) के तत्वावधान में युवा संगठन खरखौदा के द्वारा खण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रताप सिंह मेमोरियल सी०से० स्कूल खरखौदा सोनीपत में किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित श्री ओमप्रकाश दहिया जी ने की। उन्होंने खेलो की शरुआत में ही युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करते हुऐ नशा न करने की शपथ दिलाई।उन्होंने बॉलीवाल टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर मैच शुरू करवाया प्रतियोगिता में लम्बी कूद में नमन प्रथम,गौरव द्वितीय, दिखसु तृतीय



रहे, ।लड़कियों में  खुशी प्रथम, प्रियंका द्वितीय,प्रिया तृतीय रही,। लड़कियो के खो खो की टीम में कन्या महाविद्यालय खरखौदा टीम ने प्रथम स्थान पाया। द्वितीय प्रताप सिंह मेमोरियल सी० से० स्कूल की टीम रही। वालीबॉल में प्रताप सिंह मेमोरियल सी०से० स्कूल टीम प्रथम रही। प्रताप स्पोर्ट्स क्लब द्वितीय स्थान पर रही। मुख्यातिथि श्री यजवेन्दर खोखर जी रहे ।मुख्यातिथि खोखर व स्कूल संस्थापक श्री सतप्रकाशनम्बरदार  जी के द्वारा विजेताओं को मेडल, सर्टिफिकेट, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ।इस दौरान  कोच की भूमिका ने वालीबॉल कोच सुनीता देवी व वेदपाल पीटीआई रहे।

कार्यक्रम में स्टेट अवार्डी बबिता , सतपाल राणा, मोहित जुडो कोच, सुरेंद्र राठी, नवीन दहिया, सरवर सांगवान इत्यादि मौजूद रहे।

### बस की खिड़की से नीचे गिरने से आशा वर्कर की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** निजी बस से नीचे गिरने से एक 62 वर्षीय आशा वर्कर की मौत हो गई। पुलिस ने मृतका का अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं। वहीं पुलिस ने मृतका के भतीजे की शिकायत पर निजी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गांव डेरोली जाट निवासी नफेसिंह ने सिटी पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी चाची 62 वर्षीय दयावंती आंगनबाड़ी में आशा वर्कर का कार्य करती थी। तीन जनवरी को वह व उसकी चाची गांव नांगल सिरोही से प्राईवेट बस में बैठकर महेंद्रगढ़ तहसील कार्यालय में अपने काम के लिए आ रहें थे। समय करीब सुबह के 11 बजे महेंद्रगढ कोर्ट के पास पहुचे तो चालक ने बस को ब्रेकर पर रोक ली। बस के रोकते हीं वह नीचे उतर गया। इसके बाद चाची दयावंती नीचे उतरने लगी तो बस चालक ने अचानक से अपनी बस चला दी, जिससे चाची बस की खिड़की से नीचे गिर पड़ी, बस के नीचे गिरते हीं चाची को सिर में काफी चोटें आई। उसने घायल चाची को संभाला तो चालक ने अपनी बस रोकी और उसका नाम व पता पूछा तो चालक ने अपना नाम पता मनबीर निवासी बिहरोड जिला झज्जर बताया।

## अवैध कालोनियों में किए जा रहे निर्माण को गिराया।

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

खरखौदा में डीटीपी सोनीपत की तरफ से मंगलवार को खरखौदा शहर में अवैध कालोनियों में किए जा रहे निर्माण को गिराया गया। एटीपी मनदीप की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। मंगलवार को डीटीपी टीम ने दिल्ली मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने की जा रही चारदीवारी को गिराया। इसके बाद कल्लूमल धर्मशाला के पीछे ढाई एकड़ में काटी जा रही अवैध



कालोनी में किए गए निर्माण का गिराने का काम किया। जिसमें छह डीपीसी, सात चारदीवारी गिराई। इसके बाद सांपला मार्ग व मटिंडू मार्ग के बीच बाईपास किनारे चार दुकानें व दो घरेलू निर्माण गिराने के साथ ही करीब दस डीपीसी भी उखाड़ दी।आगे बढ़ाते हुए मटिंडू

## गांव खेड़की से एक भैंस व काटड़ा चोरी, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव खेड़की में अज्ञात चोर एक पुरानी हवेली से एक भैंस व काटड़ा चोरी करके ले गए हैं। पशुपालक ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर उसके पशु बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी हैं। पशुपालक छंगाराम ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव खेड़की का निवासी हैं। वह छह पशु गाय व भैंस रखता हैं। बीती पांच जनवरी की रात्रि को वह अपनी पुरानी हवेली में तीन गाय व एक बछिया सफेद व काले रंग कि थी व एक भैस व काटड़ा जिनका रंग काला और भैंस के गले में लोहे की बेल है, भैंस के सींग में दाता सिधी (सादा) है, काटड़ा के गले सफेद रंग का रस्सा बंधा हुआ था, जब वह सुबह उठकर अपने पशुओं का दुध निकालने के लिए गया, तब मेरी भैंस व उसका काटड़ा गायब था।

## गोशाला से गाय, बछड़े चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**काबू**

**पुलिस ने गाय, बछड़े चोरी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** पुलिस ने गाय, बछड़े चोरी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया, आरोपित के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में पहले से चोरी के काफी मामले हैं दर्ज।

एसपी पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार चोरी की वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस टीम ने पशु चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, आरोपित की पहचान गोगा सिंह उर्फ योगी वासी काकड़ा थाना बुहाना जिला झुंझुनूं राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपित ने खेड़की गौशाला से गाय, बैल व बछड़ा चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ पहले भी राजस्थान के विभिन्न थानों में चोरी के काफी मामले दर्ज हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता राजकुमार निवासी मेई ने थाना सदर में शिकायत दर्ज कराई कि वह बाबा खेतानाथ गोशाला खेड़की का प्रधान है और उसके पास गौशाला में लगभग 1500 गाय हैं, जिनकी देखभाल वह खुद करता है। बीती चार जनवरी कि शाम को वह सभी गायों की देखभाल करके सोया था

### जगमोहन ने कर्ण कमल में सुनी आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को सेक्टर 9 स्थित भाजपा कार्यालय करण कमल में आमजन की समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके पर ही समस्याओं का निवारण किया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल विधानसभा का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर सीधे उनसे मुलाकात कर सकता है। वह अपने कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याओं को सुनते हैं और लंबित समस्याओं की विभागों से समीक्षा भी की जाती है।

## सरकारी दफ्तरों में ई-ऑफिस व्यवस्था जल्द : उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस की व्यवस्था जल्द की जायेगी। हर जिला कार्यालय के एक कर्मचारी को एनआईसी द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जायेगा। मास्टर ट्रेनर ही फिर अपने कार्यालय के अन्य कर्मचारियों को ट्रेनिंग देगा। ई-आफिस से न केवल कार्य में पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि कागज की बचत होगी। किसी भी समय निर्धारित दस्तावेज को देखकर खोला जा सकता है।

उपायुक्त ने आज जिला सचिवालय में आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये कि ई-ऑफिस व्यवस्था पूरी तरह से लागू करने के लिये कमर कस लें।



भविष्य में कार्यालय के सभी दैनिक कार्य ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें। फाइलों को फिजीकली रूप से आगे बढ़ाने की प्रक्रिया को बंद किया जाये। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का अभिन्न अंग होने के नाते ई-आफिस सरकारी कार्यालयों में एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का माध्यम है। आज की बैठक 11 जनवरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सभी मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों के साथ आयोजित की जाने वाली कांफ्रेंस के दृष्टिगत बुलाई गई। बैठक में करीब 3 दर्जन विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने 30 ऐजंडा बिंदुओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों से 8 दिसंबर तक निर्धारित फार्म में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को सडकों के किनारे लगे कूड़ा-कर्कट के ढेर उठाने के लिये विशेष अभियान चलाने को कहा।

बैठक में एडीएम यश जालुका, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, घरौंडा के राजेश सोनी, नीलोखेड़ी के अशोक कुमार, सीईओ जिला परिषद कृषि विभाग के उपनिदेशक वजीर सिंह, डीडीपीओ संजय टांक, सीटीएम मोनिका व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**पारदर्शिता**

**ई-आफिस से न केवल कार्य में पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि कागज की बचत होगी।**

## न्यूरोलॉजिकल इमरजेंसीस में उठाएं तत्काल कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मैक्स अस्पताल, शालीमार बाग के न्यूरोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. मनोज खनल का कहना है कि न्यूरोलॉजिकल इमरजेंसी आमतौर पर होती हैं और समय पर इलाज या निदान न मिलने पर ये लंबे समय तक अक्षमता या मृत्यु का कारण बन सकती हैं। इसलिए इनका समय पर पहचानना बेहद जरूरी है। न्यूरोलॉजिकल इमरजेंसी, इमरजेंसी एडमिशन के प्रमुख कारणों में से एक हैं, जिससे इन स्थितियों से निपटने के तरीके को समझना आवश्यक हो जाता है। आइए कुछ प्रमुख न्यूरोलॉजिकल इमरजेंसी के बारे में जानते हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए और इनकी पहचान के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

डॉ. मनोज खनल आज यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के लक्षणों की पहचान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें अंगों की कमजोरी, बोलने में दिक्कत, या स्मृति में गड़बड़ी शामिल हो सकती है। इसकी पहचान के लिए बी फास्ट फॉमूर्ला का उपयोग करें, अचानक संतुलन खोना (बैलेंस), देखने में परेशानी (आंखें), चेहरे के झुकाव या सुन्नता (फेस ड्रूपिंग), हाथों की कमजोरी (आर्म कमजोरी), बोलने में दिक्कत (स्पीच) और तुरंत चिकित्सा सहायता लेना (समय)। स्ट्रोक के दौरान हर मिनट मायने रखता है,



इसलिए समय पर अस्पताल पहुंचना आवश्यक है। लगभग 85 प्रतिशत मामलों में स्ट्रोक रक्त वाहिकाओं के रुकावट के कारण होता है, जिससे मस्तिष्क को नुकसान होता है। स्ट्रोक का प्रबंधन समय-संवेदनशील है और इसे गोल्डन ऑवर (4.5 घंटे से कम) के भीतर किया जाना चाहिए।उन्होंने बताया कि एकदम से तीव्र सिरदर्द, जिसे थंडरक्लैप हेडेक भी कहा जाता है, को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह ब्रेन हैमरेज, फटने वाली धमनी या तीव्र माइग्रेन अटैक जैसी गंभीर स्थितियों का संकेत हो सकता है। समय पर चिकित्सकीय जांच और उपचार से इन स्थितियों के नतीजों में सुधार किया जा सकता है। चेतना खोना, जैसे बेहोशी, एक आम न्यूरोलॉजिकल इमरजेंसी है, जिसे तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इसका कारण स्ट्रोक, सोडियम का कम स्तर, ब्लड प्रेशर का अचानक गिरना, विषाक्तता, या किडनी और लिवर की कार्यक्षमता में गड़बड़ी हो सकता है। उपचार मूल कारण पर निर्भर करता है, और समय पर इलाज से पूरी तरह ठीक होना संभव है।

डॉ. मनोज खनल ने बताया कि कोई भी मिर्गी का दौरा जो 5 मिनट से अधिक चले, वह दीर्घकालिक अक्षमता और न्यूरोनल डैमेज का कारण बन सकता है। इसे तुरंत विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा उपचार की आवश्यकता होती है। मिर्गी के लक्षण विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं, जैसे खाली घूरना या मांसपेशियों में झटके के साथ चेतना खोना। हर मिर्गी का दौरा एक मेडिकल इमरजेंसी है, और मरीज को तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा जांच करवाना चाहिए।

## संगठन के लोकतांत्रिक गठन में बूथ समितियां बना अपना योगदान दें

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा एवं राजनैतिक संगठन है। हमारे संगठन का गठन सदैव लोकतांत्रिक प्रणाली से होता है।ये शब्द भाजपा प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने स्थानीय पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाउस पर पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के मंडलों के शक्ति केंद्र प्रमुखों एवम शक्ति केंद्र प्रमुख सहायकों की संगठन गठन सम्बन्धी एक बैठक को संबोधित करते हुए कहे । डा अर्चना गुप्ता ने अन्य राजनीतिक दलों में परिवारवाद हावी है उनमें लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए सम्मान नहीं होता । डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा का संगठन पर्व चल रहा है सभी शक्ति केंद्र प्रमुख तथा शक्ति केंद्र प्रमुख सहायक शीघ्र अति शीघ्र बूथ समितियां गठित कर संगठन के लोकतांत्रिक गठन में अपना योगदान दे।



डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि संगठन पर्व में बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक चुनाव होना है उस सब में अपनी सक्रिय हिस्सेदारी हम सब निभाना सुनिश्चित करे।

## न्यूज फ्लैश

### नशीली दवाइयों की तस्करी करने के दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** क्राइम यूनिट कुंडली ने अलग-अलग स्थानों से नशीली दवाइयों की तस्करी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी कन्या गुरुकुल वाली गली खरखौदा व संदीप निवासी बरौणा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से संदीप को चार दिन व सुनील को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। सहायक उप निरीक्षक संदीप की टीम गश्त के दौरान खरखौदा बाइपास के पास मौजूद थी उसी दौरान नशीली दवाइयां बेचने की सूचना मिली। टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। उसके पास अलग-अलग तरह के इंजेक्शन व टैबलेट बरामद किए। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं सहायक उप निरीक्षक सुरेश की टीम ने मेरठ हाइवे से खरखौदा रोड पर नशीली दवाइयों सहित आरोपित संदीप को गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### शादी में ससुराल पक्ष ने दूल्हे को दी थी मोटर साइकिल, बाइक चोरी कर ले गए चोर

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र में शादी में मिली बाइक के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। अनिल विहार निवासी रामलाल ने बताया कि उसने शादी में एक बाइक ससुराल पक्ष से दी गई थी। जोकि उसके ताऊ ससुर के नाम से है। उसने बाइक को दुकान के बाहर खड़ा किया था। दोपहर को बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई अजय कोशिक ने बताया कि बाइक चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द वाहन चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का किया गया आयोजन: डीसी

**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )** 3 से 5 जनवरी तक पलवल में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए जिला से सभी चयनित प्रतिभागियों को पलवल ले जाने व लाने के लिए निशुल्क वाहन की सुविधा प्रदान की गई थी। महोत्सव का उद्देश्य राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए प्रतिभागियों का चयन करना था जो कि 11 व 12 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडप में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार विषय पर आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पानीपत के छात्र अंकित ने थेमैटिक इवेंट साइंस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा फोटोग्राफी में आर्य पी जी कॉलेज के छात्र दुष्यंत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एकल डांस प्रतियोगिता में आर्य पीजी कॉलेज के छात्र सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा रवि और युग आर्य पीजी कॉलेज से नॉन - कॉम्पिटेटिव प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कहानी लेखन में आर्य कॉलेज के नीतीश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पानीपत के प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# समस्याओं के समाधान से आम जन में सरकार के प्रति बढ़ रही विश्वास की लहर

### उपायुक्त ने आम जन से दैनिक जीवन में मोटे अनाज के उपयोग करने का दिया सुझाव

**शिविर**

**लोग समस्याओं को लेकर जनता दरबार में जिस उम्मीद के साथ पहुंचते हैं, उस पर खरे उतर रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में जिले व उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जनता की समस्याओं के तत्काल हो रहे समाधान से सरकार के प्रति आम जन में विश्वास की लहर है। सरकार की आम जन की नजर में बेहतर छवि बन रही है। लोग समस्याओं को लेकर जनता दरबार में जिस उम्मीद के साथ पहुंचते हैं उनकी उम्मीद पर जनता दरबार खरा उतर रहे हैं। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि आम नागरिक वहीं समस्याएं लेकर पहुंचे जिनका समाधान शिविर से सीधा संबंध है। अधिकारी भी इस बात पर जोर दे की आम जन को कोई तकलीफ ना हो व समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान हो। समस्याओं के समाधान में ही सबका हित है। लोगों को राहत मिलती है व जिन लोगों की समस्याओं का समाधान होता है वे दुआएं देते हैं। उपायुक्त ने खास तौर पर अधिकारियों को निर्देश दिये की वे अपने दैनिक जीवन में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे। कार्यालयों को साफ सुथरा रखें। जहां-जहां सफाई का अभाव है वहां-वहां बिमारियों के फैलने की प्रबल संभावनाएं बन जाती हैं। उपायुक्त ने कहा कि वे शीघ्र ही कार्यालयों का निरीक्षण करके साफ सफाई का जायजा लेंगे। उपायुक्त ने कहा कि सर्दी के इस मौसम में हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत होना चाहिये व सर्दी के अनुकूल वस्त्र व खान-पान का ध्यान रखना चाहिये। सर्दी में मोटे अनाज का सेवन करना बेहतर है। मोटे अनाज में फाइबर की मात्रा मनुष्य के पाचन तंत्र को दुरस्त रखती है। इनमें आयरन और कैल्सियम की मात्रा भी भरपूर पायी जाती है। इनके सेवन से शरीर में कोलेस्ट्रोल की मात्रा नियंत्रित रहती है। उपायुक्त ने मोटे अनाज के फायदों को गिनाते हुए बताया कि हमें इनका प्रयोग मौसमानुसार करना चाहिये व दैनिक भोजन में दलिया, खिचड़ी, रोटी आदि बनाकर कर सकते हैं। हड्डियों की मजबूती,कैल्शियम की कमी से बचाव, पाचन दुरुस्त करने में मदद,वजन को कंट्रोल रखने में सहायक,एनीमिया का खतरा भी इसके प्रयोग से कम होता है। शिकायतकर्ता कलीराम ने उपायुक्त से शिकायत की कि उनके मकान के सामने दुसरे तल पर एयरटेल टावर है जिसे वायु प्रदुषण व ध्वनी प्रदुषण होता है। टावर से गर्भवति महिलाओं का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच के निर्देश दिये। एक अन्य शिकायतकर्ता दिलबाग सिंह वासी नारायणा सिंह पार्क ने प्रशासन से अनुरोध किया की उनकी सड़क की सभी स्ट्रीट लाईटें खराब जिसके कारण अक्सर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारियों को इस पर संज्ञान लेने के निर्देश दिये।

एक अन्य शिकायतकर्ता प्रवीन वासी निंबरी ने उपायुक्त से

# मकान व दुकान से हजारों रुपये की राशि व सामान चोरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर स्थित मकान व दुकान से हजारों रुपयों की राशि, आभूषण सहित सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मोहल्ला कलां निवासी कल्पना ने बताया कि वह रविवार की रात को बच्चों के साथ रिश्तेदारी में आयोजित जागरण में हिस्सा लेने के लिए गई थी। सोमवार सुबह वापस घर आए तो मकान के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखे पर्स की जांच की तो उसमें रखे 25 हजार रुपये गायब थे। घर से अन्य सामान भी गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**दुकान से रुपये, चांदी का सिक्का और सामान चोरी:** ऋषि कॉलोनी निवासी योगेंद्र ने बताया कि उसी आईटीआई चौक पर दून स्कूल के पास कबाड़ी की दुकान है। वह रात के समय दुकान बंद कर घर चला गया था। उसके साथ काम करने वाले देवेंद्र जब दुकान पर पहुंचा तो शटर उखड़ा हुआ था। देवेंद्र ने उसे मामले से अवगत कराया। उसने मौके पर पहुंच कर जांच की तो दुकान में रखे 35 सौ रुपये, चांदी का 20 ग्राम का सिक्का, टीवी, एलइडी और बैंक के कागजात गायब थे। रात को किसी ने चोरी की वारदात की है। मकान व दुकान से आभूषण व नकदी सहित सामान के चोरी होने की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिए है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। रात को पुलिस समय-समय पर गश्त करती रहती है।

सतबीर, प्रभारी
, सिविल लाइन थाना।

# ग्रामीण के मोबाइल पर आए 12 ओटीपी, दो क्रेडिट कार्ड से 2.35 लाख रुपये निकले

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में ग्रामीण के मोबाइल पर अलग-अलग 12 ओटीपी भेजकर दो क्रेडिट कार्ड से दो लाख रुपये से ज्यादा की राशि निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस की मदद ले रही है। ताकि ठगों को जल्द से जल्द पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाए। गांव लिवासपुर निवासी ध्वजा राम ने बताया कि उसने गत 27 दिसंबर को सुबह अपनी जीवन पॉलिसी की किस्त ऑनलाइन जमा करवाई थी। उसके कुछ ही देर बाद उसके मोबाइल फोन पर एक के बाद एक कर 15 ओटीपी आ गए। उसके बाद क्रेडिट कार्ड से रुपये कटने लगे। वहीं दूसरे कार्ड से भी राशि कट गई। मामले को लेकर उसने टोलफ्री नंबर पर कॉल की। साइबर ठगों ने उसके खाते से दो लाख 35 हजार रुपये से ज्यादा की राशि को निकाल लिया। मामले को लेकर उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में दी जानकारी

**शपथ दिलाई**

**दुष्प्रभावों के बारे में आयोजित जागरूकता शिविर में बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर शपथ दिलाई**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और एम डी डी आफ इंडिया, पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में गांव उग्राखेड़ी में महिला सशक्तिकरण अभियान ' शक्ति' के तहत ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में आयोजित जागरूकता शिविर में बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर शपथ दिलाई । पानीपत के उग्राखेड़ी गांव में एम डी डी आफ इंडिया की सामुदायिक कार्यकर्ता पायल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरा लीगल वॉलंटियर रेखा द्वारा बाल विवाह मुक्त जिला बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदित रहे कि एम डी डी आफ इंडिया संस्था पिछले एक साल से पानीपत जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए प्रयास कर रही है तथा इस कड़ी में जनवरी माह में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण हरियाणा के दिशानिर्देशानुसार शक्ति अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ मिलकर बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है ताकि पानीपत जिले को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। इस कड़ी में इस साल एम डी डी आफ इंडिया की पानीपत ईकाई ने अब तक 350 से ज्यादा ऐसे परिवारों की पहचान की; जोकि अपनी लड़कियों की जल्दी शादी करना चाहते थे। ऐसे में एम डी डी आफ इंडिया ने उन परिवार को बाल विवाह के प्रति जागरूक किया। उन्हें समझाया कि बाल विवाह एक कानूनन अपराध है तथा जो माता पिता अपने बच्चों का बाल विवाह करवाते हुए पाए जाते हैं उन्हें सजा व जुमाना दोनों लग सकता है। पैरा लीगल वॉलंटियर रेखा ने बताया कि बाल विवाह ना हो, यह जिम्मेदारी हम सभी की बनती है तथा इसके लिए हम अपने अपने स्तर पर प्रयास करके बाल विवाह मुक्त जिले का निर्माण कर सकते है। एमसीडी सामुदायिक कार्यकर्ता पायल ने कहा कि बाल विवाह एक हिंसा है तथा इससे उस किशोरी जिसका बाल विवाह हो रहा है उसके जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। बाल विवाह एक लड़की को आर्थिक, मानसिक, शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाता है इसलिए हम सभी को एकजुट होकर बाल विवाह मुक्त जिला बनाने हेतु निरंतर अभियान चलाने की जरूरत है।

# पति-पत्नी की अनबन से परेशान होकर युवक ने किया सुसाइड

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** में पानीपत के कोटानी रोड पर पति-पत्नी की अनबन से परेशान होकर युवक द्वारा सुसाइड करने का मामला सामने आया है। युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। वहीं परिवार वालों का कहना है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। आशंका है कि उसको पीटकर फांसी पर लटकाया गया है। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मृतक की पहचान 37 वर्षीय नितिन के रूप में हुई है। परिवार वालों ने कहा कि नितिन की करीब 6 साल पहले नितिन की लव मैरिज हुई थी। शादी के बाद नितिन को दो बच्चे हुए। शादी के बाद नितिन अपनी पत्नी के साथ अलग रहने लगा। परिवार वालों ने भी अलग घर दे दिया था, ताकि दोनों खुश रहें। वहीं, पिछले करीब 6 माह से दोनों पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। इधर, नितिन



का साला व पत्नी भी उसके साथ कई बार मारपीट कर चुके हैं। चोटों के निशान नितिन के शरीर पर हैं।

**गहन जांच जारी**

**वहीं परिवार वालों का कहना है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पीटकर फांसी पर लटकाया गया**

**आत्महत्या से पहले भी हुआ झगड़ा**
**परिवार के लोगों** का कहना है कि सोमवार को नितिन द्वारा आत्महत्या करने से पहले उसका और उसकी पत्नी में काफी लड़ाई झगड़ा हुआ था। इसके बाद नितिन ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। लेकिन नितिन के शरीर पर चोट के निशान देखे हैं। परिवार वालों ने आरोप लगाया कि नितिन को पहले पीटा गया, जिससे उसकी मौत हो गई, फिर उसे फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। वहीं मृतक के परिजनों ने प्रशासन से छानबीन की अपील करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# अलग-अलग जगहों पर मकान व दुकान से हजारों रुपये की राशि व सामान चोरी

**जांच जारी**

**पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर स्थित मकान व दुकान से हजारों रुपयों की राशि, आभूषण सहित सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मोहल्ला कलां निवासी कल्पना ने बताया कि वह रविवार की रात को बच्चों के साथ रिश्तेदारी में आयोजित जागरण में हिस्सा लेने के लिए गई थी। सोमवार सुबह वापस घर आए तो मकान के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखे पर्स की जांच की तो उसमें रखे 25 हजार रुपये गायब थे। घर से अन्य सामान भी गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**दुकान से रुपये, चांदी का सिक्का और सामान चोरी :** ऋषि कॉलोनी निवासी योगेंद्र ने बताया कि उसी आईटीआई चौक पर दून स्कूल के पास कबाड़ी की दुकान है। वह रात के समय दुकान बंद कर घर चला गया था। उसके साथ काम करने वाले देवेंद्र जब दुकान पर पहुंचा तो शटर उखड़ा हुआ था। देवेंद्र ने उसे मामले से अवगत कराया। उसने मौके पर पहुंच कर जांच की तो दुकान में रखे 35 सौ रुपये, चांदी का 20 ग्राम का सिक्का, टीवी, एलइडी और बैंक के कागजात गायब थे।

# टावर के पार्ट चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में प्याऊ मनियारी स्थित टावर से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पानीपत निवासी संदीप ने बताया कि वह सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है।उनकी कंपनी टावर की सुरक्षा देखती है। प्याऊ मनियारी रोड पर स्कूल के पास छत पर लगे टावर का आरआरयू पार्ट गायब मिला। मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हमला करने के मामले में और दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने छाजपुर कला गांव में दो सगें भाईयों पर जानलेवा हमला करने के मामले में और दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अशोक व हर्ष निवासी छाजपुर कला के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी आदेश व आकाश उर्फ मोंटी निवासी छाजपुर कला व फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने मंगलवार को पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी आदेश व आकाश के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक सरिया बरामद कर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाना सनौली में किरणपाल पुत्र श्याम सिंह निवासी छाजपुर कलां ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था की 25 सितम्बर को विधानसभा कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी धर्म सिंह छोकर हमारे गांव में वोट मांगने आए थे। उस दिन दर शाम को मेरे भाई नरेन्द्र की गांव निवासी आदेश व अन्य लोगों के साथ कहासुनी हो गई थी।



**जानलेवा**

**कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने के बारे में स्वीकारा**

# शुगरफेड के एमडी शक्ति सिंह ने शुगर मील का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )**
**मंगलवार** को डाहर शुगर मील में हरियाणा शुगर मील फेडरेशन के चेयरमैन धर्मबीर डागर व शुगरफेड के एमडी शक्ति सिंह ने शुगर मील का निरीक्षण किया। उन्होंने शुगर मील का जायजा लिया और वहां की भौतिक सुविधाओं तथा साफ-सफाई का निरीक्षण भी किया।
हरियाणा शुगर मील फेडरेशन के चेयरमैन धर्मबीर सिंह डागर ने चीनी की रिकवरी बढ़ाने के लिए सैम्पल चैक किए तथा इसके साथ-साथ गन्ना पिराई से लेकर चीनी बनने तक का पूर्ण ब्यौरा उपस्थित सभी अधिकारियों से लिया और आदेश दिए कि बेहतर ढंग से और ईमानदारी से काम करें तथा चीनी रिकवरी बढ़ाने पर जोर दें। उन्होंने सर्व कर्मचारियों की बैठक भी



ली। बैठक में शुगर मील कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा ने चेयरमैन के सामने कर्मचारियों से सम्बंधित समस्याओं को रखा। समस्याओं को सुनकर चेयरमैन धर्मबीर सिंह डागर ने पूरा करवाने का आश्वासन दिया और इसके साथ-साथ यह भी निर्देश दिए कि कर्मचारी डयूटी जाने से एक घण्टा पूर्व और छुट्टहटी हो जाने के एक घण्टा बाद तक यदि आने-जाने या मील में काम करते वक्त कोई दुर्घटना होती है तो सरकार की तरफ से उस कर्मचारी को तुरंत मुआवजा दिया जाएगा। चेयरमैन धर्मबीर सिंह डागर व शुगर फेडरेशन के एमडी शक्ति सिंह एक किसान के खेत में भी गए और वहां पर जायजा लिया। उन्होंने किसानों की मांग पर कहा कि कटाई की मशीन महाराष्ट्र की तर्ज पर लाने के लिए गांव के



युवाओं की कमेटी गठित की जाएगी और उन्हें सब्सिडी पर उस तरह की मशीन दिलवाई जाएगी ताकि उन युवाओं को रोजगार भी मिले और किसानों की लेबर की समस्या दूर होगी।
उन्होंने किसानों को आश्वासत किया कि भविष्य में शुगर मील अपनी लेबर के माध्यम से ही किसानों के गन्ने की कटाई इत्यादि का कार्य करवाएगा। इस योजना पर कार्य किया जा रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा गन्ने की बुआई कर के और उसके बीच में धनिया, प्याज, गोभी,
हल्दी आदि की बुआई करके अपनी आय को दुगनी कर सकता है। इस मौके पर एमडी शुगर मील मनदीप कुमार सहित सोनीपत शुगर मील की एमडी श्वेता सुहाग भी उपस्थित रही।

# फैक्टरी से घर जाने के लिए निकले श्रमिकों को तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार ट्रक ने फैक्टरी से काम करके घर लौट रहे श्रमिकों को चपेट में लिया। हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां एक कर्मचारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव रायपुर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी अंकित ने बताया कि उसका भाई रवि उसके दोस्त बहालगढ़ फैक्टरी में नौकरी करते थे। वह डयूटी खत्म होने के बाद पैदल-पैदल कमरे पर जा रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक चालक ने रवि व उसके दोस्तों को चपेट में लिया। हादसे में तीनों घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने रवि को मृत घोषित कर दिया। जबकि पुष्पेंद्र व राजा बाबू को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।
मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बहालगढ़ थाना सोनीपत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर आरोपित ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुभाष ने बताया कि जल्द से जल्द ट्रक चालक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**दुर्घटना**

**सोनीपत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया**

# समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का जल्द हो निपटान- उपायुक्त पार्थ गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, सम्बन्धित विभाग उस शिकायत का बेहतर समन्वय के साथ निपटान करवाना सुनिश्चित करवाएं। इसके साथ-साथ यदि उनके कार्यालय में कोई प्रार्थी अपनी शिकायत लेकर आता है, उस शिकायत का भी वे प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। उपायुक्त जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इस मौके पर उनके साथ नगराधीश पूजा कुमारी, डीएसपी रजन गुलिया मौजूद रहे।




उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने इस मौके पर बताया कि कोई भी प्रार्थी जिला स्तर पर या उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में अपनी शिकायत रखकर उसका समाधान करवा सकता है। प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर लोगों की शिकायतों का निवारण करने में बेहद कारगर भी सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविरों को लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि प्रार्थी की समस्या को सुनकर व जानकर उसका समय रहते समाधान करना है। एक ही छत के नीचे सम्बन्धित विभाग के

**समाधान**

**▶▶ कोई प्रार्थी अपनी शिकायत लेकर आता है, उस शिकायत का भी वे प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें**

अधिकारी मौजूद रहते हैं और उन्हें शिकायत मार्क करते हुए उनका समाधान करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं।

जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में सुल्लर से आई सरोज बाला ने घर की छत गिरने पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने बारे, सैनिक विहार जंडली से आए रविन्द्र सिंह ने जमीन से सम्बन्धित अवैध कब्जा हटवाने बारे, मुकंदपुर से आए बलविन्द्र सिंह ने उसके खाली प्लाट पर पडौसी द्वारा अवैध कब्जा किए जाने बारे, बादशाही बाग अम्बाला शहर से आए छत्रपाल ने अवैध कब्जे बारे, पतरेहडी से आए प्रेमचंद ने परिवार पहचान पत्र में इनकम ठीक करवाने बारे, करधान से आए मेहरचंद ने बिजली के खम्बे से सम्बन्धित समस्या बारे, नाहन हाउस से आई एक प्रार्थी महिला ने ससुराल पक्ष द्वारा उसे तंग किए जाने बारे, अम्बाला शहर से आई सतवंती नाम की प्रार्थी ने फैमिली आईडी में त्रुटी ठीक करवाने बारे अपनी समस्या रखी। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना और सम्बन्धित

# छावनी में बिजली कर्मियों ने वर्क सस्पेंड रख किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी:** अंबाला छावनी में बिजली कर्मचारी को निष्कासित करने का मामला लगातार गमार्ता जा रहा है। कर्मचारी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। यूनिट अंबाला कैंट संबंधित एच एस ई बी वर्कर यूनियन द्वारा दिया जा रहा धरना प्रदर्शन आज अपने दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है। अपने अभिभाषण में यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने बताया कार्यकारी अभियंता अंबाला कैंट को यूनिट कैंट द्वारा दिए गए नोटिस के अनुसार कैंट डिविजन अंतर्गत सभी सब यूनिटों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पूरे दिन वर्क सस्पेंड करके धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन की मुख्य वजह कार्यकारी अभियंता द्वारा



अपंग कर्मचारी विक्रम की सेवाएं निरस्त करने का आदेश दिया जाना है। एस ई महोदय द्वारा विक्रम को दोबारा नोकरी पर लिया गया लेकिन विक्रम की बदली केसरी से सिटी डिविजन में कर दी गई जोकि उच्च अधिकारियों की मिलीभगत है। क्यूंकि उच्च अधिकारी को पता था बर्खास्तगी के आदेश गलत है और द्वेष भावना में कार्यकारी अभियंता की गई गलत कारवाई है यूनियन की मांग ये है कि जब विक्रम की कोई गलती नहीं है और उसके खिलाफ कोई दोष साबित नहीं हुआ तो अपंग कर्मचारी की बदली क्यों की गई है। इसके साथ साथ यूनियन कर्मचारी विरोधी मानसिकता वाले कार्यकारी अभियंता की तुरंत प्रभाव से अंबाला कैंट से बदली करवाने की मांग निगम प्रबंधन और माननीय बिजली मंत्री अनिल विज से करती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### गणतंत्र दिवस समारोह के दृष्टिगत आज बैठक का होगा आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** नगराधीश टीनू पोसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 जनवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह के दृष्टिगत बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी विभागाध्यक्ष भाग लेंगे।

### 25 जनवरी को आयोजित होगा हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत कार्यक्रम:

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** देश के संविधान के संस्थापकों के योगदान को सम्मान देने को हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान टैगलाइन के साथ जिला में 25 जनवरी को विशेष कार्यक्रम होंगे। डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने इसके लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि वार्षिक शेड्यूल के अनुरूप विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर-2024 से शुरू हुआ यह अभियान जो इस वर्ष भी संविधान दिवस तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी तक सभी शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों की विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करवाई जाएंगी। इसके अलावा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संविधान दिवस के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराना और नागरिकों को लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम की श्रृंखला में 14 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक 15 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। बाबा साहब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के योगदान का प्रचार करने के लिए संविधान स्वाभिमान यात्राएं आयोजित होंगी।

### योगेश्वर का अंबाला छावनी में पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी:** छावनी के रहने वाले योगेश्वर का अंबाला पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। योगेश्वर ने जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में एक बार फिर से हरियाणा व अंबाला का नाम रोशन किया है। गुजरात के सूरत में चल रही जिम्नास्टिक आल एज ग्रुप नेशनल चैंपियनशिप जोकि 25 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में अंबाला के योगेश्वर सहित कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंबाला से हरियाणा की टीम में 12 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन 12 खिलाड़ियों में से योगेश्वर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश का चैंपियन जिम्नास्ट बनने का गौरव हासिल किया। योगेश्वर के कोच सतपाल (90349-41771) ने बताया कि गुजरात के सूरत में चल रही जिम्नास्टि आल एज ग्रुप नेशनल चैंपियनशिप जोकि 25 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में अंबाला के योगेश्वर सहित कई खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अंबाला से हरियाणा की टीम में 12 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन 12 खिलाड़ियों में से योगेश्वर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश का चैंपियन जिम्नास्ट बनने का गौरव हासिल किया। इस प्रतिस्पर्धा में योगेश्वर ने सभी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके साथ ही जानवी मल्होत्रा ने रिदमिक जिम्नास्टिक में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। वही योगेश्वर का कहना हैं कि उन्हें बहुत गर्व महसूस होता हैं कि उन्होंने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ और गोल्ड मेडल जीत पाया ! उन्होंने कहा कि वे अपने जूनियर को भी यही कहेँगे कि ज्यादा मेहनत करें और हरियाणा के लिए मेडल लेकर आये !

# विकास परियोजनाओं को लेकर डीसी ने दिए दिशा निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए उनके विभाग से सम्बन्धित जो विकास परियोजनाएं एवं कार्य किए जा रहे है उनकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला खंड एवं विकास पंचायत विभाग के अधिकारी से स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी आईडी से सम्बन्धित कार्य बारे, कृषि विभाग के अधिकारियों से मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाने बारे, स्वास्थ्य विभाग से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीकरण बारे, राजस्व विभाग के अधिकारियों से गिरदावरी बारे, समाधान शिविरों में




शिकायतों के निपटान की दिशा में किए जा रहे कार्यों बारे, खेल विभाग द्वारा स्टेडियम से सम्बन्धित कार्य बारे, जिला परिषद से सम्बन्धित कार्यों के साथ-साथ सीएम अनाउसमैंट बारे, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों बारे, पंचायती राज विभाग द्वारा अमृत सरोवर से सम्बन्धित कार्यों बारे, नगर निगम से स्ट्रीट वैंडर को दिए जाने वाले लाभ बारे व सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य कार्यों की रूपरेखा बारे, बिजली निगम से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत दिए जाने वाले लाभ बारे, जीएम रोडवेज से हैप्पी कार्ड के वितरण बारे, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक से पर्यावरण व एनजीटी से जुड़े विषय बारे, लोक निर्माण विभाग व जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों बारे, एनएचएआई से सम्बन्धित कार्यों के साथ-साथ अन्य एंजैडे में जो बिंदु थे उन बारे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, एसडीएम अमित भारद्वाज, एसडीएम शाश्वत सांगवान, नगराधीश पूजा कुमारी, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, सिविल सर्जन डा. राकेश सहल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, कार्यकारी अभियंता संजीव राणा, अधीक्षक अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग मौजूद रहे।

# पंचायती जमीन पर खेती करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला :**अंबाला शहर के डीसी कार्यालय में आज गांव बालापुर व कलावड़ के अनेक ग्रामीण व सरपंच डीसी से मिलने पहुंचे। उनका कहना था कि गांव कलावड़ के कुछ लोगों ने बिना बोली के पंचायती जमीन पर बरसीन की खेती करना शुरू कर दिया है। जिसके बाद पंचायत ने सर्वसम्मति से इस संबंध में उपायुक्त, तहसीलदार व बीडीओ को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अंग्रेज सिंह, रामचंद्र, जसविंद्र, बलकार सिंह, पवन कुमार, रोशनलाल, हरमीत सिंह, ब्रिजराम, जगतार सिंह, ओमप्रकाश, रणधीर सिंह, तारा, तेजराम मौजूद रहे।

# जुआ खेलते दो युवक गिरफ्तार; 500 रूपए की नगदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**थाना** शहर पुलिस ने संजय चौक के पास जुआ खेल रहे दो युवको को काबू किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त चक्करी व दाव पर लगी 500 रूपए की नगदी बरामद की। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा जुआ सट्टा खाइवाली की वारदातों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत सोमवार को थाना शहर पुलिस की एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान लाल बत्ती चौक के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संजय चौक के नजदीक पालीवाल कोठी के पास दो युवक चक्करी, गिटियों पर पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे दोनों युवकों को काबू कर मौके से जुआ खेलने में प्रयुक्त तीन चक्करी व दाव पर लगी 500 रूपए की नगदी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान विजय पुत्र अजीत व मोहित पुत्र राजेंद्र निवासी पूरेवाल कॉलोनी कच्चा कैंप के रूप में बताई।

# नाले को साफ करने के लिए दिया कमिश्नर को प्रार्थना पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

वार्ड नंबर 3 व वार्ड नंबर 5 के कॉलोनी वासी बिचपड़ी चौक से देवी मंदिर तक नाले से संबंधित पानी की निकासी को लेकर इकट्ठे हुए ,और वार्ड नंबर 3 की निवर्तमान पार्षद अंजली शर्मा व वार्ड नंबर 5 के निवर्तमान पार्षद डॉ अनिल बजाज से मिले और बहुत समय से चल रही इस समस्या को उनके सामने रखा। जिसको दोनों पार्षदों ने कॉलोनी वासियों को लेकर आज नगर निगम कमिश्नर को एक एप्लीकेशन दी,और इस नाले को साफ करने के लिए प्रार्थना की जिनको कमिश्नर साहब ने आश्वासन दिया।



कि जल्द ही इस समस्या को हल कर दिया जाएगा। इस अवसर पर पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा, प्रधान रोशन छौक्कर, डॉ पंकज, बिजेंद्र शर्मा, पूर्व फोरमैन रामलाल भाटिया, प्रवीण प्रजापत,परवीन धीमान, निखिल बजाज,सोनु बजाज,डॉ दीपक शर्मा, पवन अरोड़ा, अंकुर मरवाह,देवेंद्र शर्मा, पंडित सुरेंद्र शर्मा, फोरमैन राजेंद्र वर्मा, शिव कुमार शर्मा, कुलदीप मलिक, सागर वर्मा, वेदपाल पांचाल,संदीप बारबर, बलदेव अरोड़ा हनुमान व अन्य सम्मानित कालोनी वासी मौजूद रहे ।

# बस चालक ने लापरवाही से मोड पर खड़ी सवारी को कुचला

**कैथल।** कस्बा राजौंद में पसंद की ओर से आ रहे प्राइवेट बस चालक ने चौराहे के मोड पर खड़ी सवारी को कुचल दिया। जिससे उसके हाथ पैर टूट गए और बाद में अस्पताल में पहुंचकर मौत हो गई। घटना सोमवार शाम की है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। माजरा रोहेड़ा निवासी रोहित ने बताया कि वह गांव की किठाना फास्ट फूड की दुकान करता है। सोमवार को 2 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पर राजौंद के महाराणा चौक पर आया था। मामा दिलबाग को पिछला टायर के नीचे कुचल दिया।

# गांव बाड़ा में आयुर्वेदिक जागरूकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** एमडी आयुर्वेद , इंचार्ज आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाड़ा डॉ समिधा शर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ शशिकांत शर्मा के निर्देशन में बाड़ा मे एक विशेष जागरूकता शिविर लगाया, जिसमें 50 ज्यादा ग्रामवासियों को आयुर्वेद के अनुसार भोजन ग्रहण करने के बारे में बताया। इसके बाद कैम्प लगाया गया, जिसमें 60 रोगियों को पेट की समस्याओं के लिए निशुल्क आयुर्वेद औषधियां वितरित की गई। उन्होंने बताया कि सदा अपथ्यकर आहार/नित्य अहितकर आहार ठंडे खाद्य पदार्थ: अधिक ठंडा पानी, ठंडी खाद्य सामग्री, ठंडी पेय पदार्थ, सूखे खाद्य पदार्थ: बेकरी उत्पाद, चिवड़ा, आदि, भारी



खाद्य पदार्थ: पोहे, अंकुरित अनाज, पनीर, रात में दही, अत्यधिक मात्रा में गन्ने के उत्पाद-मीठे खाद्य पदार्थ, अंडे, मछलियाँ, मांसाहारी खाद्य पदार्थ आदि, प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ: परिसंष्क्रित तेल, पॉलिश चावल आदि, अस्वस्थकर वसा: वनस्पति घी, मैदा, पाम तेल आदि, विरुद्ध आहार: जैसे कि दूध + केला / दूध + नमक / दूध + मछली / शहद + घी, चाय + रोटी, फलों + दूध आदि। उदाहरण शेक और स्मूदी, मिश्रित आटा, मिश्रित दालें, खाना पकाने के लिए मिश्रित तेल आदि।

सदा अपथ्यकर आहार /नित्य अहितकर आहार बासी खाद्य पदार्थ: कोई भी खाद्य पदार्थ जब इसकी प्राकृतिक ताजगी समाप्त हो जाती है। जैसे बासी फल, बासी रोटी, बासी दाल, बासी चावल, पैक्ड खाद्य पदार्थ-पैक किए गए और कैन किए गए खाद्य पदार्थ, खाद्य संरक्षक आदि, नशे की खाद्य पदार्थ: शराबी पेय जैसे बीयर, वाइन आदि, व्यसन वाले खाद्य पदार्थ: अत्यधिक मात्रा में चाय, कॉफी, मीठे खाद्य पदार्थ, नमकीन खाद्य पदार्थ, चिप्स, वेफर्स, चॉकलेट आदि, फास्ट फूड / जंक फूड: बर्गर, पिज्जा, सॉफ्ट ड्रिंक्स, अधिक मिर्च मसालेदार खाद्य पदार्थ: अचार, मिर्च, काली सरसों, हींग, लहसुन, काली मिर्च आदि का अधिक मात्रा में सेवन, एकरस आहार: केवल एक ही स्वाद वाले आहार का सेवन, जैसे केवल मीठे खाद्य पदार्थों का प्रबल होना, केवल मसालेदार खाद्य पदार्थों का प्रबल होना आदि।

# शराब पीकर हुडदंग बाजी करते दो युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** थाना सदर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुडदंग बाजी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान रवि निवासी ददलाना व प्रवीन निवासी गुढा घरौंडा करनाल के रूप में हुई। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर हरनारायण ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दग बाजी करने वालों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत थाना सदर पुलिस की एक टीम सोमवार को गश्त के दौरान रिफाइनरी के नजदीक पालाराम मार्केट रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को शराब ठेके के पास लोगों की भीड़ लगी दिखाई दी। पास जाकर देखा दो युवक शराब के नशे में झगड़ा कर हंगामा कर रहे थे। पुलिस टीम ने दोनो युवकों को काबू पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान रवि पुत्र चंद्रभान निवासी ददलाना व प्रवीन पुत्र धर्मवीर निवासी गुढा घरौंडा करनाल के रूप में बताई। प्रभारी इंस्पेक्टर हरनारायण ने बताया कि दोनों युवक शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग बाजी कर आमजन की शांति भंग कर रहें थे।

# मैक्स अस्पताल ने किडनी ट्रांसप्लांट पर जागरूकता बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**किडनी** हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो महत्वपूर्ण कार्य करती है ताकि हम स्वस्थ रह सकें। क्रॉनिक किडनी डिजीज किडनी से जुड़ी सबसे सामान्य बीमारी है। भारत में लगभग 10% वयस्क किसी न किसी प्रकार की किडनी की समस्या से पीड़ित हैं। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के 60% मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने के लिए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, शालीमार बाग ने किडनी ट्रांसप्लांट प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। जब मरीज एंड-स्टेज रीनल



डिजीज (एरफ्ळ) तक पहुंच जाता है, तो उसके पास डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट का विकल्प होता है। क्रॉनिक किडनी डिजीज के कारणों में डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, क्रॉनिक ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस, बार-बार होने वाले किडनी इन्फेक्शन, किडनी स्टोन, और लंबे समय तक दर्दनिवारक दवाओं (ठरअक्ळ्र) का उपयोग शामिल हैं। हालांकि, किडनी ट्रांसप्लांट में हालिया तकनीकी प्रगति ने मरीजों और डोनर्स के जीवन की गुणवत्ता को उल्लेखनीय रूप से बेहतर किया है। किडनी ट्रांसप्लांटेशन प्रक्रिया में प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, मैक्स अस्पताल शालीमार बाग के यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग के वरिष्ठ निदेशक डॉ. वहीदु ज्जमान ने कहा कि, "रोबोटिक और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ने किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी को बदलकर रख दिया है। अब यह अधिक सटीकता, कम जटिलता, और तेजी से रिकवरी का मौका देता है।

रोबोट-असिस्टेड किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी से दर्द कम होता है, निशान छोटे होते हैं, और मरीज तेजी से स्वस्थ हो जाते हैं। डोनर्स के लिए ट्रांसप्लांट के बाद सामान्य जीवन जीना संभव है, बशर्ते नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाई जाए।" हाल के वर्षों में उङऊके बढ़ते मामलों और ट्रांसप्लांट के लाभों पर प्रकाश डालते हुए मैक्स अस्पताल शालीमार बाग के नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन विभाग के निदेशक डॉ. मनोज अरोड़ा ने कहा कि "पिछले एक दशक में उङऊके मरीजों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। डायबिटीज, हाइपरटेंशन, बार-बार होने वाले किडनी इन्फेक्शन, और दर्दनिवारक दवाओं का लंबे समय तक उपयोग इसके प्रमुख कारण हैं। हर साल लगभग 2 लाख मरीज किडनी ट्रांसप्लांट का इंतजार करते हैं, जबकि केवल 10,000 ट्रांसप्लांट ही हो पाते हैं। इस अंतर का मुख्य कारण जागरूकता की कमी और डोनर्स की भलाई को लेकर चिंता है।"

# नो पार्किंग में लगी गाड़ियों को ट्रैफिक पुलिस ने टोह कर किया चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला :** अंबाला शहर डीसी कार्यालय के बाहर नो पार्किंग में खड़े वाहनों को आज ट्रैफिक पुलिस ने टो किया और चालान काटे। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने 15 से ज्यादा चौपहिया वाहनों के चालान काटे। वहीं इस दौरान कुछ लोग पुलिस से दोबारा नो पार्किंग में गाड़ी न खड़ी करने की बात कह चालान न काटने की गुहार लगाते रहे, लेकिन पुलिस की सख्ती के सामने किसी की एक न चली। पुलिस ने गाड़ियां उठाने



से पहले बकायदा अनाउसमेंट कर लोगों को सूचित किया कि वह अपनी गाड़ियां नो पार्किंग जोन से उठा लें, अन्यथा गाड़ियों को टो कर उनका चालान किया जाएगा। जिसके बाद पुलिस ने गाड़ियों को टो कर कार्रवाई अमल में लाई व समय पर आने वालों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

# कांग्रेस पार्टी जहां भी सत्ता में है, अपने वादे पूरे करती है: दीपिका पांडे सिंह

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को झारखंड सरकार की पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में जनता के पूर्ण समर्थन से सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी दिल्ली की महिलाओं को अपनी पहली गारंटी प्यारी दीदी योजना के तहत प्रति महीने 2500 रुपये देगी। इस कांग्रेस की पहली गारंटी 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र



यादव ने की थी। संवाददाता सम्मेलन में झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडे सिंह के साथ अभाक कमेटी के नेशनल कॉआर्डिनेटर अभय दूबे और पूर्व सचिव अमृता धवन भी मौजूद थीं। दीपिका पांडे सिंह ने बताया कि झारखंड में हमारी सरकार महिलाओं के खाते में सीधा 2500 रुपये दे रही है जिससे उनका आर्थिक सशक्तिकरण में मजबूती मिले। हमने अभी 56 लाख महिलाओं के खातों में लगभग 1500 करोड़ रुपये दे चुकी है। झारखंड में महिलाओं को निःशुल्क सफर की व्यवस्था दे रहे है। मैं बताना चाहती हूं कि कांग्रेस पार्टी जो भी वादे जनता से करती है उन्हें पूरा करती है। चाहे कर्नाटक हो, हिमाचल प्रदेश हो, तेलंगाना हो, कर्नाटक हो, या गठबंधन में जम्मू में सरकार हो, सभी राज्यों जनता से किए वादों को पूरा करके अपनी योजनाओं को जनता तक पहुंचा रही है।

# 'गरीब व जरूरतमंद की मदद करने में आगे है वीआईपी फाउंडेशन'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: वीआईपी** फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने कहा कि फाउंडेशन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे की लोग जागरूक होकर विकास की ओर अग्रसर हो सके। उन्होंने आगे बताया कि फाउंडेशन के द्वारा समय-समय पर जागरूकता रैली, स्वास्थ्य शिविर व कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आये और दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करें।



उन्होंने सभी अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि एक रोटी कम खाओं मगर बच्चो को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चे पढ़-लिखकर आपका और समाज सहित देश का नाम रोशन करें। श्री पिव्हाल ने आगे बताया कि हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, इससे क्षेत्र का वातावरण हरा-भरा नजर आता है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे लगाना केवल वन विभाग की ही जिम्मेवारी नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरे को इस पुण्य के कार्य के प्रति जागरूक करें।

डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें फल और फूल और छाया देते है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।

# धूमधाम से मनाया गया सदर बाजार में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सदर बाजार** में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन की ओर से चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी व्यापारियों ने पूरी दुनिया को बीमारियों से मुक्ति पाने की अरदास की। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा जिस प्रकार बीमारियों की फैल रही है उसको रोकने के लिए आए सारे व्यापारियों ने अरदास की। उन्होंने ने कहा कि पहले भी कोविड की महामारी में जिस प्रकार पूरी दुनिया में बीमारी फैली थी भगवान की अरदास व कीर्तनों से ही हमें मुक्ति मिली थी। इस अवसर पर व्यापारियों की ओर से प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें परमजीत सिंह पम्मा, राकेश यादव, कमल कुमार, दीपक मित्तल व अन्य लोग मौजूद रहे।

# 8 फरवरी को कांग्रेस सरकार बनने पर जनता की जरूरतों को पूरा करेंगे: काजी निजामुद्दीन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में चुनावों की तारीख की घोषणा के बाद कहा कि आज दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने की तारीख का ऐलान हो गया है। दिल्ली में भाजपा और आम आदमी पार्टी के पापों के अंत होने की तारीखों का भी ऐलान हुआ है। आज उन तारीखों का भी ऐलान हुआ है जब दिल्ली में सांसों का संकट खत्म होगा, दिल्ली कचरा मुक्त होगी, यमुना स्वच्छ और साफ बनेगी और दिल्ली अपराध मुक्त



होगी। यह सब 5 फरवरी को दिल्ली की जनता द्वारा कांग्रेस पार्टी को एकपक्ष मत देने के बाद दिल्ली के मतदाताओं की सहयोग से होगा। देवेन्द्र यादव ने कहा कि आज दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये मिलने की तारीखों का ऐलान हो गया है, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलने का भी ऐलान हुआ है। आज दिल्ली में उन तारीखो का भी ऐलान हुआ है जब शीश महल गरीब जनता के लिए खोला जाएगा, शीश महल जनता के लिए खोलने के साथ हर गरीब परिवार का एक दिन के लिए शीश महल आशियाना भी बनेगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली में चुनावों की तारीखों की घोषणा होने पर कहा कि 5 फरवरी की घोषणा विधानसभा चुनाव की नहीं बल्कि दिल्ली के लिए बड़ा दिन है। क्योंकि 11 वर्षों में भाजपा और आम आदमी पार्टी के आरोप प्रत्यारोप और मोदी केजरीवाल के बीच की लड़ाई में जनता पिस रही है।

# 'हमें सावित्री बाई फुले के जीवन से सीख लेनी चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: ज्ञान आधार** वेलफेयर सोसायटी के द्वारा शालीमार बाग और अशोक विहार में भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले और फातिमा शेख की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। महिला शिक्षा क्षेत्र में सावित्री बाई फुले जी और फातिमा शेख के योगदान पर विद्वानों के व्याख्यान हुए। इस मौके पर मुख्य वक्ता नीतू खन्ना, डॉ. आशा गौरी, रंजना अग्रवाल, सिद्धार्थ श्रेयांश, सुरेंद्र पाल थे। नीतू खन्ना ने बताया कि पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले जी जो 3 जनवरी 1831 और फातिमा शेख जी 9 जनवरी 1831 को




महाराष्ट्र में जन्मी। जिन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने और भारतीय महिलाओं को अंधकारमय युग में सम्मान के साथ जीने के अधिकार दिलाने का बीड़ा उठाया। भारत में बच्चियों के लिए पहला स्कूल खोला। सावित्रीबाई ने अपने पति समाजसेवी महात्मा ज्योतिबा फुले जी के साथ मिलकर 1848 में उन्होंने बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की थी। इन्हें बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था। इसके बावजूद वह अपने लक्ष्य से कभी नहीं भटकीं और लड़कियों व महिलाओं को शिक्षा का हक दिलाया। डॉ.आशा गौरी ने सावित्री बाई फुले द्वारा लिखित कविता भी सुनाई जिसकी सभी ने सराहना की।

रंजना अग्रवाल ने यह भी बताया कि हम सभी महिलाओं को शिक्षा का अधिकार सावित्री बाई फुले जी एवं फातिमा शेख जी ने प्रदान किया है।



पूर्व निगम पार्षद शोभा विजेन्द्र गुप्ता को जन्मदिन की बधाई देते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, समाजसेवी पवन गौड व अन्य।

# विधायक संजीव झा को घर बौठाने का जनता ने बना लिया है मन: राठौर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से भाजपा के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि विधायक संजीव झा ने गत दस साल में बुराड़ी विधानसभा को विकास से वंचित रखा है। विधायक संजीव झा पिछलें दस सालों में क्षेत्र की उन्नति व विकास के लिए एक कदम तक नहीं उठाया है, बल्कि विकास के नाम पर आने वाला फंड भी गूल करके बैठ गए।

इन गत सालों में क्षेत्रीय विधायक संजीव झा न तो क्षेत्र में कभी नज़र आए है और न ही क्षेत्रीय समस्याओं की ओर कभी ध्यान दिया है।



**अपने मुहं मियां मिट्ठू बन बैठे विधायक:** राठौर ने बताया कि बुराड़ी क्षेत्र की जनता को इस गत सालों में आप सरकार व विधायक संजीव झा ने पानी की बूंद-बूंद के लिए भी तरसा दिया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार एवं दिल्ली नगर निगम की निष्क्रियता एवं भ्रष्टाचार के चलते दिल्ली की सफाई एवं सीवर व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और दिल्ली में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, बीमारियां फैल रही हैं। राठौर ने कहा कि बुराड़ी क्षेत्र की लाखों की आबादी विधायक संजीव झा की लापरवाही से त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र की सड़के पूरी तरह से टूटी पड़ी है, सीवर लाइनें जो बिछाई गई थी वही सालों बाद भी चालू नहीं हो पाई है जिसके चलते सारी गंदगी खुले में बहती है, जिससे न कि बदबू फैल रही है बल्कि बिमारियों ने भी लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है।

# ऑटो चालकों और कुलियों को रेल मंत्री ने दी बड़ी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे कुली और ऑटो-कैब चालको से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। दिल्ली मंडल कुली यूनियन की ओर से छह मांग और दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ की ओर पांच मांगों वाली एक ज्ञापन केन्द्रीय रेलवे मंत्री के सामने रखे गये। जिसमें ऑटो चालको की एक मांग जो काली पीली टैक्सी और ऑटो रिक्शा की पार्किंग के चार्ज को कम करना था को मंत्री वैष्णव ने तुरंत कम किया और इसके



अलावा चार अन्य मांगों को भी जल्द ही पूरा करने की बात कही। इस मौके पर निगम पार्षद संदीप कपूर, दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के महामंत्री राजेन्द्र सोनी, ऑटो चालक रोहताश कुमार, कालू राम मीणा, ऋषि पाल, संदीप कुमार अरोड़ा, सत्येन्द्र झाम और लाल बहादुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। ऑटो चालकों की मांगों में मुख्य रुप से रेलवे स्टेशन पर काली पीली टैक्सी के लिए 1180 रुपये और ऑटो रिक्शा के लिए 708 रुपये को कम करने, ऑटो चालकों से रेलवे स्टेशन परिसर में प्रवेश करने पर प्राइवेट ठेकेदारों द्वारा प्रवेश शुल्क वसूलने को रोकने के लिए, सभी ऑटो चालकों को सर्दी एवं बारिश से बचने के लिए आराम घर बनवाने, ऑटो चालकों को उनके पुरानी जगह दोबारा दिलाने और आरपीएफ द्वारा ऑटो चालकों को परेशान करने से रोकने की मांग शामिल है।

कुली यूनियन ने अपनी छह मांगों में मुख्य रुप से रेलवे द्वारा कुलियों के बच्चों को भी रेलवे पास 2 बार मुफ्त यात्रा करने के लिए बनवाया जाए, कुलियों के इलाज के लिए रेलवे के अस्पताल में सुविधा हो।

# स्व. सुशीला कुमारी वधवा की पुण्यतिथि पर वधवा परिवार ने खीर, फल व खाना गरीबों में बांटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: चांदनी चौक** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा की माता जी स्व. सुशीला कुमारी वधवा की 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विनोद वधवा, अंजना वधवा, राहुल वधवा, स्निग्धा वधवा, अनुषा वधवा, दीशिता वधवा, हिमांशु वधवा, रतिका वधवा, अंकित वधवा, आरुष वधवा, अंशिका वधवा और मन्नत वधवा ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नमन किया। इसके अलावा हरदेश खेतरपाल, आरती खेतरपाल, अनिल वधवा, राज



वधवा, आदर्श वधवा, आरती वधवा, भसीन गुलशन, शारदा, साहनी, जनक आनंद, शम्मी आनंद, संजय भसीन, रवि कोछड़, सुरिंदर चावला, मलिक, जे के डावर, मुकेश सूर्या, हरि चंद पवार, रश्मि बजाज, वरयाम कौर, मंजू रानी, भूषण विरमानी, अनुराधा अग्रवाल, किरण गुप्ता सेठी, राजू, साकेत, प्रताप सिंह, विकास गुलाटी, तेजिंदर सिंह, अनुपम शर्मा, विजय खारी, राम प्रकाश शर्मा, अश्वनी राय, डी शर्मा, परवीन सिंह, जोगिंदर खारी, बाबू लाल प्रसाद सिंह के अलावा हजारों लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बुराड़ी विधानसभा: सत्ता में चूर विधायक संजीव झा को नहीं दिखी क्षेत्र की समस्या: संजीव मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: हम सरकार व** उसके नुमाइंदों को इसलिए चुनकर सत्ता की सीट तक पहुंचाते है कि जब हम क्षेत्र के लोगों के साथ व क्षेत्र में कोई समस्या हो तो वह नेता तुरंत ही समस्या का हल करें व जनता का साथ दें। लेकिन सत्ता की हनक चढ़ने के बाद वह नेता सिर्फ अपनी ही सोचने लगता है जिसके चलते क्षेत्र के लोग विभिन्न समस्याओं से त्रस्त हो जाते है। कुछ ऐसा ही हाल पिछले दस सालों से है बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र का। जहां पर लोगों को अन्य सुविधाएं मिलना तो दूर की बात



लोग मुलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे है। उक्त सभी बाते बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर में रहने वाले व गुडनेस डेस्टिनी संस्था के फाउंडर संजीव मिश्रा ने कही। संजीव मिश्रा ने बताया कि हमारे क्षेत्र में पिछले दस सालों से मुलभूत सुविधाओं का अकाल पड़ा हुआ है, जिसकी ओर कभी न तो क्षेत्रीय विधायक ने ध्यान दिया है और न ही निगम पार्षद ने इस ओर कभी ध्यान देने की जहमत भी उठाई हो। जिसके चलते लोगों को आए दिन विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

**समस्याओं का लगा है अंबार:** संजीव ने कहा कि वैसे तो बुराड़ी का इतिहास तो लगभग पांच हजार साल पुराना है बावजूद इसके उस इतिहास को जमीजोंद करने में आप विधायक संजीव झा व क्षेत्रीय पार्षदों ने खाक में मिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां पर सुविधाओं का टोटा पडा हुआ है। यहां पर न तो पीने का पानी आता है और कभी-कभी तो गंदा व बदबूदार पानी की सप्लाई हो जाती है। संजीव मिश्रा ने आगे कहा कि अब वक्त आ गया है दिल्ली और बुराड़ी में एक नया बदलाव लाने की कांग्रेस की सरकार पुनः बनाने की। मिश्रा ने कहा कि देश मोदी सरकार की तानाशाही से तंग आ चुका है तो वहीं फ्री का प्रलोभन देकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को पिछले दस सालों से बेवकूफ बना रखा है।

# आप सरकार गांव-देहात को चुनाव से पहले दें मालिकाना हक: थान सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली देहात व गांवों के मुद्दों पर पहली बार बात करने के लिए उनका धन्यवाद करते हुए, उनसे मांग की कि उनकी सरकार गांवों के हाउस टैक्स माफी और मालिकाना हक देने की घोषणा को चुनाव से पहले पूरा करे। पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि एमसीडी की पूर्व मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने आम आदमी पार्टी कार्यालय में कुछ ग्रामीणों के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में गांवों का हाउस टैक्स माफ करने की घोषणा की थी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री



अरविंद केजरीवाल ने भी 2022 के निगम चुनाव से पहले यह वादा किया था। लेकिन, आज तक यह वादा अधूरा है। थान सिंह यादव ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मांग की कि चुनाव की घोषणा होने से पहले निम्नलिखित कदम उठाए।

# स्वास्थ्य विभाग का दस्ता लगातार करे भ्रमण

**समीक्षा**

**मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में तेज ठंड का मौसम है। शीतलहर चल रही है। यह बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने वाल समय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। ऐसे में स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। । जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। महाकुम्भ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो अथवा कोई अन्य गंभीर बीमारी, सभी को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए। बीमार लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी सेक्टरों में सतत भ्रमण करे और लोगों का हालचाल ले, जरूरत हो तो उन्हें उचित चिकित्सकीय सहायता

## समरसता का विशेष ध्यान रखा गया

**महाकुंभ नगर**

**प्रयागराज** महाकुंभ के सेक्टर 18 में बने विश्व हिन्दू परिषद के शिविर महर्षि भरद्वाज आश्रम में सामाजिक समरसता का विशेष ध्यान रखा गया है। विहिप के शिविर में बने नगरों, मुख्य मार्गों व सभागारों का नाम सामाजिक समरसता के लिए काम करने वाले संतों व महापुरुषों के नाम पर रखे गये हैं।

**व्यवस्था की दृष्टि से भरद्वाज आश्रम को चार नगरों में बांटा गया हैः** आश्रम में महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर व गुरु गोविन्द सिंह के नाम से नगर बसाए गये हैं। इन नगरों में बनी कुटिया में देश विदेश से आये संतगण निवास करेंगे। विहिप का सम्पूर्ण परिसर समरसता के रंग में सराबोर है। पूरे परिसर में सामाजिक



समरसता का दिग्दर्शन होता है। आश्रम के अंदर बने मार्गों के नाम भी सामाजिक समरसता के क्षेत्र में काम करने वाले संतों व महापुरुषों के नाम से रखे गये हैं। विहिप के शिविर के अंदर छह प्रमुख मार्ग हैं। इन मार्गों के नाम तथागत बुद्ध, महावीर स्वामी, शंकरदेव, संत विश्वेश्वर, चैतन्य महाप्रभु के नाम पर रखे गये हैं। इसके अलावा विहिप के परिसर में एक बड़ा व तीन छोटे सभागार बनाये गये हैं।

# सम्भल में तैनात एक अधिकारी दबाव में कर रहा काम, भ्रष्टाचार का है बड़ा आरोप : अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सम्भल में एक अधिकारी पोस्टेड है, जो आगरा में पोस्टेड थे तो उन पर भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगा था। अधिकारी क्यों दबाव में है, ये भी कारण जान लीजिए। फिलहाल सम्भल मामले में कई लोग सुप्रीम कोर्ट में गये। फरदर सर्वे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सम्भल मामले में आखिर सरकार क्या छुपाना चाहती है, इसको पता कीजिए। इसी सरकार ने पहले डेलिगेशन को रोका और बाद में दूसरी बार जाने दिया। सम्भल के पूरे घटनाक्रम में प्रदेश सरकार सम्मिलित्व है, पूरी घटना को



अधिकारियों से कराया गया है। सम्भल में सर्वे की इतनी जल्दी क्या थी। अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली वाला हो, या लखनऊ वाला हो, उच्च भ्रष्टाचार है। उच्च स्तर पर बेरोजगारी है। नौजवान खाली घूम रहा है। निवेश आ नहीं आ रहा है। यह भी सुनने में आया है कि दिल्ली वाले इन्हें नहीं बुला रहे हैं, ये दिल्ली वालों को होर्डिंग से हटा दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार कह रही है, अस्सी करोड़ लोगों को राशन दे रहे हैं। दावा है कि हमने लोगों को गरीबी से बाहर निकाल दिया है। आखिर भाजपा सरकार का गरीबी का मानक क्या है। पल्लवी पटेल के भ्रष्टाचार उठाने के मामले में अखिलेश यादव ने कहा कि इस मामले में पहले पता कीजिए, दिल्ली से किसे कौन चला रहा है और लखनऊ से कौन किसे चला रहा हैं। दिल्ली से कौन और लखनऊ से कौन, तभी सभी को पूरा मामला समझ में आ जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वी और लायन्सगेट ने वी मुवीज एण्ड टीवी पर प्रीमियम कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए की साझेदारी

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने प्रीमियम स्ट्रीमिंग सर्विस लायन्सगेट प्ले के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जिसके साथ उपभोक्ता टॉप-टियर कंटेंट की एक्सक्लुजिव लाइब्रेरी का लाभ उठा सकेंगे। एक्शन ब्लॉकबस्टर्स, आईकोनिक फ्रैंचाइज, प्रतिष्ठित फिल्मों और सीरीज, ग्लोबल अवॉर्ड्स, एक्सक्लुजिव प्रीमियर तथा डब्ड कंटेंट की व्यापक रेंज के साथ लायन्सगेट एंटरटेनमेन्ट का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। इस साझेदारी के साथ वी का ओटीटी पोर्टफोलियो और भी विस्तारित हो गया है जो उपभोक्ताओं को किफायती दाम पर हॉलीवुड फिल्मों, ओरिजिनल सीरीज, इंटरनेशन टाइटल्स की प्रीमियम लाइब्रेरी का अनूठा अनुभव प्रदान करेगा। उपभोक्ताओं की मनोरंजन संबंधी विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए वी मुवीज एण्ड टीवी को डिजाइन किया गया है, जहां उपभोक्ता सिंगल ऐप और सिंगल सब्सक्रिप्शन के जरिए टॉप ओटीटी का आनंद उठा सकते हैं। वे कंटेंट की व्यापक रेंज का लुत्फ उठा सकते हैं, जिसमें स्पोर्ट्स के लिए डिजनी प्लस हॉटस्टार, सोनी लिव, जी 5, फैनकोड और रीजनल कंटेंट के लिए सन नेक्स्ट, मनोरमा मैक्स, नम्माफ्लिक्स, क्लिक, चौपाल, और अब लायन्सगेट प्ले के साथ सर्वश्रेष्ठ हॉलीवुड शामिल हैं। ये 30 से अधिक लाईव न्यूज चैनलों सहित 300 से अधिक लाईव टीवी चैनल भी पेश करता है। उपभोक्ता वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप के जरिए स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी और लैपटॉप या टैबलेट पर इन सभी कंटेंट का आनंद उठा सकते हैं। लायन्सगेट प्ले के साथ यह साझेदारी इनोवेशन एवं सर्वश्रेष्ठ एंटरटेनमेन्ट उपलब्ध कराने की वी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। अपनी पेशकश में लायन्सगेट प्ले जैसे जाने-माने प्लेटफॉर्म्स को शामिल कर वी भारतीय दर्शकों की बदलती पसंद के अनुसार बेहतरीन कंटेंट लेकर आता है।




### प्रयागराज महाकुंभ का स्थान वक़्फ बोर्ड का दावा कोरी बकवास : एसएम यासीन

**वाराणसी**

**प्रयागराज** महाकुंभ के मेले वाली जगह को वक्फ बोर्ड की जमीन बताने पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के संयुक्त सचिव एसएम यासीन ने मंगलवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दावे को कोरी बकवास बताया। संयुक्त सचिव एसएम यासीन ने बयान जारी कर कहा कि प्रयागराज में जहां हजारों सालों से कुंभ, महाकुंभ होता आ रहा है, उस क्षेत्र को वक्फ की जमीन कहना कोरी बकवास के सिवा कुछ भी नहीं है। सस्ती शोहरत पाने के सिवाए कुछ भी नहीं है। आज ही हमने चेयरमैन वक्फ बोर्ड से इसकी हक ीकत जाना, उनके अनुसार मेरे कार्यालय को ऐसी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने भी इसे सस्ती शोहरत का माध्यम माना। संयुक्त सचिव अंजुमन मसाजिद ने मुस्लिम भाइयों से अपील है कि ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। अनावश्यक बयानबाजी समाज के लिए बड़ी घातक होगी। उल्लेखनीय है कि आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने महाकुंभ के मेले वाली जगह को वक्फ बोर्ड की जमीन बताया है। मौलाना ने प्रयागराज के मुसलमानों की तारीफ करते हुए कहा कि वह बहुत ही बड़े दिलवाले हैं। लेकिन अखाड़ा परिषद उनके प्रवेश पर पाबंदी लगा रहे हैं।

### लुटेरों ने शराब की दुकान से लूटी शराब और नकदी

**आजमगढ़**

**रौनापार** थाना क्षेत्र के केवटिया गांव में स्थित देशी शराब की दुकान में मंगलवार की तड़के बाइक सवार तीन से चार लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। यहां से लुटेरे शराब और नकदी लूट ले गये। विरोध पर सेल्समैन को मारपीट के घायल कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। रौनापार थाना क्षेत्र के केवटिया गांव में स्थित देशी शराब की दुकान है। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे सूचना मिली कि कुछ बदमाश शराब की दुकान पर आए और तीन पेटी शराब व गुल्लक में रखे 45 हजार रुपये लूट लिए। वहां मौजूद सेल्समैन ने उनका विरोध किया तो उसे भी मारपीटा। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लूट की सूचना मिलते ही रौनापार थाना प्रभारी व सीओ सगड़ी भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए।

पुलिस अधीक्षक देहात चिराग जैन ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## उप्र में कई आईएएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊः उत्तर प्रदेश** में मंगलवार को कई आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। इनमें तीन ऐसे आईएएस हैं, जो अवमुक्त किए गये हैं। उनमें प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग आलोक कुमार द्वितीय, प्रमुख सचिव स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग लीना जौहरी, महानिरीक्षक निंबधन डॉ. रूपेश कुमार को उनके मौजूदा प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है। वहीं, अमित गुप्ता को प्रमुख सचिव, स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग तथा महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश बनाया है। मनीष चौहान को प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग, डॉ. मुथु कुमार स्वामी को सचिव, वित्त विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# ट्रेन से चोरी हुई पीएसओ की सरकारी पिस्टल, मैगजीन बरामद

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** मध्य प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री के पीएसओ की चोरी हुई पिस्टल को थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन पुलिस टीम ने बरामद किया है। 30 दिसंबर 2024 को मंत्री लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश सरकार के पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर ओमकार सिंह ट्रेन नंबर 12192 श्रीधाम एक्सप्रेस के कोच ए-2 सीट नंबर 21 पर भोपाल से नई दिल्ली की यात्रा कर रहे थे। जब ट्रेन 31 दिसम्बर 2024 समय करीब 10 बजे रेलवे स्टेशन मथुरा जंक्शन के आस पास थी उसी समय पीएसओ ओमकार सिंह अपना पिठ्ठू बैग सीट के नीचे छोड़कर वॉसरूम गये, वापस आने के बाद देखा कि पिठ्ठू



बैग जिसमें रखी एक सरकारी पिस्टल नौ एमएम एक मैगजीन जिसमें 10 कारतूस 9 एमएम, एक जोडी सफारी शूट व एक जोडी कोट पैन्ट व एक लैदर चाबी का गुच्छा था सीट के नीचे नहीं मिला। पीएसओ ओमकार सिंह द्वारा 31 दिसम्बर 2024 को थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर दी गयी। जिसके आधार पर धारा 305(सी) बीएनएस 2023 अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन को दी गई।

प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन यादराम सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एवं संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु की चेकिंग एवं भारी भरसक प्रयास तथा सूझबूझ के फलस्वरूप सरकारी पिस्टल व अन्य सामान चोरी करने वाले अभियुक्ता माइकल राज पुत्र स्व. सैमसन निवासी तिरची हनुमान मन्दिर के पास थाना विलियम पुरम जिला चेन्नई हाल पता हरि जाटव का किराये का मकान जयसिंहपुरा पुष्पविहार कालोनी थाना गोविन्दनगर मथुरा जिला मथुरा को रेलवे स्टेशन मथुरा जंक्शन के गेट नम्बर एक पर पीपल के पेड़ के नीचे से पांच जनवरी को गिरफ्तार किया गया। माइकल के कब्जे से एक पिठ्ठू बैग में रखी एक सरकारी पिस्टल 9 एमएम, एक मैगजीन जिसमें 10 कारतूस 9 एमएम, एक जोडी सफारी शूट व एक जोडी कोट पैन्ट आदि बरामद किये हैं।

## बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**लखनऊः विकासनगर** थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया है। मंगलवार को मृतक के परिवार की ओर से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। मड़ियाव थाना के सेक्टर क्यू निवासी रजत तिवारी ने बताया कि उनका भाई राहुल तिवारी (30) सोमवार की रात को मुंशी पुलिया की तरफ से इंजीनियरिंग कालेज की ओर जा रहे थे। फ्लाईओवर के ऊपर बोलेरो वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया।

# जमीनी विवाद में भाइयों में चली गोली, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुरः** जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार को भाइयों के मध्य जमकर गोलियां चलने से एक पक्ष के एक व्यक्ति की मौत हो गयी। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। गंभीर हालत में पिता पुत्र को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पाकर पंहुचे सीओ सदर व थानाध्यक्ष ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। जानकारी के मुताबिक टिंकू उर्फ राहुल पालीवाल का उसके सगे भाई आलोक पालीवाल से जमीनी



विवाद चल रहा है। टिंकू पालीवाल के निजी नलकूप में फूल सिंह प्रजापति निवासी नरजिता थाना जसपुरा जनपद बांदा रहता था। टिंकू ने सीओ सदर राजेश कमल को बताया कि मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे वह जब अपने पुत्र आयुष पालीवाल(18) व नौकर फूल सिंह के साथ खेत में फसल देखने जा रहा था। तभी घात लगाकर सगे भाई आलोक पालीवाल, संजय पालीवाल, अजय पालीवाल, पियूष पालीवाल, पुनीत पालीवाल व इस्लाम खान सहित आठ दस लोगों ने हमला बोलकर जमकर फायरिंग करनी शुरू कर दी।

## जमीन के विवाद में भाई ने की बड़े भाई की फावड़े से हत्या

**बाराबंकीः जिले** के सफदरगंज थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद में सगे भाई ने ही अपने बड़े भाई की फावड़े से पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छोटे भाई परशुराम ने अपने बड़े भाई पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों भाई अक्सर जमीन के विवाद को लेकर लड़ते थे।

# यमुना पुल पर अब भारी वाहनों की नो एंट्री

## 80 टन वजन वाले वाहनों पर एफआईआर दर्ज कराने की हरी झंडी



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुरः दशकों पुराने** यमुना पुल पर अब भारी वाहनों के निकलने पर रोक लगाए जाने की तैयारी प्रशासन ने शुरू कर दी है। इसके लिए यमुना पुल में एंट्री करने से पहले बैरियर लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं अस्सी टन की क्षमता वाले वाहनों के पुल पर दिखने पर उन पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। हैवी वाहनों की नो एंट्री को लेकर वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया है। हमीरपुर में करीब पांच दशक पहले कांग्रेस की सरकार में यमुना पुल का निर्माण कराया गया था। इसे इन्दिरा सेतु भी कहा जाता है। यमुना पुल के साथ ही बेतवा नदी में भी एक पुल का निर्माण हुआ था। शुरू में इस पुल से बीस से पैंतीस टन की क्षमता के ही वाहनों की आवाजाही होती थी। पुल के दोनों किनारे सोडियम की लाइटें भी लगाई गईं थीं। सोडियम लाइटों से पूरे पुल में उजाला रहता था। लेकिन तत्कालीन डीएम पीके झा के कार्यकाल में दोनों पुलों से लाइटें और बिजली के पोल नगर पालिका ने हटवा दिए थे। दशकों से दोनों पुलों पर रात में अंधेरा पसरा रहता है। पिछले दो दशकों में इस पुल से हजारों की संख्या में भारी वाहन फरार्टा भरते आ हैं। मौजूदा में चौदह टायरा से लेकर अठारह टायरा से अधिक भार के वाहनों के निकलने से यमुना पुल कई बार छलनी हो चुका है। भारी वाहनों की आवाजाही से यमुना पुल कई बार क्षतिग्रस्त हुआ था। पुल की स्लैब धंसने से महीनों तक इसे बंद कर दिया गया था। अब मौजूदा समय में इस पुल पर भारी वाहनों के नो एंट्री का फैसला किया गया है।

# रमेश बिधूड़ी की टिप्पणी से कांग्रेसी आग बबूला

## होलीगेट पर जुटे कांग्रेसियों ने किया जोरदार प्रदर्शन, पुतला फूंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः भाजपा** नेता रमेश बिधूड़ी की सांसद प्रियंका गांधी को लेकर की गई कथित टिप्पणी से कांग्रेसी आग बबूला हैं। मंगलवार को मथुरा में कांग्रेसी कार्यकर्ता होली गेट पर एकत्रित हुए और जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन किया। एक शिकायती पत्र भी कांग्रेसियों ने कोतवाली में दिया है। महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। विक्रम वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा कांग्रेस पार्टी की सांसद प्रियंका



गांधी के प्रति अशोभनीय अभद्र टिप्पणी की गई है। भाजपा में महिलाओं से अशोभनीय अभद्र व्यवहार करने वाले लोगों की जमात बन चुकी है। पार्टी महिलाओं से दुर्व्यवहार करने वाले लोगों को संरक्षण देती है। उन्हें भाजपा टिकट प्रदान करती है। इंडिया गठबंधन मथुरा लोकसभा कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी मुकेश धनगर ने कहा कि भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी की टिप्पणी आपत्तिजनक बयान है। इसकी हम सभी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। कोतवाली में मथुरा कोतवाल महोदय को एक प्रार्थना पत्र रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने के लिए दिया गया। इस दौरान उमाशंकर शर्मा, जिलानी कादरी, राकेश दिवाकर, मनोज गौड़, अबरार कुरैशी, विपुल पाठक, मानवेंद्र पांडव, आशीष अग्रवाल, गौरव सिंह, प्रदीप सागर, राजू फारुकी, डॉ सीएल शर्मा, महेश चौबे, गोपाल बंसल, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# व्यक्ति ने कलेक्ट्रेट पर किया आत्मदाह का प्रयास

## पारिवारिक विवाद में न्याय की कर रहा मांग, प्रशासन ने कहा पिता से कर रहे बात

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। मंगलवार** को डीएम ऑफिस पर एक फरियादी ने आत्मदाह का प्रयास किया। फरियादी पिता द्वारा संपत्ति न देने से नाराज था। फरियादी ने प्रशासनिक अधिकारियों से न्याय दिलाने की मांग की। इस मामले में जिलाधिकारी ने कहा पिता को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को मांट थाना क्षेत्र के नसीटी गांव का रहने वाला देवेंद्र भारद्वाज डीएम ऑफिस पहुंचा। जहां उसने कलेक्ट्रेट स्थित डीएम ऑफिस के बाहर अपने ऊपर पैट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास



किया। देवेंद्र के पैट्रोल डालते देख, वहां मौजूद पुलिस कर्मी उसको पकड़ने के लिए दौड़ पड़े और आत्मदाह करने से पहले ही उसे पकड़ लिया। पिता द्वारा संपत्ति न देने पर नाराज था। देवेंद्र की गांव में पैतृक संपति है। चार भाइयों में से एक देवेंद्र उस संपत्ति में से हिस्सा चाहता है लेकिन देवेंद्र के पिता ने तीन भाइयों को संपत्ति दे दी है।

> देवेंद्र पहले भी शिकायत कर चुका है। उसके पिता से भी बात की गई लेकिन कुछ पारिवारिक कारणों की वजह से पिता उसे संपत्ति नहीं देना चाहता। किंतु एक बार फिर पिता से बात की जाएगी उनको समझाने का प्रयास किया जाएगा।
>
> **शैलेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

जबकि देवेंद्र को संपत्ति नहीं दी। पिता द्वारा संपत्ति न देने से आहत हुए देवेंद्र ने इसकी शिकायत एसडीए मांट से की। लेकिन समस्या का निस्तारण न होने से वह डीएम ऑफिस पहुंच गया।

देवेंद्र डीएम ऑफिस पहुंचा और वहां घूमता रहा। इसके कुछ देर बाद उसने अपने साथ लाए बैग में से पैट्रोल की बोतल निकाली और अपने ऊपर डालना शुरू कर दिया। देवेंद्र के द्वारा पैट्रोल डालते देख वहां मौजूद पुलिस कर्मी उसे पकड़ने दौड़ पड़े।

देवेंद्र आत्मदाह करता उससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया। देवेंद्र की शिकायत पर डीएम शैलेंद्र सिंह ने उसको आश्वासन दिया है।

# नगर निगम अधिकारियों ने की जनसुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः मंगलवार** को नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा जनरलगंज स्थित नगर निगम सभागार में एवं वृंदावन में अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक द्वारा प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायतकताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 15 शिकायत प्राप्त हुईं, जिसमें आठ शिकायतों का निस्तारण टीम को



भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित सात शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त रामजी लाल, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, महाप्रबंधक जल मो. अनवर ख्वाजा, गोपाल गर्ग, मोहम्मद रिजवान अहमद अधिशासी अभियंता सिविल, नरेंद्र यादव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवं आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में हुई विभिन्न बैठकों में 'आप' प्रत्याशी मुकेश गोयल का हुआ भव्य अभिनन्दन

● बोले मुकेश गोयल, वादे का हूँ पक्का, हमेशा जो कहा वो करके दिखाया ● लॉर्ड कृष्णा रोड पर सुनीं जनसमस्याएं

















**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। दिल्ली में चुनाव एक ही चरण में होगा, जिसके तहत 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। इसी बीच सभी पार्टियों ने विभिन्न सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने आदर्श नगर विधानसभा सीट पर मुकेश गोयल को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है। मुकेश गोयल भी पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। श्री गोयल दिन-रात क्षेत्र की जनता से मिलकर उनकी समस्याओं को सुन रहें हैं। वहीं आम आदमी पार्टी की नीतियों और चुनावी वादों से लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

**आदर्श नगर रामलीला कमिटी ने किया मुकेश गोयल का भव्य अभिनंदन:** आम आदमी पार्टी से मुकेश गोयल को टिकट मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। मुकेश गोयल की गिनती दिल्ली के दिग्गज नेताओं में की जाती है। दिल्ली नगर निगम में विभिन्न पदों और जिम्मेदारियों को वो सुशोभित कर चुके हैं। क्षेत्र की जनता मुकेश गोयल की कार्यशैली से पूरी तरह वाकिफ है, यही कारण है कि मुकेश गोयल को 'आप' से टिकट मिलने के बाद क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मुकेश गोयल जहां भी जाते हैं उनका फूलों और मालाओं से अभिनंदन होता है। इसी कड़ी में आदर्श नगर रामलीला कमिटी ने एक विशेष बैठक का आयोजन किया। इसमें कमेटी से जुड़े सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर मुकेश गोयल का स्वागत किया।

**क्षेत्रवासियों की सुनीं समस्याएं:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के लॉर्ड कृष्णा रोड पर क्षेत्रवासियों की स्थानीय समस्याओं और उनके समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुकेश गोयल ने लोगों से क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने को लेकर भी चर्चा की।

**बड़े बड़े वादे नहीं, हमेशा रहे हैं सच्चे इरादे:** बैठक में मुकेश गोयल ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

मुकेश गोयल ने बैठक के दौरान वादा किया कि आम आदमी पार्टी जो भी वादे करती है, उनको पूरा भी करती है।

आप हमारा पिछले 12 सालों का रिकॉर्ड उठाकर देख सकते हैं, वादे पूरे करने में आम आदमी पार्टी का रिकॉर्ड 100 प्रतिशत रहा है। मुकेश गोयल ने कहा कि मैं आज बैठक में आप सभी की समस्याओं से वाकिफ हुआ हूं और आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान करूंगा और नेता नहीं बेटा बनकर काम करूंगा।

## महाकुम्भ के लिए तैनात 70 से अधिक जिलों की फोर्स

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर :** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 70 से अधिक जिलों की फोर्स तैनात कर दी गई है। इसके तहत 15 हजार सिविल पुलिस के जवान महाकुम्भनगर के चप्पे चप्पे पर नजर रखेंगे। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 400 महिला सुरक्षा कर्मी भी तैनात की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस लाइन में इन जवानों के रुकने और खाने पीने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पुलिस लाइन में ही शस्त्रागार के साथ भंडार गृह और गणना कार्यालय भी तैयार कर लिया गया है।



**8-8 घंटे की लगाई गई शिफ्ट**

महाकुम्भ मेला के लिए विभिन्न जिलों से आए सुरक्षा कर्मियों के स्वास्थ्य का विशेष इंतजाम किया गया है। पुलिस लाइन की सेंट्रल कैंटीन में सुरक्षा कर्मियों की हाइजीन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जहां पर चाय कॉफी से लेकर स्वच्छ भोजन तक की पूरी व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक, महाकुम्भनगर विलास यादव ने बताया कि यहां पर आठ आठ घंटे की शिफ्ट में जवान काम कर रहे हैं। इस तरह से इनकी अलग अलग तीन तीन शिफ्ट लगाई जा रही हैं।

**एप के जरिए सेकेंडों में आ जाता है सुरक्षा कर्मी का पूरा ब्यौरा**

**सुरक्षा**

▸▸ सभी जिलों से आने वाले जवानों को 3 पुलिस लाइन में दी जा रही रुकने और खाने पीने की सुविधा

## महाकुम्भ में देवलोक की अनुभूति कराएंगे 30 पौराणिक तोरण द्वार

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर :** पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तीर्थों के राजा तीर्थराज प्रयागराज तैयार हैं। महाकुम्भनगर में प्रवेश करते ही समुद्र मंथन के 14 रत्न सभी श्रद्धालुओं का वंदन करेंगे। जैसे ही आगे बढ़ेंगे शिव शम्भु का विशाल डमरू दिखेगा। इसके साथ ही कच्छप, समुद्र मंथन और नंदी द्वार भी श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। महाकुम्भनगर में 30 पौराणिक तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं, जो श्रद्धालुओं को देवलोक की अनुभूति कराएंगे।



**प्रदेश के कई हिस्सों से आए कारीगरों ने निभाई भूमिका**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को पहले के सभी कुम्भों से अधिक दिव्य और भव्य बनाना चाहते हैं। देश दुनिया से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

**वंदन**

▸▸ महाकुम्भनगर में प्रवेश करते ही समुद्र मंथन के 14 रत्न सभी श्रद्धालुओं का वंदन करेंगे

## यूसीसी पोर्टल पंजीकरण को लेकर मास्टर ट्रेनर नौ से देंगे प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर:** समान नागरिक संहिता पोर्टल पंजीकरण को लेकर मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से चमोली जिले के सभी विकासखंड में नौ और दस जनवरी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू की जा रही है। इस संबंध में प्रशासनिक इकाइयों को यूसीसी पोर्टल पर मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किए जाने संबंधी प्रशिक्षण जनपद के सभी विकासखण्डों में दिया जाएगा।

**सिंहस्थ-2028** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस क्षेत्र में हुए नवाचारों की बेस्ट प्रैक्टिसेस का सिंहस्थ में होगा क्रियान्वयन

## कार्यों की प्रगति की प्रत्येक 15 दिन में हो समीक्षा: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में उज्जैन और इंदौर संभाग गतिविधियों के मुख्य केंद्र रहेंगे। इन संभागों में 2 ज्योतिर्लिंग होने से श्रद्धालुओं का आवागमन तथा धार्मिक गतिविधियां तुलनात्मक रूप से अधिक होंगी। इंदौर-उज्जैन संभाग में जारी विभिन्न विभागों के कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों, यह मॉनिटरिंग प्रत्येक 15 दिन में सुनिश्चित करें। सक्षम स्तर के अधिकारी बैठक कर, कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। ऐसे विषय जिन में उच्च स्तर से समन्वय या मार्गदर्शन आवश्यक है, वे विषय राज्य शासन के संज्ञान में लाए जाएं। निर्माण एजेंसियों को सौंपे गए कार्यों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर विलंब के कारणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में हुई सिंहस्थ-2028 की मंत्रि-मंडलीय समिति की द्वितीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।



**उज्जैन तथा इंदौर जिलों में नवीन बस अड्डों के विकास के लिए दिए गए निर्देश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधोसंरचना से संबंधित जिन कार्यों के निर्माण में अधिक समय लगना है, उन सब की मंत्रि-मंडलीय समिति से स्वीकृति प्राप्त करने और निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने का कार्य मार्च-2025 तक कर लिया जाए। जल प्रदाय, सीवरेज के कार्य तत्काल आरंभ किए जाएं।

इसके साथ ही उज्जैन तथा इंदौर जिलों में बस अड्डों की क्षमता वृद्धि या नवीन बस अड्डों के विकास की कार्य योजना भी मार्च-2025 तक तैयार की जाए। सिंहस्थ-2028 के लिए समस्त विभागों के अधोसंरचनात्मक कार्यों की कार्य-योजना को सितंबर-2025 तक अंतिम रूप दिया जाए।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925